e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 12, अंक 62
मंगलवार
04.03.2025
RNI No. - JHAHIN/2022/81895
prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 | मूल्य ~~4~~ आमंत्रित मूल्य 3 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**
जिंदगी आसान नहीं होती, इसे आसान बनानी पड़ती है, कुछ अंदाज से, कुछ नजर अंदाज से!

ताजा खबरों के लिए देखें

## झारखंड विधानसभा में वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए पारित हुआ एक लाख 45 हजार चार सौ करोड़ रूपये का बजट

# आधी आबादी की बल्ले-बल्ले

**प्रभात मंत्र संवाददाता**


रांची : झारखंड विधानसभा में सोमवार को वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 1,45,400 करोड़ रुपये का बजट पारित किया गया। इसे राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने सदन में पेश किया। बजट प्रस्तुत करते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि झारखंड की अर्थव्यवस्था लगातार मजबूत हो रही है। उन्होंने बताया कि राज्य की आर्थिक विकास दर 2019-20 में 1.1 प्रतिशत थी, जो 2022-23 में 7.8 प्रतिशत और 2023-24 में 7.5 प्रतिशत रही। वर्ष 2025-26 में भी यह 7.5 प्रतिशत रहने का अनुमान है।वित्त मंत्री ने कहा कि गठबंधन की सरकार ने राजकोषीय घाटा को नियंत्रित करने और कम से कम स्तर तक रखने को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। बेहतर वित्तीय प्रबंधन से वर्ष 2022-23 में राजकोषीय घाटा को 1.1 प्रतिशत रखने में सफलता मिली है। इससे राज्य का डेट जीडीपी रेशियो में सुधार हुआ है। वित्तीय वर्ष 2021-22 में यह 30.2 प्रतिशत था, 2022-23 में 28.4 प्रतिशत तथा 2023-24 में 27.7 प्रतिशत रहने का अनुमान है।

### वित्तीय वर्ष 2025-26 में आर्थिक विकास दर 7.5 प्रतिशत रहने का अनुमान

### टूरिस्ट सर्किट बनाने पर जोर

### मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2025-26 में 13363 करोड़ 35 लाख रुपए का बजटीय उपबंध

### बेहतर ऋण प्रबंधन पर सरकार का जोर



### झारखंड बजट : एक नजर

- ऊर्जा विभाग के लिए 9894 करोड़ 35 लाख 53 हजार का बजट उपबंध.
- उद्योग विभाग की योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए 450 करोड़ का उपबंध.
- उद्योगों के विकास और विस्तार खासकर मध्यम, लघु और सूक्ष्म उद्योगों को प्रधानता देते हुए उद्योग विभाग के लिए 486 करोड़ 31 लाख 61 हजार का उपबंध.
- मुख्यमंत्री उज्जवल झारखंड योजना के तहत 500 करोड़ के बजट का प्रस्ताव.
- 200 यूनिट प्रतिमाह मुफ्त बिजली के लिए 5005 करोड़ 9 लाख रुपए का प्रस्ताव.
- ग्रामीण कार्य विभाग के लिए 4576 करोड़ 30 लाख 73000 का बजट प्रस्ताव.
- पथ निर्माण विभाग के लिए 5900 करोड़ 89 लाख 28 हजार रुपए का बजट.
- वन विभाग के लिए 1381 करोड़ 99 लाख 30 हजार रुपए का बजट.
- श्रम, नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग के लिए 1085 करोड़ 74 लाख 46 हजार के बजट का प्रस्ताव. अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के लिए 3384 करोड़ 45 लाख 97 हजार रुपए का बजट.
- धोती साड़ी लूंगी वितरण योजना के तहत 600 करोड़ रुपए का बजटीय उपबंध. खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग के लिए 2663 करोड़ 49 लाख 22 हजार रुपए के बजट का प्रस्ताव.
- दाल और नमक वितरण के लिए 720 करोड़ का बजटीय उपबंध.
- स्वास्थ्य सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए 7470 करोड़ 50 लाख 86 हजार रुपए के बजट का प्रावधान. पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के लिए 4710 करोड़ 2 लाख 56 हजार रुपए के बजट का प्रावधान.
- प्रारंभिक एवं माध्यमिक शिक्षा के लिए 15198 करोड़ 35 लाख 30 हजार रुपए, जबकि उच्च एवं तकनीकी शिक्षा के लिए 2409 करोड़ 20 लाख 96 हजार रुपए का प्रावधान
- महिलाओं, बच्चों और सामाजिक सुरक्षा के लिए वर्ष 2025-26 में 22 हजार 23 करोड़ 33 लाख 85 हजार रुपए का बजट.
- मुख्यमंत्री सर्वजन पेंशन योजना के लिए 3,850.66 करोड़ का बजटीय उपबंध. इससे करीब 34 लाख लाभार्थी अच्छादित होंगे. 2500 आंगनबाड़ी केंद्र भवनों के निर्माण का लक्ष्य.
- मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2025-26 में 13363 करोड़ 35 लाख रुपए का बजटीय उपबंध.
- पंचायती राज व्यवस्था के लिए 2144 करोड़ 78 लाख 14 हजार रुपए के बजट का प्रस्ताव.
- वित्तीय वर्ष 2025-26 में 15वें वित्त आयोग द्वारा अनुदान मद में 1322 करोड़ राशि प्राप्त होने की संभावना.
- सिंचाई सुविधाओं और सिंचाई क्षमता के विस्तार के लिए 2257 करोड़ 45 लाख 55 हजार का बजट.
- जल संसाधन के लिए 779 करोड़ 20 लाख की योजना का प्रस्ताव.
- ग्रामीण विकास के लिए 9841 करोड़ 41 लाख 61 हजार का बजट.
- वित्तीय वर्ष 2025-26 में मनरेगा के तहत 12 करोड़ मानव दिवस रोजगार सृजित करने का लक्ष्य.
- 118 गोदाम के निर्माण का कार्य प्रस्तावित है जिस पर 259 करोड़ 52 लाख का बजटीय उपबंध. कृषि एवं संबद्ध क्षेत्र के लिए 4587 करोड़ 66 लाख 24 हजार रुपए का बजट प्रस्तावित.
- बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के लिए 350 करोड़ का बजटीय उपबंध.
- 2025 26 में झारखंड राज्य मिलेट मिशन के तहत 1 लाख किसानों को अनुदान देने का प्रस्ताव. जिस पर 24 करोड़ 50 लाख रुपए बजट प्रस्तावित.
- वित्तीय वर्ष 2025-26 में दुग्ध उत्पादन का लक्ष्य 38 लाख 1000 मीट्रिक टन प्रस्तावित.
- 2025-26 में जल निधि उप योजना के तहत 203 करोड़ 40 लाख रुपए के बजट का प्रस्ताव.
- कृषि यंत्रों के प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए 8400 लाभुकों के लिए 140 करोड़ के बजट का प्रस्ताव.
- वित्तीय वर्ष 2024-25 और 2025-26 में क्रमशः 27.5 व और 27.3 प्रतिशत राजकोषीय घाटा रहने का अनुमान.
- 61 हजार 56 करोड़ 12 लाख के राजस्व आय का अनुमान.
- बजट में सामान्य क्षेत्र के लिए 37,884 करोड़ 36 लाख, सामाजिक क्षेत्र के लिए 62,840 करोड़ 45 लाख और आर्थिक क्षेत्र के लिए 44, 675 करोड़ 19 लाख का उपबंध.

### 61,056.12 करोड़ राजस्व रहने का अनुमान

वित्त मंत्री ने कहा कि झारखंड ने राजस्व आय (कर और गैर कर राजस्व) में उत्तरोत्तर वृद्धि हासिल की है। वर्ष 2019-20 में राज्य के स्रोत से कुल राजस्व आय 25,521 करोड़ रुपया था, जो वित्तीय वर्ष 2023-24 में 41,429.88 करोड़ रुपया हो गया और 2025-26 में 61,056.12 करोड़ रुपए रहने का अनुमान है। मौके पर सीएम हेमंत सोरेन सहित अन्य मंत्री, सत्तारूढ दलों के (झामुमो-कांग्रेस-राजद) विधायक और विपक्षी (एनडीए) विधायक भी उपस्थित थे। वित्त मंत्री ने कहा कि राज्य के विकास कार्यों को वर्तमान सरकार स्थापना व्यय की तुलना में अधिक प्राथमिकता दे रही है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में पूंजीगत परिव्यय के पुनरीक्षित बजट पर 9.06 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 25 हजार 720 करोड़ 41 लाख रुपए पूंजीगत परिव्यय का आंकलन किया गया है। सरकार की ओर से राज्य के आर्थिक स्वास्थ्य को बेहतर करने और भविष्य की पीढ़ी को आर्थिक बोझ की विरासत से बचाने के लिए बेहतर ऋण प्रबंधन किया गया है।

### बजट में महिलाओं, पेंशन और कृषि को प्राथमिकता


रांची : झारखंड सरकार ने मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के लिए 13,363.35 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है। इस महत्वाकांक्षी योजना के तहत 18 से 50 वर्ष की महिलाओं को प्रति माह 2500 रुपये दिए जा रहे हैं। वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने राज्य की बालिकाओं और किशोरियों में उच्च शिक्षा को बढ़ावा देने, बाल विवाह पर रोक और कन्या भ्रूण हत्या की रोकथाम के लिए चल रही सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के लिए 310 करोड़ रुपये का प्रावधान बजट में किया है। वहीं वृद्धावस्था पेंशन और विधवा पेंशन तथा दिव्यांग पेंशन के लिए एक हजार 449 करोड़ 26 लाख रुपये की व्यवस्था बजट में की है। इस पैसे से राज्य के 12 लाख लाभुक लाभान्वित होंगे।राज्य के पंचायत सचिवालय के सुदृढ़ीकरण, मरम्मती और जीर्णोद्धार पर 280 करोड़ रुपये खर्च किये जायेंगे। वित्त मंत्री ने बताया कि इस वित्तीय वर्ष में 15 वें वित्त आयोग से अनुदान के रुप में एक हजार 322 करोड़ मिलने की संभावना है। इसमें 30 प्रतिशत राशि जलापूर्ति पर, 30 प्रतिशत स्वच्छता पर तथा 40 प्रतिशत स्थानीय जरूरतों पर खर्च होंगे।बजट में समाजिक क्षेत्र के लिए 62 हजार 840 करोड़ 45 लाखबजट में राज्य के समाजिक क्षेत्र के लिए 62 हजार 840 करोड़ 45 लाख रुपये का प्रावधान किया गया है, जबकि सामान्य क्षेत्र के लिए 37 हजार 884 करोड़ 36 लाख रुपये तथा आर्थिक क्षेत्र के लिए 44 हजार 675 करोड़ 19 लाख रुपये का प्रावधान किया गया है। वित्त मंत्री ने राधाकृष्ण किशोर ने बताया कि बजट में कर से 35 हजार 200 करोड़ और गैर कर राजस्व से 25 हजार 856 करोड़ 12 लाख रुपये, केंद्रीय सहायता से 17 हजार 57 करोड़ 10 लाख, केंद्रीय करों में राज्य की हिस्सेदारी से 47 हजार 40 करोड़ 22 लाख, कर्ज से 20 हजार करोड़, उधार तथा एडवांस से 246 करोड़ 56 लाख रुपये जुटाये जायेंगे।उन्होंने बताया कि वित्त वर्ष 2025-26 में राज्यकोषीय घाटा 11 हजार 253 करोड़ 44 लाख रुपये रहने का अनुमान है, जो जीएसडीपी का 2.02 प्रतिशत रहने की संभावना है।उन्होंने बताया कि मौजूद कीमतों पर राज्य का जीएसडीपी 2023-24 में चार लाख 61 हजार 10 करोड़ रुपये था। जबकि सरकार का प्रयास होगा कि वर्ष 2029-30 तक उसे 10 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचाया जा सके। वित्त मंत्री ने कहा कि राज्य का अबतक लक्षित विकास दर 14.2 प्रतिशत से कुछ कम रहा है। राज्य की वर्तमान कीमतों पर 2011-12 से लेकर 2022-23 के बीच जीएसडीपी 9.1 प्रतिशत की अवसत दर से बढ़ा है

### सिंकिंग फंड में 2282 करोड़ का निवेश

वित्त मंत्री ने कहा कि आधारभूत संरचना के विकास के लिए ऋण लेना सरकार की बाध्यता है और ऐसा करना पड़ता है। पूर्व में लिए गए ऋणों के भुगतान में भविष्य में संभावित किसी विपरीत आर्थिक स्थिति का सामना करने के लिए वित्तीय वर्ष 2020-21 से वर्तमान सरकार द्वारा सिंकिंग फंड में लगातार निवेश किया जा रहा है। इस उद्देश्य से अबतक इसमें लगभग 2282 करोड़ रुपये का निवेश किया गया है। इसका उपयोग केवल ऋण भुगतान के लिए ही किया जायेगा। इससे स्वस्थ आर्थिक हित के साथ साथ राज्य की साख भी बढ़ी है। इस वर्ष इसमें 638 करोड़ 13 लाख रुपए का पुनः निवेश करने का प्रस्ताव है। पुरानी पेंशन योजना का वित्तीय भार कम करने के दृष्टिकोण से पेंशन कोष का गठन किया गया है। इसके लिए वर्ष 2023-24 में 700 करोड़ रुपए एवं 2024-25 में 780 करोड़ रुपए पेंशन कोष में निवेश किये गये। वर्ष 2025-26 में 832 करोड़ रुपए निवेश के लिए बजट प्रस्तावित है। सरकार के पांव मजबूती से जमीन पर टिके हैं। इसी विश्वास के साथ वे सदन के समक्ष वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए एक लाख 45 हजार 400 करोड़ रुपए का सकल बजट अनुमान प्रस्तुत कर रहे हैं जो गत वर्ष से 13 प्रतिशत अधिक है।

**रोजा का समय**
इफ्तार (04.03.25) : शाम 5.55 बजे
सेहरी (05.03.25) : सुबह 4.45 बजे
Sreeleathers
66 K-ROAD, BISTUPUR

### संतुलित बजट : हेमंत सोरेन



मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बजट को संतुलित बताया और कहा कि इसके बावजूद सरकार बिना किसी बोझ के अपने काम को बेहतर तरीके से अंजाम देने में सक्षम है. सरकार ने सोशल सेक्टर में और अधिक काम करने की योजना बनाई है. उन्होंने कहा कि सरकार ने अपना बजट पेश किया है,और देख रहे हैं कि बजट कितना संतुलित है. हमारे पूंजीगत व्यय में भी काफी वृद्धि हुई है. यह बहुत बड़ी उपलब्धि है. यह सबको जोड़ने वाला बजट है. उन्होंने कहा कि इस बजट में जो लोग छूट गए हैं, उन्हें कैसे जोड़ा जाए, इस पर हम आने वाले समय में काम करेंगे. सीएम ने कहा कि झारखंड पिछड़ा राज्य है, इसके बावजूद वह दिन-प्रतिदिन अपनी वित्तीय व्यवस्था को मजबूत कर रहा है.

### खोखला और घिसा पिटा बजट : मरांडी



भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार की ओर से सदन में पेश बजट पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। मरांडी ने सोमवार को कहा कि यह बजट देखने में बड़ा है लेकिन प्राण विहीन है, ताकत विहीन है।उन्होंने कहा कि बजट में दूरदर्शिता का घोर अभाव है और घिसा पिटा बजट है। इससे न राज्य की बेरोजगारी दूर होने वाली है और न गरीबी दूर होगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार चुनावी घोषणाओं को बजटीय धरातल पर उतारने में पूरी तरह विफल साबित हुई। यह जनादेश को अपमानित करने वाला बजट है। बता दें झारखंड सरकार ने सोमवार को बुआ बजट सदन में पेश किया।

## ईडी ने पेटीएम को 611 करोड़ रुपये के कथित फेमा उल्लंघन मामले में नोटिस जारी किया

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** ईडी ने फेमा के उल्लंघन के लिए पेटीएम की मूल कंपनी और संबद्ध इकाइयों को 611 करोड़ रुपये का कारण बताओ नोटिस जारी किया है। प्रवर्तन निदेशालय ने सोमवार को यह जानकारी दी। यह नोटिस संघीय एजेंसी के विशेष निदेशक की ओर से न्यायिक कार्यवाही शुरू करने के पहले जारी किया गया है।ईडी ने एक बयान में कहा कि पेटीएम की प्रमुख कंपनी वन97 कम्युनिकेशन लिमिटेड इसके प्रबंध निदेशक और पेटीएम की अन्य सहायक कंपनियों जैसे लिटिल इंटरनेट प्राइवेट लिमिटेड और नियरबाय इंडिया प्राइवेट लिमिटेड को विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के प्रावधानों के उल्लंघन के लिए लगभग 611 करोड़ रुपये का कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।जांच में पाया गया कि ओसीएल ने सिंगापुर में विदेशी निवेश किया और विदेशी स्टेप-डाउन सहायक कंपनी के निर्माण के लिए भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) को आवश्यक रिपोर्टिंग नहीं की।



नोटिस में लगाए गए आरोपों के अनुसार ओसीएल ने आरबीआई की ओर से निर्धारित उचित मूल्य निर्धारण दिशानिर्देशों का पालन किए बिना विदेशी निवेशकों से प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) भी प्राप्त किया था।
ईडी ने कहा कि भारत में ओसीएल की सहायक कंपनी लिटिल इंटरनेट प्राइवेट लिमिटेड ने भी आरबीआई की ओर से निर्धारित मूल्य निर्धारण दिशानिर्देशों का पालन किए बिना विदेशी निवेशकों से एफडीआई प्राप्त किया था। इसमें कहा गया है कि अन्य सहायक कंपनी- नियरबाय इंडिया प्राइवेट लिमिटेड- ने आरबीआई द्वारा निर्धारित समय सीमा के भीतर कंपनी द्वारा प्राप्त एफडीआई की रिपोर्ट नहीं दी।

## एसीबी ने घूस लेते मुखिया को किया गिरफ्तार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** धनबाद एसीबी ने बोकारो के चन्द्रपुरा के पपलो पंचायत के मुखिया कार्तिक महतो को 10 हजार रुपये घूस लेते उसके घर से दबोचा है। बताया जा रहा है कि प्रधानमंत्री आवास योजना की फाइल बढ़ाने के एवज में वह घूस ले रहा था। फिलहाल, धनबाद एसीबी कार्यालय में उनसे पूछताछ की जा रही है। एसीबी एएसपी बिनोद कुमार ने बताया कि पीएम आवास योजना का जिओ टैग करने के एवज में मुखिया ने लाभुक से रिश्वत मांगी थी, जिसकी शिकायत मिली थी। इसके आलोक में एसीबी की टीम जांच के बाद मुखिया कार्तिक महतो को पहली किस्त 10 हजार रुपये लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया है। मुखिया ने लाभुक से 20 हजार रुपये की मांग की थी। मुखिया से धनबाद एसीबी कार्यालय में पूछताछ की जा रही है।

असर्फी कैंसर संस्थान
Any Type, Any Stage
आयुष्मान भारत एवं मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी उपचार योजना के तहत भी सभी प्रकार के कैंसर का ईलाज
Chemotherapy, Radiotherapy, PET CT SCAN, Brachytherapy, Mammography की सुविधाएं उपलब्ध
9297970030
Asarfi Health Educity,Ranguni Road, Bhuli, Dhanbad-828105

# सांसद वीडी राम ने चैनपुर व रामगढ़ प्रखण्ड में सड़क निर्माण कार्य का किया शिलान्यास



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पलामू संसदीय क्षेत्र अंतर्गत रामगढ़ प्रखंड के ग्राम नावाडीह में सांसद पलामू विष्णु दयाल राम ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएम जनमन) के तहत चैनपुर एवं रामगढ़ प्रखण्ड में 809.72 (आठ करोड़ नौ लाख बहत्तर हजार रूपये) की लागत से कुल 9.22 किलोमीटर सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। उक्त सड़क निम्नलिखित हैः-1. चैनपुर-रामगढ़ प्रखण्ड के ग्राम गोरे से कोरवा टोला बलहीया कोरवा टोला तक 2.30 किमी। 2.चैनपुर-रामगढ़ प्रखण्ड के ग्राम सरहुआ से कोरवा टोला वाया सरहुआ स्कूल 0.77 किमी। 3.चैनपुर-रामगढ़ प्रखण्ड के आरसीडी करसो रोड़ से पचलेवा तक 4.45 किमी लागत 387.92 करोड़। 4.चैनपुर-रामगढ़ प्रखण्ड के गोरे पीपराटांड कोरवा टोला से नावाडीह पीडब्लुडी रोड़ तक 1.70 किमी लागत 146.09 करोड़। इस मौके पर सांसद श्री राम ने कहा कि इसके अतिरिक्त चैनपुर एवं रामगढ़ प्रखंड के आदिम जनजाति बाहुल्य क्षेत्रों में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएम जनमन) के तहत 10 सड़कों का निविदा जल्द प्रकाशित होगी। उक्त सड़क निम्नलिखित हैः 1.चैनपुर हुटार आरसीडी रोड़ से मुस्लिम टोला वाया दुर्गा मंडप नारायण तक 4.4 किमी। 2.चैनपुर हुटार आरसीडी रोड़ से वाया खुरा भौराहा तक 2.5 किमी। 3. रमकंडा डालटनगंज आरसीडी रोड़ से हिसरा तक 2.41 किमी। 4.पचलेवा बभनडीह आरईओ रोड़ से खरवा महुआ दामर तक 2.6 किमी। 5.रमकंडा डालटनगंज आरसीडी रोड़ से वाया तेमारी हिसरा करमा तक 4.175 किमी। 6.चान्दो परसाखाड़ आरईओ रोड़ बरवाखाड से घासी टोला तक 0.65 किमी। 7.डालटनगंज रमकंडा आरसीडी रोड़ बोरी स्कूल से दशरथ टोला तक 3.5 किमी। 8.रामगढ़ धेलुआ रक्सी रोड़ टिकुलिया पथल से धेलुआ तक 2.05 किमी। 9.बभनडीह कोठी महुआ पीएमजीएसवाई रोड़ से कोठी महुआ स्कूल रानुद तक 2.1 किमी। 10.चैनपुर हुटार आरसीडी रोड़ कुकाडु से माके तक 4.9 किमी। उक्त सड़कों के निर्माण होने से आदिम जनजाति बाहुल्य क्षेत्रों में जनता को आवागमन सुगम होगी।इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं जिला परिषद सदस्य प्रमोद कुमार सिंह, वरिष्ठ नेता प्रफुल कुमार सिंह, जिला सांसद प्रतिनिधि विजय ओझा, जिला परिषद सदस्य छोटन सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष शंभू पासवान, चैनपुर मंडल अध्यक्ष शशिभूषण पाण्डेय, रामगढ़ मंडल अध्यक्ष कामेश्वर सिंह, सांसद के निजी सचिव अलख दुबे, ईश्वरी पाण्डेय, नावाडीह पंचायत के मुखिया दयानन्द प्रसाद, करसो पंचायत के मुखिया पति शंकर साव, पूर्व मुखिया कामेश्वर उरांव, सांसद प्रतिनिधि भोला पाण्डेय, सुदेशवर चौधरी, मनोज दास,राजेश सिंह, राकेश जयसवाल,पिंकी सोरेन, ज्योति सोरेन, सहित ग्रामीण जनता उपस्थित थी। इस आशय की जानकारी पलामू के सांसद वीडी राम के निजी सचिव अलख दुबे ने दी।

# आंगनबाड़ी केंद्र से सेविका मिली नदारद, नौनिहालों को केंद्र पर नहीं मिला था नाश्ता : उप प्रमुख

### ग्रामीणों ने आंगनबाड़ी सेविका के विरुद्ध लगाया मनमानी का आरोप



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ (पलामू) :** रामगढ़ प्रखंड क्षेत्र के रामगढ़ पंचायत के टोला काचन में आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 1 का प्रखंड उप प्रमुख मालती देवी ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान आंगनबाड़ी का सेविका अनीता देवी केंद्र से नदारद थीं साथ ही सहायिका कविता देवी चार बच्चों के साथ केंद्र पर बैठी हुई थीं जहां सहायिका ने बताया कि सेविका अनीता देवी केंद्र पर कभी आती कभी नहीं आती हैं यह हमेशा का उसका रवैया हैं और उसने कहा कि सेविका द्वारा बच्चों के लिए नाश्ता का व्यवस्था नहीं दी गई जिस कारण बच्चे को नाश्ता अभी तक नहीं दी गई हैं साथ ही स्थानीय ग्रामीणों में रामजीवन यादव, सत्येंद्र यादव व अन्य ने आरोप लगाया हैं कि जब से आंगनबाड़ी केंद्र चयनित हुई हैं तभी से सेविका द्वारा मनमानी की जा रहीं हैं और सहायिका के भरोसे केंद्र

# विद्यालय में बच्चे कर रहे हैं मजदूरी, शिक्षक आराम फरमा रहें थें : उप प्रमुख मालती

### स्कूली बच्चों को बनाया मजदूर, हाथों में कलम की जगह कुदाल, ढुलवाई जा रहीं बालू




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ (पलामू) :** रामगढ़ प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत बेड़मा बभंडी पंचायत के राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय बेड़मा का उप प्रमुख मालती देवी ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान देखा कि प्रधानाध्यापक विद्यालय में सो रहें हैं और विद्यालय में कार्य मरम्मती हो रहा था जिसमें बच्चें बालू चालने का काम कर रहें थें। जहां प्रधानाध्यापक ने बताया कि इस विद्यालय में तीन शिक्षक हैं लेकिन शिक्षक मुरारी बैठा को मैट्रिक इंटर परीक्षा में नियुक्त किया गया हैं और शिक्षक विजय गुप्ता विद्यालय से बिना छूटी लिए हुए नदारद हैं साथ ही उन्होंने कहा कि संकुल साधनसेवी कन्हैया तिवारी हमेशा विद्यालय में निरीक्षण करने नहीं आते हैं वह पिछले चार माह पूर्व निरीक्षण करने आए थें जिसके बाद अभी तक विद्यालय में निरीक्षण करने नहीं आए हैं। इधर इस संदर्भ में संकुल साधनसेवी कन्हैया तिवारी ने कहा कि हम प्रत्येक माह निरीक्षण करने जाते हैं उत्क्रमित मध्य विद्यालय बेड़मा का प्रधानाध्यापक प्रतिदिन नशे में होकर विद्यालय आते हैं वह नशे के हालत में कुछ भी आरोप लगा सकते हैं।

# नाइट कॉस्को क्रिकेट टूर्नामेंट के दूसरे दिन कादल एवं डुमरसोता ने की जीत दर्ज



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केतार (गढ़वा) :** लोहिया समता हाई स्कूल के मैदान में श्री श्री मां चतुर्भुजी नाइट कॉस्को क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन 1 के दूसरे दिन बहियार बनाम कादल एवं डूमरसोता बनाम बेलपहाड़ी टीम के बीच टूर्नामेंट खेला गया। पहले प्रतियोगिता में बल्लेबाजी करते हुए कादल के टीम ने 10 ओभर में 08 विकेट खोकर 66 रन का लक्ष्य बहियार टीम को दिया। जवाबी पारी खेलते हुए बहियार की टीम ने 10 ओभर में 56 रन ही बना सकी और मैच को हार गई। वहीं दूसरी प्रतियोगिता में पहले बल्लेबाजी करते हुए डुमरसोता की टीम ने 10 ओवर खेल कर बेलपहाड़ी टीम को 131 रन का लक्ष्य दिया। जवाबी पारी खेलते हुए बेलपहाड़ी की टीम ने 10 ओवर में सिर्फ 73 रन ही बना सकी और मैच को हार गई। पहली प्रतियोगिता में कादल टीम ने बहियार को हराकर 10 रन से जीत दर्ज की वहीं दूसरी प्रतियोगिता में डूमरसोता टीम ने बेलपहाड़ी को हराकर 58 रन से मैच को जीत लिया। इस दौरान आयोजन कर्ता समाजसेवी पंकज सिंह एवं टूर्नामेंट कमेटी के द्वारा अंकित कुमार व राजा कुमार को बेहतर प्रदर्शन के कारण मैन ऑफ द मैच देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर टूर्नामेंट के अध्यक्ष विभूति नारायण सिंह सचिव रामाश्रय मेहता कोषाध्यक्ष एनुअल परवेज उपाध्यक्ष श्याम बिहारी राम उप सचिव हेमंत कुमार मेहता आशीष गुप्ता गौतम पाल सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# सक्रिय सदस्यता के साथ विभिन्न स्तरों पर कमेटी का होगा गठन : कमलेश



**हुसैनाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भाजपा के वरिष्ठ नेता पूर्व विधायक कमलेश कुमार सिंह के हुसैनाबाद स्थित आवास पर संगठनात्मक चुनाव को लेकर कमलेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं प्रदेश एवं जिला पदाधिकारी, सभी मोर्चा के अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष एवं महामंत्री, मंडल प्रभारी, मंडल चुनाव प्रभारी एवं सह प्रभारियों की महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में कमलेश कुमार सिंह ने कहा कि पार्टी के निर्देशानुसार संगठन पर्व सदस्यता अभियान को लेकर पलामू जिले में भी सक्रिय सदस्यता बनाने का कार्य अग्रसर है। श्री सिंह ने कहा कि प्रदेश के निर्देशानुसार मार्च महीने में ही संगठन के बूथ, मंडल एवं जिला स्तरीय चुनाव कराना तय किया गया है। उन्होंने कहा कि जिले के अधिकांश मंडलों में बूथ कमेटी बनाने का कार्य अंतिम चरण में है। जबकि बूथ कमेटी मंडल अध्यक्ष का चुनाव करेगी इसके बाद जिला अध्यक्ष का चुनाव किया जाएगा। वरिष्ठ नेता रामप्रवेश सिंह ने कहा कि बूथ कमेटी मे कम से कम तीन महिलाओं एवं सभी वर्गों की भागीदारी का होना अनिवार्य है। सभी कार्यकर्ता सक्रियता के साथ निर्धारित समय में ही बूथ एवं मंडल मे चुनाव संपन्न कराने को लेकर तत्परता के साथ जुट जाएं।युवा नेता योगेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि संगठनात्मक चुनाव पारदर्शित तरीके से नियम संगत एवं निर्धारित समय में होना जरूरी है। निष्ठावान एवं कर्तव्यनिषठ सक्रिय कार्यकर्ता को जवाबदेही मिले व संगठन मजबूत एवं धारदार हो। बैठक में अजित सिंह, रामप्रवेह सिंह, अखिलेश मेहता, उदय विश्वकर्मा, रंजीत पासवान, विनय पासवान, विनय पासवान, अजय गुप्ता, चंदन सिंह, सतीस शर्मा, संजय सिंह, रामचंद्र चौधरी, ओमप्रकाश राजवंशी, लालमुनि सिंह, माधव विश्वकर्मा, रामवृक्ष पासवान, वीरेंद्र सिंह, कृष्णा सिंह, महेंद्र सिंह,विजय ठाकुर, प्रमोद प्रजापति, गुडु पाल, घूरा पाल, धनंजय सिंह, सिलोक सिंह, अमर चौहान, अनिल सिंह, लालू यादव, विनोद चौधरी, अश्विनी पांडे, वृजदेव मेहता व बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता शामिल थे।

# स्वास्थ केंद्र नवादा हॉस्पिटल को अतिक्रमण कर किया पुराना बिल्डिंग को कब्जा



**सिमरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखण्ड के कसारी पंचायत के नवादा आरोग्य मंदिर प्रांगण में पुराने हॉस्पिटल को किसी एक व्यक्ति द्वारा कब्जा जमा अपना आवास बना लिया है। साथ हीं उसी कैंपस में बकरी या जानवर तक बांध एसोअराम से रह रहा है। किंतु आज तक किन्हीं स्वास्थ पदाधिकारी द्वारा कब्जा किया गया बिल्डिंग को मुक्त नहीं कराया गया है। ना हीं उस पर अवैध रूप से बिल्डिंग पर कब्जा करने को लेकर कानूनी कारवाई की गई है। आपको बता दें कि जहां इंसानों के इलाज और जिन्दगी के लिए साफ सुथरा हॉस्पिटल प्रांगण को रखने के लिए झारखंड सरकार करोड़ों रुपया खर्च कर रही है वहीं उसी कैंपस को किसी एक व्यक्ति द्वारा कब्जा जमा कर बकरा ,जानवर बांध दूषित कर था है साथ हीं सरकारी बिल्डिंग पर अपना कब्जा जमा कर अपना आसियाना बनाए हुए है। वैसे में ग्रामीणों और स्वास्थ कर्मियों ने उक्त व्यक्ति द्वारा उक्त बिल्डिंग को कब्जा मुक्त कराने की मांग किया गया है। स्वास्थ विभाग स्वच्छ और साफ सुथरा रखा जा सके। साथ हीं सरकारी बिल्डिंग कब्जा मुक्त हो सके।

# आठ वर्ष गुजरने के बाद भी नहीं बना कस्तूरबा विधालय की भवन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नौड़ीहा बाजार :** नौड़ीहा बाजार प्रखंड के नावाटांड पंचायत में बन रहे झारखंड आवासीय विद्यालय की भवन आठ वर्ष गुजरने के बाद भी निर्माण कार्य पुरा नहीं हो सका। बताया जाता है नौड़ीहा बाजार प्रखंड के नावाटांड पंचायत के मधेया गाँव में वर्ष 2017-18 वित्तीय वर्ष में भवन निर्माण कार्य शुरु किया गया था। लेकिन आठ वर्ष गुजरने के बाद भी आवासीय विद्यालय के भवन की कार्य पुरा नहीं हो सका। आगे बताते चलें कि इस भवन निर्माण कार्य की अनुमानित लागत लगभग 4.30 करोड़ रुपये है जबकी संवेदक के द्वारा लगभग दो करोड़ रुपये की निकासी भी कर ली गई है। भवन निर्माण कार्य केवल डोर लेवल तक हुआ है जबकी वर्तमान स्थिति में देखा जाये तो आज नौड़ीहा बाजार प्रखंड के आवसीय विधालय के बच्चें छतरपुर कस्तूरबा विधालय में पढ़ रहे है। अगर आवसीय विधालय की भवन नहीं बनने के कारण छतरपुर में रहकर पढ़ाई करने के लिए मजबूर है। विधालय भवन निर्माण कार्य पुरा होने के बाद क्या होता लाभ? बताते चलें कि अगर आवासीय विद्यालय भवन निर्माण कार्य पुरा होने के बाद नौड़ीहा बाजार प्रखंड के बच्चें छतरपुर में पढ़ाई नहीं करते आज नौड़ीहा बाजार में रहकर पढ़ाई कर सकते थे।

**क्या कहते है बीडीओ साहेब?**

प्रखंड विकास पदाधिकारी श्री रामनारायण खलको ने बताया कि मामला बहुत पुराना है और मुझे आने से पहले की मामला है। इसकी जाँच कर अपने स्तर से कराकर विभाग से जानकारी लिया जायेगा। पुरी रिपोर्ट तैयार कर पलामू उपायुक्त को सौप कर इस भवन निर्माण को पुरा करायी जाएगी।

# हुसैनाबाद प्रखंड कार्यालय में विधिक सेवा सशक्तिकरण शिविर का आयोजन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** हुसैनाबाद प्रखंड सह अंचल कार्यालय के सभागार में विधिक सेवा प्राधिकार पलामू की ओर से जागरूकता शिविर लगाया गया। शिविर में मुख्य रूप से पलामू जिला विधिक सेवा प्राधिकार के पीएलवी भोला नाथ शर्मा मुख्य रूप से मौजूद रहे। शिविर में परिसम्पतियों का वितरण के तहत मनरेगा योजना के तहत जॉब कार्ड, सर्व पेंशन योजना, आधार कार्ड पंजीकृत तथा एसएचजी महिला समूह को चेक प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी,अंचल पदाधिकारी पंकज कुमार, बीडीओ सुनील कुमार वर्मा, पीएलवी भोलानाथ शर्मा ने संयुक्त रूप से वितरण किया।प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी ने कहा कि आम लोगों को विधिक सेवा की जानकारी होना अनिवार्य है। सशक्तिकरण शिविर का मुख्य उद्देश्य विधिक सेवा के प्रति आम अवाम में जागरूकता लाना है। पीएलवी भोलानाथ शर्मा ने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार जागरूकता अभियान के तहत प्रखंड क्षेत्र के दिव्यांग, असहाय, दलित व निर्धन जरूरतमंद लोगों को सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार कानूनी प्रक्रिया के तहत निशुल्क परामर्श के साथ न्याय संबंधित कार्य किया जाता है। इसमें लोगों को सिविल तथा अन्य केस में न्याय दिलाया जाता है। संस्था द्वारा लोगों पर हो रहे जुल्म, महिला प्रताड़ना, जंघन्य अपराध, भ्रूण हत्या, डायन - बिसाही, बाल विवाह ,बाल मजदूरी, बाल विवाह के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से कानूनी जानकारी दी गई। मुख्यमंत्री बाल संरक्षण योजना के तहत जिनका एकल अभिभावक है, उन्हें प्रत्येक बच्चे को 18 वर्ष की उम्र तक मासिक 4000 रुपया देने का प्रावधान है। वैसे बच्चे जिनके माता- पिता दोनों नहीं है। उन बच्चों को बाल आश्रय गृह में भरण पोषण की समुचित व्यवस्था सरकार की ओर से की जाती है। मौके पर राजद नेता मदन पासवान, प्रखंड क्षेत्र के पंचायत प्रतिनिधि, आंगनबाड़ी सेविका, स्वयं सहायता समूह की महिलाएं, प्रखंड कर्मी के अलावा अन्य कई लोग मौजूद थे।

# अखिल भारतीय बैठा महासंघ की हुई बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** कचहरी परिसर स्थित पेंशनर भवन में अखिल भारतीय धोबी महासंघ के पलामू के धोबी समाज की बैठक हुई. बैठक की अध्यक्षता सेवा निवृत्त शिक्षक जगदीश बैठा ने की जबकि औसंचालन नागमनी रजक के द्वारा किया गया. पर्वेक्षिक राज कुमार रजक अखिल भारतीय धोबी महासंघ युवा प्रदेश अध्यक्ष सह पर्वेक्षिक गढ़वा निवासी सेवा निवृत्त शिक्षक श्री अशर्फी बैठा की .गरमामयी उपस्थिति में जिला कमिटी का चुनाव किया गया जिसमें जिला अध्यक्ष के रूप मे श्री कृष्णा बैठा, उपाध्यक्ष लड्डू रजक, सचिव अजय कुमार रजक, एवं कोषाध्यक्ष श्री सुनील कुमार रजक को उपस्थित धोबी समाज के सम्मानित सज्जनों के द्वारा चुनाव किया गया. उपस्थित पर्वेक्षक एवं सह पर्वेक्षक ने संयुक्त रूप से चुनाव परिणाम की घोषणा की एव समाज को उन्नति के पथ पर चलने का मार्गदर्शन दिया. नव निर्वाचित जिला अध्यक्ष कृष्णा बैठा ने पलामू जिला के सभी प्रखंडों एवं डालटनगंज शहर से आए हुए सभी सम्मानित सजनों को अध्यक्ष निर्वाचित करने पर आभार प्रकट करते हुए कहा कि समाज की मान सम्मान को कभी ठेस नहीं पहुंचने देंगे. समाज के उत्थान के लिए लगातार संघर्ष करते रहूँगा. ताकि हमारा समाज बिकास के सभी क्षेत्रों मे अग्रसर हो. मौके पर डॉक्टर कृष्ण कन्हैया, लोचन बैठा, लालजी बैठा, शिक्षक बिनोद बैठा, नंद किशोर रजक, ललित बैठा, शिव नंदन बैठा, सत्येंद्र बैठा, आजाद सर, संजय बैठा, सुरेश बैठा, बैजनाथ बैठा, छेदी बैठा, मुख्तार बैठा, जनेश्वर बैठा, जयश्री बैठा, प्रमोद कुमार रजक, शशि रंजन, सत्यम रजक, रमेश रजक, मुरारी बैठा, बबन कुमार रजक, बीरेन्द्र बैठा, शैलेन्द्र रजक, संजीत रजक, संजीत रजक, कुंदन सर, नंद किशोर बैठा, राजेन्द्र बैठा, सुनेश्वर बैठा, देवाशीष राजन, पपू रजक, परमानन्द रजक, रवि रंजन कुमार, नागदेव बैठा, सोनू रजक, कुंदन रजक, हरे राम रजक, राजू रजक, रवि कुमार, बीरेन्द्र रजक, गुड्डू रजक, दीपक रजक, कमलेश बैठा, शशि रजक, गोविंद रजक, बीरेन्द्र प्रसाद आदि उपस्थित थे।

# आलोक शुक्ला लगातार आठवी बार बने रामनवमी पूजा समिति के अध्यक्ष



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू) :** रामनवमी पूजा को लेकर रेहला महावीर मंदिर परिसर में सोमवार को स्थानीय लोगों की बैठक हुयी. बैठक की अध्यक्षता डॉ. वी पी शुक्ला ने किया.बैठक में इस बार रामनवमी पूजा महोत्सव व जुलुश को और भव्यतम करने का निर्णय लिया गया. पूजा के आयोजन और जुलूस के सफल संचालन के लिये पूजा समिति को पुनर्गठित किया गया. सर्वसम्मति से आलोक शुक्ला को लगातार आठवीं बार समिति का अध्यक्ष बनाया गया.वहीं संतोष कश्यप, रमाकांत शुक्ला, दिनेश शुक्ला व गोल्डन चौबे को उपाध्यक्ष,अमित चौबे,अवनीश दुबे व अनूप सोनी को सचिव, शैलेन्द्र दुबे, संजीत सिंह व विकास शुक्ला को कोषाध्यक्ष, सचिन चौबे, पुनीत शुक्ला व राजन मिश्रा को उप सचिव, संतोष गुप्ता, पंकज गुप्ता, जितेंद्र गुप्ता, राहुल शुक्ला, सुनील सिंह, रिंकू दुबे, पंकज चौबे, जीतू सोनी, सुजीत चौबे, सुमित तिवारी, सोनू पांडेय व रितेश पांडेय को संगठन मंत्री, मणिकांत दुबे व शशिकांत शुक्ला को मीडिया प्रभारी, राहुल चौबे, दीपक शुक्ला, अनूप शुक्ला व विजय कश्यप को आय व्यय पर्वेक्षक तथा छोटू चौबे, आलोक शुक्ला, नीरज शुक्ला, प्रियांशु शुक्ला, अभिषेक झा व उज्ज्वल शुक्ला को महामंत्री बनाया गया. जबकि शुशील चौबे, अमृत शुक्ला, महेंद्रनाथ चौबे, शशिनाथ चौबे, रामनाथ कश्यप, केदारनाथ कश्यप, रंजीत सिंह, संजू सिंह, विजय गुप्ता, महेंद्र सेठ, गुप्तेश्वर प्रसाद, डॉज़ डीपी शुक्ला, राजेश चौबे, अरविंद शुक्ला व चंचल शुक्ला को समिति का महासंरक्षक चुना गया. वहीं सुधीर चौबे,वीरेंद्र चौबे, विजय चौबे, संतोष चौबे, राजेश शुक्ला, संजय शुक्ला, कृपा सिंह, नीरज सिंह, मिथलेश पांडेय, मदन सेठ, नंदकिशोर गुप्ता, कुमार कालिका सिंह उर्फ राजू सिंह, रामचंद्र दीक्षित, रविंद्र पांडेय, नंदलाल शुक्ला, ब्रजराज चौबे, राहुल शुक्ला, एस एम एस्ले, वीरेंद्र चौबे, सुधीर पांडेय,डी एन दुबे, प्रमोद पासवान, पप्पू सिंह, शुशील शुक्ला, रामनाथ पांडेय व रविंद्र शुक्ला को समिति का संरक्षक बनाया गया है. इसके अलावे 501 सदस्यीय कार्यकरणी सदस्यों का भी चयन किया गया. कार्यकरणी में रेहला, डंडिला, गोदारमा सहित दर्जनभर गांव के युवाओं को रखा गया है।


प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4 ओपोजिट मोरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

# सत्ता पक्ष ने बजट को सराहा, विपक्ष ने नकारा

## संक्षिप्त खबरें

### पद्मश्री सिमोन उरांव से आशा लकड़ा ने की मुलाकात



**रांची।** पद्मश्री सिमोन उरांव इन दिनों बीमार चल रहे हैं। सोमवार को राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग (एनसीएसटी) की सदस्य डा. आशा लकड़ा ने बेड़ो स्थित उनके पैतृक आवास पर मुलाकात कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। इस क्रम में उन्होंने प्रखंड स्तरीय अधिकारियों से पिछले दिनों पद्मश्री सिमोन उरांव का पेंशन बंद होने व खाद्य सुरक्षा योजना के तहत मिलने वाले राशन की सुविधा बंद किए जाने की जानकारी भी लीउन्होंने संबंधितअधिकारियों को जल्द से जल्द पद्मश्री सिमोन उरांव को पेंशन व राशन से संबंधित सुविधा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया प्रखंड स्तरीय अधिकारियों ने उन्हें आश्वस्त करते हुए कहा कि पांच मार्च तक पद्मश्री सिमोन उरांव को पेंशन व राशन से संबंधित सुविधाएं उपलब्ध करा दी जाएगी। बेड़ो प्रखंड के भ्रमण के दौरान उन्होंने राजकीय अनुसूचित जनजाति आवासीय विद्यालय, बारीडीह का भी निरीक्षण किया।

### जरूरतमंद बच्चों के बीच स्कूल बैग का वितरण किया

**रांची :** गुरुनानक सेवक जत्था द्वारा आज रांची डाल्टेनगंज मार्ग पर स्थित मांडर प्रखंड के मुड़मा गांव में जरूरतमंद बच्चों के बीच स्कूल बैग का वितरण किया.जत्था के सदस्य चार पहिया वाहन में स्कूल बैग लेकर रांची से 28 किलोमीटर दूर रांची डाल्टेनगंज मार्ग पर स्थित मांडर प्रखंड के मुड़मा गांव सुबह नौ बजे पहुंचे,जहां ग्रामीणों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया.

### काफी सराहनीय है अबुआ आम बजट : वारिस कुरैशी



**रांची :** राज्य अल्पसंख्यक आयोग झारखंड सरकार के सदस्य वारिस कुरैशी ने कहा है कि झारखंड सरकार का 2025 का अबुआ आम बजट काफी सराहनीय है. इस बजट में राज्य के सभी वर्गों का ध्यान रखा गया है. चाहे वह किसान हो, व्यापारी वर्ग हो, महिलाएं, वृद्ध हो, अल्पसंख्यक कल्याण, विद्यार्थी हो, या फिर राज्य के अंतिम पायदान पर निवास करने वाले राज्य की जनता हो।यह बजट झारखंड के खेत-खलिहान से लेकर गांव, कस्बों और शहरों में खुशी लेकर आयेगा.

### संतुष्ट करने वाला बजट है : श्वेता सिंह



**रांची।** बोकारो से कांग्रेस की विधायक श्वेता सिंह ने कहा कि झारखंड सरकार का जो बजट है वह राज्य की जनता को संतुष्ट करने वाली बजट है, इससे बेहतर दूसरा कोई और बजट नहीं हो सकता है। पहले भी बजट पेश किए गए हैं, भाजपा की सरकार में ,लेकिन कहीं ना कहीं जनता को और उनके मांग को पूरा नहीं करता था, जिसका नतीजा यह हुआ कि भाजपा आज सरकार में नहीं है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने जिस तरह से राज्य की जनता और सरकार में जितने भी विधायक हैं उसके साथ समन्वय बनाकर चल रहे हैं ,यह उनकी काबिलियत है। साथ ही जो बजट पेश किया गया उसके हर एक पॉइंट को मैंने नोट किया है, दिव्यांगों के लिए बहुत अच्छा खासा बजट दिया गया, मंईया सम्मान योजना के लिए बजट है, कृषि के क्षेत्र में भी बजट है, मतलब हर स्तर से जनता को खुश करने वाली बजट है। जहां तक विपक्ष का बात है तो वह हमेशा ना खुश रहेंगे, क्योंकि उसे न जनता से कोई लेना-देना है और ना ही जनता की जरूरत की पूर्ति सरकार कैसे करें इससे उसे लेना देना है।





### जन कल्याणकारी है बजट : कैलाश यादव

**रांची।** प्रदेश राजद महासचिव सह मीडिया प्रभारी कैलाश यादव ने राज्य सरकार के वित्तमंत्री राधाकृष्ण किशोर द्वारा वार्षिक बजट 1,45,400 करोड़ रु पेश करने का स्वागत किया है ! यह बजट राज्यहित में ऐतिहासिक कदम है । यादव ने कहा कि वित्तमंत्री ने विकास दर में बढ़ावा के लिए सभी विभागों को प्राथमिकता दिया । मईया सम्मान योजना के अलावा ग्रामीण विकास,खेलकूद, सामान्य क्षेत्र, सामाजिक क्षेत्र एवं आर्थिक क्षेत्र में काफी जोर दिया गया है निश्चित रूप से यह बजट जन कल्याणकरी व लाभार्थी योजनाओं से परिपूर्ण है ! निसंदेह आगामी दिनों में राज्य का विकास दर तेजी से बढ़ेगा ।इस ऐतिहासिक व सराहनीय बजट के लिए वित्तमंत्री राधाकृष्ण किशोर एवं सीएम हेमंत सोरेन व सरकार के मंत्रिपरिषद समूह को राजद की ओर से बधाई देते हैं।

### अबुआ बजट में गांव, गरीब, किसान, नौजवान और महिलाओं के उत्थान पर जोर : शिल्पी



**रांची :** कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने झारखंड के अबुआ बजट को गांव, गरीब, किसान, नौजवान और महिलाओं के उत्थान का बजट बताया है। उन्होंने कहा कि इस बजट में राज्य के ग्रामीण आर्थिक विकास और आधारभूत संरचना को प्राथमिकता दी गई है। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा है कि हेमंत सोरेन की अगुवाई वाली गठबंधन सरकार के इस बजट में शहर से लेकर गांव और शिक्षा-स्वास्थ्य से लेकर पर्यटन क्षेत्र के विकास पर जोर दिया गया है। राज्य के किसान समृद्ध हो, उनके फसल का सही मूल्य मिल सके, उन्नत कृषि के साथ किसानों का जुड़ाव सरकार की प्राथमिकता में है। हेमंत सोरेन सरकार पार्ट टू का ये पहला एक लाख 45 हजार 400 करोड़ का बजट है। इस पहले बजट में गठबंधन वाली सरकार के द्वारा जनता से किए गए वायदों को पूरा करने के लिए ये पहला कदम है। राज्य सरकार जनता से किए गए वायदों को लेकर कृतसंकल्पित है। सरकार का लक्ष्य समाज के अंतिम पायदान पर खड़े लोगों का सामाजिक और आर्थिक दृष्टिकोण से विकास करना है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में राज्य का आर्थिक विकास दर 7.5 प्रतिशत होने का अनुमान है।

### बजट से बनेंगे नए कीर्तिमान : बन्ना

**रांची :** बजट पर राज्य के पूर्व मंत्री बन्ना गुप्ता ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह बजट दूरदर्शी और जनहित को ध्यान में रखते हुए पेश किया गया है। उन्होंने कहा कि बजट पिछले वित्तीय वर्ष से 13 प्रतिशत अधिक है, जो दर्शाता है कि हेमंत सरकार पार्ट- दो का मकसद सिर्फ सरकार चलाना नहीं, बल्कि जनता तक चल कर सरकारी सुविधा और लोक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि यह बजट एक तरफ झारखंड की सामाजिक कल्याण व्यवस्था को मजबूती देने के साथ-साथ युवाओं को रोजगार, किसानों को कृषि सहायता और मजदूरों के सशक्तिकरण का रोडमैप तैयार करेगा।

### समाज के सभी वर्गों के विकास वाला बजट : गुप्ता

**रांची :** वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर की ओर से पेश बजट को कांग्रेस नेता डॉ राजेश गुप्ता ने समाज के सभी वर्गों के विकास वाला बजट बताया है। उन्होंने कहा कि वित्त मंत्री ने एक लाख 45 हजार 400 करोड़ का बजट पेश किया। जबकि वित्तीय वर्ष 2024-25 में यह बजट 1,28,900 करोड़ था। उन्होंने कहा कि बजट में राज्य के सभी वर्गों का ख्याल रखा गया है। बजट में महिलाओं, बच्चों और समाज के पिछड़े लोगों के उत्थान और विकास के लिए योजनाएं हैं। बजट में मंईयां सम्मान योजना के लिये 13 हजार 363 करोड़ 35 लाख रुपये का फंड और बच्चों से जुड़े करीब 42 योजनाओं के लिये 9411 करोड़ रुपये आवंटित किये गये हैं।

### गंधहीन,रंगहीन और दिशाहीन बजट : रघुवर दास



रांची। पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने झारखंड सरकार के बजट को गंधहीन, रंगहीन और दिशाहीन बजट कहा है। उन्होंने कहा है कि बजट किसी राज्य का सिर्फ लेखा जोखा नहीं होता है, बल्कि वो राज्य की अर्थव्यवस्था को गति देनेवाला होता है। हेमंत सोरेन सरकार अब दिन में सपने देख रही है। अबुआ बजट में अबुआ को ही किनारे कर दिया गया है। दास ने कहा है कि झारखंड सरकार 2030 तक झारखंड की अर्थव्यवस्था 10 ट्रिलियन यानी 10 लाख करोड़ करने की बात कही है लेकिन ये होगा, कैसे ये सरकार ने बताया ही नहीं है। क्या झारखंड सरकार 15 प्रतिशत के दर से विकास दर प्राप्त करनेवाली है। इस बजट से सबसे अधिक निराश किसान और ग्रामीण हुए है। किसानों की ऋण माफ़ी पर सरकार चुप है। ग्रामीण विकास का बजट सरकार ने घटा दिया है। पिछले वित्तीय वर्ष पेश कुल 1.28 लाख करोड़ के बजट में जनवरी तक 61 प्रतिशत राशि ही खर्च हुई है। इसका जवाब सरकार के पास नहीं है। महिलाओं को 450 रुपये में गैस सिलेंडर देना वादा किया गया था, लेकिन सरकार अब इस पर कुछ नहीं बोल रही है। वृद्धा और विधवा पेंशन सरकार दे नहीं पा रही है। जनता की घोर अनदेखी की गई है इस बजट में।

### बजट की जानकारी कांग्रेस को पहले से कैसे थी : प्रतुल



रांची। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाह देव ने कहा कि सरकार को स्पष्ट करना चाहिए की बजट की बातें कैसे लीक हो गई।कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता ने एक दिन पहले ही बजट का आकार 1,45,000 करोड़ बता दिया था और बजट की बारीकियां पर भी चर्चा की थी।हुआ भी वही।यह सीधे तौर पर एक अत्यंत ही गंभीर मामला बनता है। बजट बनाते समय अधिकारी और कर्मचारियों को हफ्तों तक घर जाने की आजादी नहीं होती।पूरा मामला अति गोपनीय होता है। फिर यह सारी बातें कांग्रेस को कैसे पता थी? बजट में किस मद में कितना टैक्स लगेगा या टैक्स नहीं बढ़ेगा, इन बारीक बातों की जानकारी कांग्रेस के प्रवक्ता को कैसे हो गई? पूरी की पूरी दाल काली लगती है। मुख्यमंत्री इसकी उच्च स्तरीय जांच सीबीआई या एसीबी से कराने के आदेश दें।

### अबुआ बजट को विपक्ष ने सिरे से नकारा

रांची । झारखंड विधानसभा में राज्य सरकार का अबुआ बजट 1 लाख 45 हजार 400 करोड़ रूपया पेश किया गया । बजट पेश होने पर वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने 25 सालों के इतिहास में उपलब्धि बताया । वही मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी सराहना की। बजट राज्य के विकास के लिए जन उपयोगी है। हर वर्ग को देखकर यह बजट पेश किया गया है। वहीं विपक्ष के तरफ से भाजपा के रांची विधायक सीपी सिंह ने सिरे से निकारते हुए कहा कि एकदम बकवास बजट है। इसमें राज्यहित और जनहित से जुड़ा कोई भी ऐसा बजट नहीं है ,जिससे राज्य की जनता को लाभ पहुंचाया जा सके। वहीं हटिया विधायक नवीन जायसवाल ने कहा कि इस बजट से वह सारे चीजे गायब है जो यह आम आदमी की जरूरत होती है, मूलभूत सुविधाओं के नाम पर सिर्फ सरकार ने अपनी वह वाही पेश करने की कोशिश की है। इस बजट में कुछ भी नहीं है । वहीं जमशेदपुर पूर्वी की विधायक पूर्णिमा साहू ने कहा कि युवाओं को रोजगार देने वाली सरकार के इस बजट में युवाओं के लिए युवतियों के लिए कुछ भी नहीं है, सिर्फ खानापूर्ति के लिए बजट पेश किया गया है।

### झारखंड सरकार का अबुआ नहीं बबुआ बजट है : जदयू

**रांची :** जदयू के प्रदेश प्रवक्ता सागर कुमार ने कहा कि झारखंड सरकार का यह बजट निराशाजनक है। यह अबुआ नहीं बबुआ बजट है। सरकार ने 450 रुपये में गैस सिलेंडर देने का वादा था, लेकिन बजट में इस योजना का जिक्र तक नहीं है। जदयू के प्रदेश प्रवक्ता सागर कुमार सोमवार को सरकार के बजट पर अपनी प्रतिक्रिया दे रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का यह बजट निराश करने वाला है। बजट में युवाओं के लिए कुछ नहीं है। राज्य में बेरोज़गारी और ग़रीबी कैसे ख़त्म होगी, इस पर कुछ ख़ास प्लान देखने को नहीं मिला। उन्होंने कहा कि 5जी के जमाने में काराओं में मोबाइल फ़ोन उपयोग रोकने के लिए 4जी जैमर के क्रय का कोई औचित्य नहीं है।

## लुट का खुलासा करते हुए पुलिस ने 4 अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** पुलिस के द्वारा सिकिदरी थाना क्षेत्र में घूमने गए लोगों से हुई लुट का खुलासा करते हुए लुट में शामिल 04 अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा। पुलिस उप-महानिरीक्षक सह वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण रांची के निर्देशन में पुलिस उपाधीक्षक सिल्ली के नेतृत्व में सिकिदरी थाना कांड संख्या 10/25, 02.03.25 जिसमें सिकिदरी थाना क्षेत्र में हुई लुट का उद्वेदन किया गया। कांड में



शामिल अभियुक्त 1. फरहान खान, पिता स्व बाबर खान, सा0 कुटे, थाना सिकिदरी, जिला रांची, 02. श्रीशांत करमाली, पिता पनेनाथ करमाली, सा0 पांचा, थाना औरमांझी, जिला रांची , 3. शेख जहीर, पिता शेख जमाउद्दीन, सा0 खुदिया, थाना सिकिदरी, जिला रांची, 4. चंदन गंजू पिता तारकेश्वर गंजू उर्फ सरदार गंक्षू उर्फ सरदार गंक्षू, सा0 पांचा, थाना ओरमांक्षी, जिला रांची को लुटा हुआ बहुत मोबाइल घड़ी स्पीकर एवं अन्य सामान के साथ गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया।

## दस दिवसीय प्रशिक्षण शिविर हुआ संपन्न महिलाओं ने ली मोमबत्ती बनाने की ट्रेनिंग

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** इंडियन बैंक द्वारा संचालित ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान जामा, दुमका में उद्यमिता विकास कार्यक्रम के तहत् 10 दिवसीय मोमबत्ती निर्माण का आवासीय प्रशिक्षण का समापन आरसेटी के संकाय सदस्य उत्पल कुमार लाहा एवं कार्यालय सहायक अभिषेक कुमार के द्वारा संयुक्त रूप से प्रतिभागियों के बीच प्रमाण पत्र का वितरण कर किया गया। वरिष्ठ संकाय उत्पल कुमार लाहा ने कहा कि झारखंड को संवारने में सखी मंडल से जुड़ी महिलाऐं भी अहम भूमिका निभा रही हैं ।भारत सरकार के आजीविका मिशन के तहत् गरीबी रेखा से नीचे की महिलाओं को इस तरह का प्रशिक्षण देकर रोजगार से जोड़ा जा रहा है। इससे न केवल महिलाऐं खुद का आर्थिक विकास कर रही है बल्कि राज्य के विकास में भी योगदान कर रही है। पश्चिम सिंघभूम से आई महिला प्रशिक्षिका विनिता बोदरा ने सभी प्रतिभागियों को डिजाइनर मोमबत्ती, प्लेन मोमबत्ती, बनाना सिखाया। साथ ही उन्होंने सभी दीदिओं को बतलाया कि मोमबत्ती उद्योग बहुत ही सरल व सस्ते तरीके से बिना अतिरिक्त परेशानी के घरेलू कुटीर उद्योग के रूप में स्थापित कर सकते है। अंत में कार्यालय सहायक अभिषेक कुमार ने कहा कि आरसेटी की ओर से ग्रामीण क्षेत्र में इस उद्योग को बढ़ावा देने के लिए महिलाओं को प्रशिक्षित किया गया ताकि महिला स्वावलंबन की दिशा में आगे बड़े और अन्य महिलाओं को इस उद्योग के प्रति आकर्षित करें। इस मौके पर निरंजन सिंह, मनोज दाँ,आरसेटी के कार्यालय सहायक अभिषेक कुमार एवं संजय सोरेन एवं अन्य उपस्थित थे।

## भारतीय स्टेट बैंक के प्रबंध निदेशक अश्विनी कुमार तिवारी ने किया दौरा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** भारतीय स्टेट बैंक के प्रबंध निदेशक अश्विनी कुमार तिवारी ने अपने झारखंड प्रवास के दौरान झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक के रांची स्थित प्रधान कार्यालय का दौरा किया। झारखंडी नृत्य-गान के साथ बैंक से सहबद्ध महिला मंडल की दीदियों ने पारंपरिक परिधान और ढोल/मांदर की थाप पर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर बैंक के अध्यक्ष मदन मोहन बरियार ने प्रबंध निदेशक तिवारी के समक्ष वित्तीय वर्ष 2024-2025 के दौरान बैंक द्वारा विभिन्न व्यावसायिक क्षेत्रों में हासिल की गई उपलब्धियों की प्रस्तुति दी। प्रबंध निदेशक तिवारी ने अधिकारियों और अन्य स्टाफ सदस्यों को संबोधित करते हुए इस वित्तीय वर्ष में बैंक द्वारा किए गए कार्यो के लिए सभी की प्रशंसा की और साथ ही आह्वान किया कि झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक को राज्य सरकार का बैंक घोषित करवाने हेतु प्रयास करना चाहिए।इस अवसर पर भारतीय स्टेट बैंक पटना मंडल के मुख्य महाप्रबंधक, झारखण्ड के महाप्रबंधक एवं रांची आंचलिक कार्यालय के उप महाप्रबंधक भी उपस्थित थे।

कार्यक्रम के अंत में बैंक के अध्यक्ष मदन मोहन बरियार ने अल्प सूचना पर प्रबंध निदेशक द्वारा बैंक भ्रमण के प्रस्ताव को स्वीकार करने एवं उनके मागदर्शन के लिए आभार व्यक्त किया तथा उन्हें आश्वस्त किया कि उनका यह भ्रमण बैंक के लिए एक मील का पत्थर साबित होगा और बैंक आने वाले समय में झारखंड में अपनी प्रभावशाली उपस्थिति दर्ज कराएगा।

### छह मार्च को डीजीपी करेंगे बैठक

**रांची।** पुलिस महानिदेशक सह महानिरीक्षक अनुराग गुप्ता ने महिलाओं और बच्चों के साथ हो रहे अपराध की घटनाओं को लेकर चिंता व्यक्त की है और इसकी अब समीक्षा बैठक 6 मार्च को करेंगे। इस बैठक में जोनल आईजी, रेंज डीआईजी, एसएसपी और जिले के एसपी शामिल होंगे। वहीं, दूसरी ओर यह भी समीक्षा होगी कि बीएनएस की 61 धाराओं के तहत अब तक महिलाओं और बच्चों के मामलों में क्या कार्रवाई थाना स्तर पर हुई है। इस मामले में लापरवाही बरतने वाले पदाधिकारी के खिलाफ कार्रवाई भी हो सकती है।

## कल्पना सोरेन ने विधायकों के साथ केक काटकर मनाया अपना जन्मदिन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची:** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी और गांडेय से झारखंड मुक्ति मोर्चा की विधायक कल्पना सोरेन ने अपना 40वां जन्मदिन विधायकों के बीच केक काटकर मनाया। विधानसभा के बजट सत्र के बाद कल्पना सोरेन ने हेमंत सोरेन और गठबंधन के विधायकों के साथ केक काटकर अपना जन्मदिन मनाया और सभी को शुभकामनाएं देने के लिए बधाई दी। कल्पना सोरेन के लिए ये जन्मदिन इसलिए भी खास था क्योंकि 2024 में उन्होने अपना



जन्मदिन नहीं मनाया था, उस वक्त हेमंत सोरेन जमीन घोटाला मामले को लेकर जेल में थे। इस बार हेमंत सोरेन न केवल जेल के बाहर है बल्कि सत्ता बरकरार रखकर उन्होने इतिहास भी रचा था। दूसरी बात विधायक के रूप में ये कल्पना सोरेन का ये पहला जन्मदिन था और इस मौके में विधानसभा के अंदर मुख्यमंत्री कक्ष में केक काटकर उनका जन्मदिन मनाया गया। इस मौके पर मंत्री सुदिव्य सोनू, दीपिका पांडेय सिंह, इरफान अंसारी, हफीजुल हसन अंसारी, संजय प्रसाद यादव के साथ विधायक मथुरा महतो, हेमलाल मुर्मू, लुईस मरांडी, ममता देवी, अमित महतो, एमटी राजा, राजेश कच्छप, नमन विक्सल कोंगाड़ी समेत कई लोग मौजूद थे।

## शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत आवेदन हेतु पोर्टल का शुभारंभ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 (आरटीई) के तहत अब रांची जिला में ऑनलाइन आावेदन किया जा सकेगा। जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त, रांची मंजूनाथ भजंत्री ने 03.03.2025 को आरटीई पोर्टल का शुभारंभ किया। समाहरणालय स्थित एनआईसी सभागार में पोर्टल के ऑनलाइन शुभारंभ के दौरान उपविकास आयुक्त दिनेश कुमार यादव, जिला शिक्षा पदाधिकारी, रांची विनय कुमार, जिला शिक्षा अधीक्षक बादल राज, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रांची उर्वशी पांडेय एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

### 04-31 मार्च 2025 तक ऑनलाइन आवेदन

पोर्टल के लॉन्चिंग के दौरान जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त, रांची मंजूनाथ भजंत्री ने बताया कि आरटीआई के तहत 04-31 मार्च 2025 तक ऑनलाइन आवेदन किया जा सकेगा। इस दौरान पोर्टल के माध्यम से रजिस्टेउशन कर





डॉक्यूमेंट अपलोड किया जा सकेगा। 10.04.2025 को डॉक्यूमेंट का वेरिफिकेशन होगा एवं 15.04.2025 को ऑनलाइन लॉटरी की जायेगी। रांची जिला में आरटीआई के तहत नामांकन के लिए 121 स्कूलों को पंजीकृत किया गया है।

### मान्यता रद्द करने की होगी अनुशंसा

रांची जिला में आरटीआई के तहत नामांकन के लिए नियमों का अनुपालन नहीं करनेवाले स्कूलों पर कार्रवाई की जायेगी। जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त, रांची मंजूनाथ भजंत्री ने कहा शिकायत मिलने पर स्कूलों की मान्यता रद्द करने के लिए बोर्ड से अनुशंसा की जायेगी।

## अलंकार ज्वेलर्स से करोड़ों का सोना हुई चोरी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** लोअर बाजार थाना क्षेत्र के चर्च कम्पलेक्स से सटे एसी मार्केट स्थित अलंकार ज्वेलर्स से लगभग एक किलो सोना चोरी का मामला को अलंकार ज्वेलर्स के पार्टनर विवेक कुमार शुक्ला ने लोअर बाजार थाने में एफआईआर दर्ज कराया है। विवेक शुक्ला ने पुलिस को बताया है कि प्रतिष्ठान से लगातार गहने गायब हो रहे थे, शंका के मद्देनजर उन्होंने प्रतिष्ठान के तिमाही स्टॉक का मिलान करना शुरू किया, जिसके बाद यह पता चला की जेवर दुकान से कुल एक करोड़ 34 लाख





रुपये के सोने के गहने गायब कर दिए गए हैं। एफआईआर में विवेक कुमार ने बताया है कि चोरी का आरोप जेवर दुकान में काम करने वाले चन्दन पर लगाया गया है। चोरी का पता चलने पर जेवर दुकान के सभी सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए। जिसमे यह पाया गया कि फरवरी महीने से ही चन्दन कुमार मौका पाकर गहने चोरी कर रहा था। पुलिस पुरे मामले को गंभीरता से जांच कर रही है।

## कोयलांचल के राय पंचायत भवन मे हुई ग्रामीणो की बैठक

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):**कोयलांचल क्षेत्र के राय पंचायत भवन मे ग्रामीणो की एक आवश्यक बैठक संपन्न हुई।इस बैठक की अध्यक्षता विजय पाहन एवं संचालन दुर्गा प्रसाद महतो ने किया।इस बैठक मे प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी राय पंचायत मे रामनवमी पूजा एवं सरहुल पूजा धूमधाम के साथ मनाने का निर्णय लिया गया।इस बैठक मे पिछले साल का आय व्यय का का ब्यौरा पेश किया गया।जिसके बाद रामनवमी पूजा एवं सरहुल पूजा के आयोजन पर विचार विमर्श किया गया।बैठक मे सर्वसम्मति से इसकी तैयारी व इसके सफल आयोजन को लेकर कमेटी गठन करने का निर्णय लिया गया,जिसको लेकर पांच मार्च को पुनः पंचायत भवन राय मे एक आवश्यक बैठक आयोजित की गई है।जिसमे इस आयोजन को सफल बनाने के लिए कमिटी गठित करने एवं सदस्यो का पुन~ चुनाव किया जाएगा।बैठक को संबोधित करते हुए विजय पाहन ने राय पंचायत के लोगो से अपील की है कि रामनवमी पूजा एवं सरहुल पूजा को सफल बनाने के लिए पांच मार्च को होने वाले बैठक मे अधिक से अधिक संख्या मे शामिल होने की अपील की है।बैठक मे प्रदीप उरांव,भरत राम,राजेश कुमार महतो,भुवनेश्वर महतो,मनोज महतो,दीपक महतो,रूपेश महतो,मंगरू मुंडा,गणेश कुमार महतो, हरिष कुमार,राम कुमार भुईया,रामअवतार राम, कालेशवर महतो,लोकन महतो,सरवण कुमार, सुखलाल महतो,राजू उरांव, संदीप कुमार,महवा महतो, हबू महतो,रितेश कुमार, राजकुमार प्रजापति,बिजय महतो,अंगरक महतो सहित कई लोग मौजुद थे।

## पिपरवार में मनाया गया पूर्व विधायक रामचंद्र राम की 16 वीं पुण्यतिथि

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा स्थित युनाईटेड कोल वकर्स युनियन के कार्यालय में सिमरिया विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक एवं यूनियन के पूर्व क्षेत्रीय सचिव रामचंद्र राम की 16वीं पुण्यतिथि समारोह आयोजित कर मनाइ गई।इस कार्यक्रम की अध्यक्षता युनियन के पिपरवार क्षेत्रीय सचिव अरविंद शर्मा एवं संचालन रहमतुल्ला ने किया।इस कार्यक्रम के शुभारंभ में दिवंगत रामचंद्र राम के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यूनियन के क्षेत्रीय सचिव अरविंद शर्मा ने कहा कि दिवंगत रामचंद्र राम कोयला कर्मियों को लेकर लगातार आंदोलन करते रहे एवं मजदूरों के समस्याओं को लेकर मुखर रहा करते थे। कोयला मजदूरों के हक और अधिकार के लिए उन्होंने कई आंदोलन किया।इसके अलावा सिमरिया विधानसभा क्षेत्र से विधायक रहकर आम जनता की समस्याओं का समाधान करने का काम किया।उनके कार्यो को कभी भी भुलाया नहीं जा सकता है।उन्होंने दिवंगत रामचंद्र राम के बताएं मार्गो पर लोगों को चलने का आह्वान किया।इस मौके पर पिपरवार क्षेत्रीय सचिव अरविंद शर्मा,सहायक सचिव मोहम्मद रहमतुल्लह,ऋषिकेश मिश्रा,क्षेत्रीय कोषाध्यक्ष भारत नोनिया एवं कार्यकारिणी के दर्जनों सदस्य मौजूद थे।

## खलारी केडी अंबेडकर चौक पर हाइवा डंपर की टक्कर से टेपो चालक हुआ घायल

**खलारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** खलारी थाना क्षेत्र के केडी अंबेडकर चौक के निकट सोमवार की सुबह में हाइवा डंपर एवं टेंपो वाहन की टक्कर में टेंपो चालक घायल हो गया. घटना को लेकर मिली जानकारी के अनुसार डकरा से टेंपो नम्बर जेएच 01 एफजे 8908 मेधा दुध की डिलवरी देकर रांची के लिए निकला था. इसी क्रम में केडी अंबेडकर चौक के निकट विपरित दिशा से आ रहा हाइवा डंपर नम्बर जेएच 02 बीएस 5496 से टेपों की साइड से टक्कर हो गई. घटना में टेंपो चालक पाली निवासी विजय खलखो को चोट लग गई. टेंपो को भी नुकसान पहुंचा. घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से टेंपो चालक को डकरा अस्पताल पहुंचाया गया. जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार किया. वहीं हाइवा डंपर पतरातु से कोयला अनलोड करके आम्रपाली लौट रहा था. मालुम हो कि खलारी कोयलांचल के डकरा खलारी मार्ग से प्रतिदिन सैकंड़ों कोयला और फलाई एश लो डंपर गुजरते है. क्षेत्र से गुजरने वाले हाइवा डंपरों की स्पीड काफी तेज रहती है. जिससे कि हमेशा दुर्घटना होने की संभवाना बनी रहती है.

## सरहुल पूजा सह मिलन समारोह का आयोजन

**बुढ़मू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सोमवार को बुढ़मू प्रखंड क्षेत्र के अंतर्गत सिदरोल के चेडी सरना में प्रखण्ड स्तरीय सरहुल पूजा सह मिलन समारोह करने को लेकर बैठक आयोजित किया गया। बैठक की अध्यक्षता रामकुमार टाना भगत ने किया। और बैठक का संचालन सोनू मुण्डा ने किया। इस दौरान बैठक में उपस्थित लोगों ने सर्वसम्मति से सरहुल पूजा सह मिलन समारोह प्रखंड में शांतिपूर्ण मानने का निर्णय लिया गया। बैठक में पूर्व प्रमुख रामेश्वर पहान,धर्मेश भगत, बिरजू मुण्डा, सुशील मुण्डा सहित कई लोगों ने अपना अपना विचार को रखा। साथ ही सरहुल से संबंधित कई विषयों पर चर्चा की गई। मौके पर राजेश पहान, भुनेश्वर पहान, सुरेश मुण्डा,अंबर मुण्डा,आकाश मुण्डा, अजय मुण्डा, बालकृष्ण पहान सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## सिल्ली की आठवीं की छात्रा की सड़क दुघर्टना में मौत

**सिल्ली(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिल्ली प्रखंड क्षेत्र के लुपुंग की रहनेवाली आठवीं कक्षा की छात्रा रिमझिम रजवार उम्र लगभग 14 वर्ष की सड़क दुघर्टना में रविवार को मृत्यु हो गई। रिमझिम रजवार अपने मामा घर हजारीबाग से बाइक से लौट रही थी ।चितरपुर के पास पीछे से टेम्पो के जोरदार टक्कर से बुरी तरह से घायल हो गई। वहीं बाइक चला रहे मामा भी घायल है। प्रत्यक्ष दर्शियों के अनुसार एक ट्रैक्टर पीछे से टेम्पो को धक्का मारा, टेम्पो पीछे से मोटरसाइकिल सवार से टकरा गया। घायलों को नजदीक के अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद रिम्स रेफर कर दिया है। जहां डाक्टरों ने रिमझिम की मौत की पुष्टि कर दी। इस घटना की खबर से सिल्ली लुपुंग टोला में मातम छा गया। रिमझिम रजवार सिल्ली ग्राम विकास सिल्ली स्कूल की छात्रा थी। स्कूल के प्रिंसिपल सुधांशु रंजन प्रमाणिक ने घटना पर काफी अफसोस जताया।

## रफ़्तार का कहर, आरटीसी स्कूल सिंगपुर मुरी के तीन छात्र गंभीर रूप से घायल

**मुरी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मुरी गोला मुख्य मार्ग पर भिखारी चौक के समीप सोमवार की दोपहर में दो बाइकों में आपस में भिड़ंत होने से चारों युवक गंभीर रुप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार आरटीसी स्कूल सिंगपुर मुरी के तीन छात्र लोदमु निवासी भानु महतो, लोसेरा निवासी उदीत महतो,लोसेरा निवासी प्रताप कुमार महतो बोर्ड एग्जाम देकर एक ही बाइक पर तीनों सवार होकर घर जा रहे थे।उसी दौरान वीपरीत दिशा से आ रही वनवाडीह निवासी गौतम मांझी के बाइक के साथ जोरदार टक्कर हो गया जिससे तीनों छात्रों समेत एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। प्रशासन द्वारा चारों घायलों को इलाज के लिए सिंगपुर नर्सिंग होम लाया गया। जहां घायलों का इलाज चल रहा है।

# लोवादाग पंचायत भवन में डालसा का जागरूकता कार्यक्रम

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिल्ली :** माननीय झालसा के निर्देश में माननीय न्यायायुक्त-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार रांची मार्गदर्शन में सिल्ली प्रखंड के लोवादाग पंचायत भवन में 90 डेज जागरूकता कार्यक्रम के तहत डोर-टू-डोर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एलएडीसी डिपुटी चीफ राजेश कुमार सिन्हा, पीएलवी कौशल्या देवी, ब्रजेश कुमार माहतो, बंशीधर महतो, बंशीधर घटवार, सुनील कुमार माहतो, बबलू कुमार महतो, पंकज कुमार माहतो, राजकुमार माहतो एवं राजा वर्मा उपस्थित थे। राजेश कुमार सिन्हा ने ने बाल-विवाह, दहेज प्रथा, डायन बिसाही, कन्या भ्रूण हत्या इत्यादि विषय के संबंध में न्याय प्राप्त करने की जानकारी दी। ग्रामीणों को डालसा के तरफ से निःशुल्क विधिक सेवा प्राप्त करने के तरीकों के बारे में बताया गया। श्री सिन्हा ने मोटरवैहिकल एक्ट,




बाल विवाह कानून एवं दहेज प्रथा कानून के बारे में फोकस किया। उन्होंने कहा कि युवाओं को नशा से दूर रहना चाहिए। नशा से घर और परिवार दोनों नष्ट होता है। उन्होंने कहा राष्टीय लोक अदालत के दिन वादकारियों के वादों को अधिवक्ताओं व मध्यस्थों के द्वारा निःशुल्क निस्तारण किया जाता है। पीएलवी शंकर महतो ने वृद्ध पेंशन, ब्रजेश कुमार ने विधवा पेंशन, बंशीधर महतो ने प्रधानमंत्री आवास योजना, बंशीधर घटवार ने मईया सम्मान योजना, सुनील कुमार महतो ने जॉब कार्ड, बबलू कुमार महतो ने प्री-लिटिगेशन वाद, पंकज कुमार माहतो ने कन्या भ्रूण हत्या एवं राजकुमार माहतो ने जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची से मिलनेवाली सुविधाओं के बारे में जानकारी दी। एलएडीसी डिपुटी चीफ ने कन्या भ्रूण हत्या तथा इससे संबंधित कानून के बारे में भी अपने विचार रखें। इसके अलावा उन्होंने ने बाल विवाह कानून-2006, बाल श्रम, पोक्सो एक्ट, मानव तस्करी, शिक्षा का अधिकार, नालसा, झालसा और डालसा क्या है ? इस पर चर्चा किये। राष्टीय लोक अदालत 08 मार्च को आयोजित होनेवाले आगामी राष्टीय लोक अदालत में सभी आपराधिक सुलहनीय मामले, दीवानी से संबंधित मामले, श्रम से संबंधित वाद, वैवाहिक वाद, पारिवारिक वाद, उत्पाद से संबंधित मामले, चेक बाउंस के मामले, वन विभाग के मामले, बिजली से संबंधित मामले, ट्रैफिक चालान से संबंधित मामले साथ ही साथ भूमि अधिग्रहण, मोटरयान, माप-तौल से संबंधित वाद एवं वैवाहिक से संबंधित मामलों को चिन्हित करके पक्षकारों को नोटिस भेजा जा रहा है।

## झारखंड के विकास को नई गति देने वाला बजट : जहुर अंसारी



**ओरमांझी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झामुमो के वरिष्ठ नेता सह समाजसेवी जहुर अंसारी ने कहा कि 2025-26 वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर द्वारा पेश किए गए वित्तीय अबुआ बजट पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि यह बजट पिछले वित्तीय वर्ष से 13त्न अधिक का है। इसी से यह सिद्ध होता है कि वर्तमान सरकार झारखंड में जन कल्याणकारी योजनाओं को लागू करने के लिए कितनी प्रतिबद्ध है। इस बजट में झारखंड की बेटियों, झारखंड के किसानो, झारखंड के उद्यमी, झारखंड के युवा विद्यार्थियों सभी का ध्यान रखा गया है और सभी को केंद्र में रखकर सर्वस्पर्शी और समावेशी बजट तैयार किया गया है। यह बजट झारखंड को विकास की नई गति देने वाला बजट हैं। उन्होंने बजट के लिए झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर के प्रति आभार व्यक्त किया।

## सरकार को मिले जनादेश का दिखा बजट में असर : साजिद कौसर



**ओरमांझी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** झामुमो के जिला सचिव साजिद कौसर ने बताया कि प्रचंड जनादेश को देखते हुए हेमंत सरकार की कोशिश सबको लुभाने की हैं। बजट में हर माह 200 यूनिट तक मुफ्त बिजली, 201 से 400 यूनिट खपत पर अनुदान, मंईयां सम्मान, रियायती धोती-साड़ी, लुंगी, सर्वजन पेंशन समेत अन्य योजनाएं शामिल हैं। मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, अबुआ आवास, अबुआ स्वास्थ्य, गुरुजी क्रेडिट कार्ड, छात्रवृत्ति योजनाएं, मरांग गोमके पारदेशीय छात्रवृत्ति योजना आदि शामिल हैं। बजट समृद्ध, खुशहाली, विकसित झारखंड को लक्ष्य कर बनाया गया है। इसमें शिक्षा, स्वास्थ्य, समाज कल्याण, गरीब, श्रमिक, किसान, महिला, एसटी, एससी, पिछड़ा वर्ग और अल्पसंख्यक सहित सभी वर्ग का ध्यान रखा गया हैं। खेल, पर्यटन, कला-संस्कृति सहित इंफ्रास्ट्रक्चर विकास पर भी जोर दिया गया हैं। सरकार अनुदान और जनकल्याणकारी योजनाएं जारी रखी। फोकस क्षेत्र को देखते हुए बजट का अधिकांश हिस्सा समाज कल्याण, स्वास्थ्य, ऊर्जा, पथ निर्माण, ग्रामीण विकास, कृषि, शिक्षा और पेयजल पर व्यय होगा। बजट में जनता की जेब का ख्याल रखा गया। यानी राज्य सरकार लोगों पर अतिरिक्त टैक्स का बोझ डालने के पक्ष में नहीं है।

## महापर्व प्राकृतिक सरहुल पूजा को लेकर मायापुर सरना स्थल में बैठक संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ओरमांझी :** प्रखंड क्षेत्र स्थित हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी आदिवासी 22 पड़हा सरना समिति सदमा ओरमांझी - कांके क्षेत्र के अध्यक्ष बाबूलाल महली ने महापर्व प्राकृतिक सरहुल पूजा 2025 को लेकर मायापुर सरना स्थल में समय सुबह 07 बजे बैठक रखी गई ! बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया की दिनांक 31-03-2025 दिन सोमवार को सामूहिक उपवास , 01-04-2025 दिन मंगलवार को सभी ग्राम के सरना में पाहन के अगुवाई से 11 बजे पूजा पाठ, वो 02-04-2025 दिन बुधवार को 29 वां सरहुल जुलुस शोभा यात्रा समय 2 बजे से समाप्ति तक मायापुर सरना स्थल मे कार्यक्रम आयोजित किया गया है ! अध्यक्ष बाबूलाल महली ने अपना विचार दिय की इस बार सरहुल



पूजा में हमारे आदिवासी के घरों पर सरना झंडा अवश्यक लगाएं , 22 पड़हा के हर गांव में सरहुल के लेकर बैठक अभियान चलेगी सरहुल पूजा में नया फल चढ़ता है जैसे कटहल, जिरूल फूल, पुटकल साग, नया सखुवा पता वैगरहा बहुत सा ऐसा फल है जो पूजा से पहले नहीं खाना चाहिए।आदिवासी 22 पड़हा सरना समिति ने सभी आदिवासियों को अवगत कराया जा रहा है की चैत महीना सरहुल पूजा तक किसी का घर में शादी विवाह, छेका कार्यक्रम नहीं करना है अगर इस बीच कोई भी आदिवासी समाज ने शुभ बिबाह, छठी छिला करतें है तो 22 पड़हा ने इसके ऊपर विरोध करेंगे।बैठक में मुख्य रूप से बाबूलाल महली ( अध्यक्ष) , रमेश चंद्र उरांव (संरक्षक), ललिता पाहन (उपाध्यक्ष), रमेश उरांव (सचिव), धनेश्वर मुंडा (कोषाध्यक्ष), गीता कच्छप पूर्व मुखिया सदमा,अमित पाहन, रंजीत पाहन, रवि मुंडा, जेठू मुंडा, भगत उरांव, दीपक मुंडा, डिस्को मुंडा, अंजन मुंडा, मनसा उरांव, आदि उपस्थित रहे हैं।

# विद्या मंदिर पब्लिक स्कूल द्वारा इटकी प्रखण्ड में वृक्षारोपण किया गया



**इटकी :** सोमवार को विद्या मंदिर पब्लिक स्कूल के 19 झारखण्ड बटालियन के एन.सी.सी कैडेट एवं स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा प्रखण्ड कैम्पस में वृक्षारोपण अभियान चला कर वृक्षारोपण किया गया। वृक्षारोपण अभियान कार्यक्रम की शुरुआत ईटकी बाजार टांड़ में समाजसेवी लाल नाथ शहदेव के द्वारा की गई। स्कूल निर्देशक सुरेश साहु ने समाजसेवी लाल नाथ शहदेव को सोल दें कर सम्मानित किए। अभियान बाजार परिसर से शुरू हो कर ईटकी प्रखण्ड कार्यालय तक आई। अभियान में एन.सी.सी कैडेट ने एक कदम वृक्षारोपण, हजार कदम उन्नति की ओर, वृक्षों की जब करोगे रक्षा, तभी बनेगा जीवन अच्छा इत्यादि के नारे द्वारा लोगों को वृक्ष लगाने का संदेश दिया। आज के मुख्य अतिथि प्रखण्ड विकास पदाधिकारी प्रवीण कुमार के द्वारा प्रखण्ड कार्यालय में वृक्षारोपण किया गया। उन्होंने वृक्षों के महत्व को बताते हुए लोगों को वृक्ष लगाने के लिए प्रोत्साहित किए। स्कूल के विद्यार्थियों ने वृक्षों की रक्षा विषय पर भाषण दिए। अभियान की अगवाई श्री लाल नाथ शहदेव एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम की अगवाई ईटकी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी श्री प्रवीण कुमार के द्वारा की गई। इस कार्यक्रम में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी प्रवीण कुमार, समाज सेवी लाल नाथ शहदेव, विद्या मंदिर पब्लिक स्कूल के निर्देशक सुरेश साहू,एन.सी.सी एन.ओ बाबू लाल कुमार, अध्यापिका मोना शालिनी तिर्की, एन.सी.सी कैडेट, स्कूल के विद्यार्थि सहित अन्य लोग सम्मिलित हुए।

# ऐतिहासिक डोल मेला को लेकर आजसू की बैठक संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नामकुम :** नामकुम प्रखंड अन्तर्गत सिलवे पंचायत के डोल बगीचा स्थित आजसू पार्टी की बैठक समाज सेवी सह सिलवे पंचायत पूर्व मुखिया मानकी धनंजय शाही जी की अध्यक्षता में किया गया। संचालन आजसू पार्टी केन्द्रीय सदस्य राजू नायक ने किया। जिसमें निम्नलिखित विन्दु वार कार्यक्रम का निर्णय लिया गया 23 व 24 मार्च को लगने वाली ऐतिहासिक नवमी डोल मेला में प्रत्येक वर्ष की भाँति इस वर्ष भी भव्य झारखंडी सांस्कृतिक नाच गान, लाइटिंग एवं विधि ब्यवस्था,स्वास्थ्य शिविर एवं पेयजल इत्यादि ब्यवस्था के संदर्भ विषेश चर्चा किया गया। मौके पर केन्द्रीय सचिव जितेंद्र सिंह, केन्द्रीय सदस्य उमेश कुमार महतो,बीरबल बैठा, अधिवक्ता कन्हैया सिन्हा,राजु कुमार महतो,अरविंद मुण्डा,विनोद वर्णवाल,रामदास महतो,विजय नायक,मानकी दिवान शाही,दिलिप सिंह मुण्डा,रंजीत महतो इत्यादि गणमान्य लोग उपस्थित थे।


**नीलाम पत्र पदाधिकारी (खनन), –सह– उप निदेशक खान का कार्यालय, उत्तरी छोटानागपुर अंचल, हजारीबाग।**

–: सूचना :–

नीलाम पत्र पदाधिकारी (खनन)–सह– उप निदेशक, खान का कार्यालय, उत्तरी छोटानागपुर अंचल, हजारीबाग द्वारा चतरा जिला के खनिज अनुदान/पट्टा संबंधी बकाएदारों के विरूद्ध सरकारी राजस्व का भुगतान नहीं होने के फलस्वरूप कुर्की वारन्ट निर्गत किया गया है, जिसका थानावार विवरणी निम्नलिखित है।

| क्र0 सं0 | कुर्की/गि0 वारंट | नी0 पत्र मुकदमा संख्या | बकायेदार का नाम | बकाया नी0 पत्रित राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| (थाना–सदर, चतरा) | | | | |
| 1 | कुर्की वारंट | 148/78-79 | श्री जीवलाल साव, पिता श्री बीजू साव, ग्राम–नगवाँ, पो0– चतरा, थाना– सदर चतरा, जिला– चतरा। | 40,868.00 |
| 2 | कुर्की वारंट | 77/79-80 | श्री चन्दु राम कहार, पिता श्री सरयू राम कहार, ग्राम–नई तालाब चतरा, पो0–थाना–जिला– चतरा। | 21,140.00 |
| 3 | कुर्की वारंट | 59/80-81 | श्री चन्दु राम कहार, पिता श्री सरयू राम कहार, ग्राम–नई तालाब चतरा, पो0–थाना–जिला– चतरा। | 15,473.00 |
| 4 | कुर्की वारंट | 09/97-98 | 2. श्री अगद साव, पिता श्री गया प्रसाद साव, (जनसेवक), ग्राम–जतराहीबाग, पो0–थाना– जिला– चतरा। | 4,04,339.00 |
| 5 | कुर्की वारंट | 06/98-99 | श्री अब्दाल मोहम्मद, पिता मो0 मोहिउद्दीन, ग्राम–बिन्द मुहल्ला चतरा, पो0–थाना–जिला–चतरा। | 32,502.00 |
| 6 | कुर्की वारंट | 07/17-18 | श्री कुमार विवेक, पिता स्व0 शिव कुमार सिंह, ग्राम–टुडाग,पो0– तपेज, थाना–सदर, चतरा, जिला–चतरा। | 3,12,369.00 |
| 7 | कुर्की वारंट | 03/18-19 | मेसर्स जे0पी0एस0 ब्रिक्स प्रो0 श्री अमीत कुमार जायसवाल, पिता श्री शम्भु प्रसाद जायसवाल, ग्राम–अब्बल मुहल्ला, चतरा, पो0–चतरा, थाना–सदर,चतरा, जिला– चतरा। | 3,36,690.00 |
| (थाना–हंटरगंज) | | | | |
| 8 | कुर्की वारंट | 02/00-01 | जय अम्बे ब्रिक्स 1.श्री अरबिन्द सिंह, पिता श्री नितिश्वर सिंह, 2. श्री दिनेश्वर सिंह, पिता श्री जगदेव सिंह, दोनो का पता– ग्राम–सौहाद,पो0–थाना– हण्टरगंज, जिला–चतरा | 1,1,8,538.00 |
| 9 | कुर्की वारंट | 06/00-01 | जय अम्बे ब्रिक्स 1.श्री अरबिन्द सिंह, पिता श्री नितिश्वर सिंह, 2. श्री दिनेश्वर सिंह, पिता श्री जगदेव सिंह, दोनो का पता– ग्राम–सौहाद,पो0–थाना– हण्टरगंज, जिला–चतरा | 15,286.00 |
| 10 | कुर्की वारंट | 01/04-05 | श्री अमरेन्द्र सिंह, पिता श्री दशरथ सिंह, ग्राम–पो0–हिरिंग, थाना– हण्टरगंज,जिला–चतरा। | 1,03,751.00 |
| 11 | कुर्की वारंट | 04/04-05 | श्री सुशील सिंह, पिता श्री नरेश नारायण सिंह, ग्राम–पो0–हिरिंग,थाना– हण्टरगंज, जिला– चतरा | 98,129.0 |
| 12 | कुर्की वारंट | 08/04-05 | श्री पंकज कुमार सिंह उर्फ पिंकू सिंह, पिता श्री बालमुकुन्द सिंह, ग्राम–पो0–धंधरी, थाना– हंटरगंज, जिला– चतरा। | 1,18,980.00 |
| 13 | कुर्की वारंट | 09/04-05 | श्री अमरेन्द्र सिंह, पिता श्री दशरथ सिंह, ग्राम–पो0–हिरिंग, थाना– हण्टरगंज,जिला–चतरा। | 1,13,887.00 |
| 14 | कुर्की वारंट | 07/10-11 | श्री अमरेश सिंह, पिता श्री नरेश सिंह, ग्राम–पो0–हिरिंग, थाना– हण्टरगंज, जिला– चतरा। | 1,62,086.00 |
| 15 | कुर्की वारंट | 08/10-11 | श्री अमरेन्द्र सिंह, पिता श्री दशरथ सिंह, ग्राम– पो0–हिरिंग,थाना– हण्टरगंज, जिला–चतरा | 1,61,661.00 |
| 16 | कुर्की वारंट | 09/10-11 | 1.श्री झखुरी सिंह, पिता श्री गिरजा सिंह, 2.श्री सुमन सिंह, पिता श्री देवनन्दन सिंह, 3.श्री अनुज सिंह, पिता श्री विधा सिंह, सभी का ग्राम–पो0–हिरिंग,थाना– हंटरगंज, जिला– चतरा। | 1,62,086.00 |
| 17 | कुर्की वारंट | 11/10-11 | श्रीमती अनिता देवी, पत्नी श्री सुशील सिंह, ग्राम–पो0–हिरिंग, थाना–हंटरगंज, जिला–चतरा। | 1,01,763.00 |
| 18 | कुर्की वारंट | 13/17-18 | श्रीमती अनिता देवी, पति डा0 सुशील सिंह, ग्राम– पो0–हिरिंग,थाना– हण्टरगंज, जिला–चतरा | 11,32,625.00 |
| 19 | कुर्की वारंट | 04/18-19 | श्री केवल यादव, पिता श्री रउदी यादव, ग्राम–सैयपुर, पो0– नावाडीह, थाना– हण्टरगंज, जिला– चतरा। | 1,32,586.00 |
| 20 | कुर्की वारंट | 13/18-19 | श्री मुनेश्वर सिंह, पिता श्री महेन्द्र सिंह, ग्राम– भोजपुर, पो0–बिहियाँ, थाना– हण्टरगंज, जिला– चतरा। | 12,62,537.00 |
| 21 | कुर्की वारंट | 05/21-22 | श्री केवल यादव, पिता श्री रउदी यादव, ग्राम–सैयपुर, पो0–नावाडीह, थाना–हण्टरगंज, जिला– चतरा। | 2,86,755.00 |
| 22 | कुर्की वारंट | 06/21-22 | श्री केवल यादव, पिता श्री रउदी यादव, ग्राम–सैयपुर, पो0–नावाडीह, थाना–हण्टरगंज, जिला– चतरा। | 2,28,262.00 |
| (थाना–सिमरिया) | | | | |
| 23 | कुर्की वारंट | 09/97-98 | 1.श्री अनील कुमार, पिता श्री लक्ष्मण साव, ग्राम–खपिया, पो0–थाना–सिमरिया, जिला– चतरा। | 4,04,339.00 |
| (थाना–बचरा) | | | | |
| 24 | कुर्की वारंट | 07/87-88 | श्री राज बहादुर सिंह, पिता श्री राम ध्यान सिंह, ग्राम– पो0– थाना– बचरा, जिला– चतरा | 43,789.00 |
| 25 | कुर्की वारंट | 60/96-97 | श्री राज कुमार चौहान, पिता श्री बासुदेव चौहान, ग्राम–पो0–राय, थाना– बचरा, जिला– चतरा। | 61,940.00 |
| (थाना–मयुरहण्ड) | | | | |
| 26 | कुर्की वारंट | 04/88-89 | श्री बालेश्वर साव, पिता श्री राम देव साव, ग्राम– पो0– थाना– मयुरहण्ड, जिला– चतरा | 11,023.00 |
| 27 | कुर्की वारंट | 134/90-91 | श्री रघु सिंह, पिता श्री रामेश्वर सिंह, ग्राम–साले, पो0–पथरा, थाना– मयुरहण्ड, जिला– चतरा । | 26,479.00 |
| (थाना–गिद्धौर) | | | | |
| 28 | कुर्की वारंट | 08/21-22 | मेसर्स सुषमा ब्रिक्स इण्डस्ट्रीज प्रो0 श्री प्रकाश साव, पिता श्री परमेश्वर साव, ग्राम–पो0–गांगपुर, थाना–गिद्धौर, जिला– चतरा। | 4,72,841.00 |
| (थाना–कोठी, गया) | | | | |
| 29 | कुर्की वारंट | 11/17-18 | श्री बिनोद प्रसाद, पिता श्री नारायण प्रसाद, ग्राम–बधौता, पो0–थाना–कोठी, जिला–गया, बिहार। | 6,36,231.00 |
| (थाना–डुमरिया, गया) | | | | |
| 30 | कुर्की वारंट | 11/00-01 | श्री मुखदेव प्रसाद महतो, पिता श्री कृपाल प्रसाद, ग्राम–ज्योतिनडीह, पो0–पिपरा, थाना– डुमरिया, जिला– गया, बिहार। | 1,24,468.00 |
| (थाना–मानपुर, गया) | | | | |
| 31 | कुर्की वारंट | 10/18-19 | श्री अभिषेक आनन्द, पिता स्व0 बिनोद सिंह, ग्राम–मानपुर कुम्हार टोली, पो0– बुनियादगंज, थाना– मानपुर, जिला–गया, बिहार। | 14,22,511.00 |
| (थाना–सदर, हजारीबाग) | | | | |
| 32 | कुर्की वारंट | 12/18-19 | मेसर्स पुष्पांजली कंसट्रक्शन प्रो0 श्री अजय कुमार सिंह, पिता श्री राम लखन प्रसाद सिंह, ग्राम– साकेतपूरी सदानन्द रोड, थाना–सदर, पो0–जिला– हजारीबाग। | 18,38,273.00 |

अतः उपरोक्त बकायेदारों को सूचित किया जाता है कि वे अविलम्ब बकाये राशि का Online भुगतान कर नीलाम पत्र पदाधिकारी,(खनन), हजारीबाग के न्यायालय को सूचित करें अन्यथा वारंट तामिला कर दिया जायेगा।

नीलाम पत्र पदाधिकारी,खनन, हजारीबाग।

PR 347559 (Mines and Geology) 24-25 (D)

## सैमसंग ने लॉन्च किए गैलेक्सी एम16 5जी और गैलेक्सी एम06 5जी




**जमशेदपुर/रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** भारत के प्रमुख कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड सैमसंग ने सोमवार को गैलेक्सी एम16 5जी और गैलेक्सी एम06 5जी लॉन्च करने की घोषणा की। ये स्मार्टफोन स्टाइलिश डिजाइन और अत्याधुनिक तकनीक के साथ आते हैं। गैलेक्सी एम16 5जी में 6.7 इंच एफएचडी सुपर एमोलेड डिस्प्ले है, जो बेहतरीन व्यूइंग एक्सपीरियंस देता है। वहीं, गैलेक्सी एम06 5जी में 6.7 इंच एचडी डिस्प्ले दिया गया है। दोनों फोन आकर्षक रंगों में उपलब्ध हैं। इन स्मार्टफोन्स के जरिए सैमसंग एक नया बेंचमार्क सेट करने को तैयार है। इसके अलावा, सैमसंग नॉक्स वॉल्ट और टैप एंड पे जैसे फीचर्स भी उपलब्ध हैं। इस संबंध में सैमसंग इंडिया के एम एक्स बिजनेस के जनरल मैनेजर अक्षय एस राव ने कहा कि ''गैलेक्सी एम16 5जी और गैलेक्सी एम06 5जी बेहतरीन इनोवेशन और दमदार परफॉर्मेंस के साथ आते हैं, जो एम सीरीज की पहचान हैं। नया डिजाइन और दमदार हार्डवेयर इन डिवाइसेस को स्टाइलिश और परफॉर्मेंस के मामले में बेहतर बनाते हैं।

## साउथ प्वाइंट स्कूल पटमदा में मनाई गई जमशेदजी टाटा की 186वीं जयंती



**पटमदा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सोमवार को साउथ प्वाइंट स्कूल पटमदा में सुबह की प्रार्थना के दौरान जमशेदजी टाटा की 186वीं जयंती मनाई गई। उनकी स्मृतियों को याद करते हुए विद्यालय के प्राचार्य अरुण कुमार सिंह ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि टाटा ने 1907 में देश की पहली स्टील कंपनी टाटा स्टील एंड आयरन कंपनी, टिस्को खोली थीं। टाटा ग्रुप नमक से लेकर ट्रक तक बनाती है। इस मुकाम तक लाने में सबसे प्रमुख भूमिका जमशेदजी टाटा जी की है। जमशेदजी का विजन झारखंड के जमशेदपुर में दिखता है जो कि टाटानगर के नाम से मशहूर है।

## नुक्कड़ नाटक मंचन कर ग्राम सभा को सशक्त करने का दिया संदेश



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** ग्राम सशक्तिकरण परियोजना के तहत अजीम प्रेम जी फाउंडेशन के सहयोग से यूथ यूनिटी फॉर वॉलंटरी एक्शन (युवा), जमशेदपुर संस्था के माध्यम से नुक्कड़ नाटक कार्यक्रम का आयोजन कार्यरत तीन पंचायतों में गांव स्तर पर किया गया। इस नुक्कड़ नाटक द्वारा ग्राम सभा का सामूहिक विकास के लिए बैठकी करना, मनरेगा के तहत काम मांगना, अन्य सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया और पलायन रोकने में मदद करना, ग्राम सभा के माध्यम से योजनाओं का चयन करना इत्यादि के विषय पर नुक्कड नाटक आयोजित कर जागरूक किया गया।नाटक का आयोजन ढेंगाम, नारदा, तेंतला, बड़ा बांदुआ, सिदिरसाई , धुरूवा लुपुंग आदि गांवों में किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में युवा के कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों का सहयोग रहा।

## नटायरुली में फेयर एडवाइज़र एंड लीगल सर्विस का वार्षिक सम्मेलन



**राजनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** राजनगर प्रखंड के एदल पंचायत के नटायरुली में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी फेयर एडवाइजर एंड लीगल सर्विसेज का वार्षिक सम्मेलन धूमधाम से सम्पन्न हुआ। इस मौके पर उक्त कंपनी के डायरेक्टर निधि यादव ने सभी कर्मचारियों को उनके उत्कृष्ट कार्यो के लिए सम्मानित किया। मौके पर कंपनी के डायरेक्टर निधी यादव ने कहा कि हमारा कार्य बैंकिंग सेक्टर को मदद पहुंचना है, जिसमें हमारे सभी कर्मचारी अपनी बेहतर भूमिका निभाते हुए आज इस ऊंचाइयों तक पहुचाने का कार्य किया है कि हमारा संस्थान आज भारत के 11 राज्यों में कंपनी का विस्तार कर चुका है और आने वाले समय में यह कंपनी विदेशों में कार्य करेगी। जिसकी तैयारी हो चुकी है। मौके पर कंपनी के मैनेजर कुलदीप कुमार, पंकज मुखर्जी, शशि कांत पातर, गुलशन कुमार, अमनदीप सिंह, विकास कुमार(लालू), अभिषेक षाड़ंगी, नेहाल सिंह, तुलसी देवगम, सेकेट्री मौसमी चैटर्जी, पूजा दास, सोनी कुमारी, खुशबू कुमारी, प्रति कुमारी, स्मिता पिंगऊवा, रौशनी कुमारी, रवि रंजन, सुकुमार मंडल व मिरणाल पाल आदि का सराहनीय योगदान रहा।

## 8 सूत्री मांगों के समर्थन में मेटालसा के मजदूर गए हड़ताल पर




**गम्हरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** कंपनी के एचआर हेड अरशद अली और प्लांट हेड शशि कुमार के व्यवहार से क्षुब्ध गम्हरिया प्रखंड के भोलाडीह स्थित मेटालसा कंपनी के मजदूर अपनी आठ सूत्री मांगो को लेकर सोमवार से हड़ताल पर चले गए। इस दौरान मजदूरों ने कम्पनी गेट के समक्ष प्रदर्शन करते हुए धरना दिया। मजदूरों ने दोनों ही अधिकारियों पर जबरन मानसिक प्रताड़ना देकर उनसे काम कराने का आरोप लगाया है। इस मौके पर मेटालसा वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष राजीव पांडेय ने बताया कि अधिकारियों द्वारा औद्योगिक शांति भंग करने एवं श्रमिकों को आंदोलन के लिए उकसाने का प्रयास किया गया है। बताया कि बीते 27 फ़रवरी को दोनों अधिकारियों ने यूनियन के पदाधिकारियों एवं सदस्यों से जबरन हस्ताक्षर कराया है जो गलत है और श्रम कानूनों का उल्लंघन है। उन्होंने बताया कि उनके द्वारा प्रतिदिन मजदूरों को बिना वेतन के 3 से 5 घंटे का ओवर टाइम करने के लिए मजबूर किया जाता है। इसके अलावा कंपनी परिसर में हुई दुर्घटनाओं की अनदेखी की जाती है। कंपनी में सुरक्षा उपायों का पालन नहीं किया जाता है। यूनियन अध्यक्ष ने बताया कि इन अधिकारियों द्वारा व्हाट्सएप के माध्यम से पांच मिनट में नई नीतियां लागू कर श्रमिकों पर जबरन दबाब डाला जाता है। मजदूरों को रात्रि पाली अलाउंस नहीं दिया जाता है एवं वर्क स्टैंडिंग ऑर्डर की प्रति उपलब्ध नहीं कराई जाती है। उन्होंने इस पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच करने एवं दोषियों पर अनुशासनात्मक कार्रवाई करने की मांग की है। साथ ही, मजदूरों से जबरन लिए गए हस्ताक्षर को अमान्य घोषित करते हुए दस्तावेज मजदूरों को लौटाने, अस्थाई और स्थाई कर्मचारियों को बिना वेतन कराए गए ओवरटाइम का पूरा भुगतान करने, अविलंब भविष्य में जबरन श्रम पर पूर्णतः रोक लगाने, औद्योगिक शांति बनाए रखने के लिए श्रमिक हितों की रक्षा हेतु पारदर्शी वार्ता प्रक्रिया सुनिश्चित कराने, कोरोना काल के दौरान केंद्रीय मंत्रालय द्वारा आर्थिक राहत राशि के दुरुपयोग की जांच कराने, सांस्कृतिक एवं अन्य कार्यक्रमों के दौरान मुख्य द्वार बंद कर श्रमिकों को जबरन रोकने की प्रथा बंद करने, वर्क स्टैंडिंग आर्डर का उल्लंघन कर केवल नाइट शिफ्ट और ए शिफ्ट कराए जाने की प्रथा पर रोक लगाने, नाइट शिफ्ट में श्रमिकों को उचित टी ब्रेक एवं आराम की सुविधा प्रदान करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि इन मांगों को लेकर प्रबंधन को वार्ता करने हेतु 72 घंटे का अल्टीमेटम दिया गया है। इसके बाद यदि प्रबंधन वार्ता कर सकारात्मक पहल नहीं करती है तो आंदोलन को तेज किया जाएगा। इस मौके पर काफी संख्या में मजदूर उपस्थित थे।

# टाटा स्टील ने संस्थापक जेएन टाटा को उनकी 186वीं जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** टाटा स्टील ने सोमवार को अपने संस्थापक जमशेदजी नसरवानजी टाटा को श्रद्धांजलि अर्पित की, जिन्हें भारतीय उद्योग जगत के जनक के रूप में माना जाता है। उनकी 186वीं जयंती के अवसर पर संस्थापक दिवस पूरे सम्मान और उत्साह के साथ मनाया गया। यह प्रतिष्ठित आयोजन हर वर्ष 3 मार्च को जमशेदपुर में आयोजित किया जाता है, जहां जमशेदजी टाटा की दूरदृष्टि और औद्योगिक भविष्य की उनकी कल्पना को याद किया जाता है। उनका विचार केवल औद्योगीकरण तक सीमित नहीं था, बल्कि उसमें सामुदायिक विकास और सामाजिक कल्याण की नींव भी शामिल थी। इस वर्ष के संस्थापक दिवस की थीम बाज़ार, तकनीक और लागत में नेतृत्व% है, जो हमारे इस संकल्प को दोहराती है कि हम ग्राहकों की आवश्यकताओं को प्राथमिकता देंगे और वैश्विक लागत नेतृत्व हासिल करने के लिए प्रौद्योगिकी का प्रभावी उपयोग करेंगे। जमशेदपुर वर्क्स में कार्यक्रम की शुरुआत वर्क्स मेन गेट पर संस्थापक को श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ हुई। इस अवसर पर वरिष्ठ अधिकारियों, टाटा वर्कर्स यूनियन (टीडब्ल्यूयू ) के वरिष्ठ पदाधिकारियों, ग्रुप कंपनियों के अधिकारियों और जमशेदपुर के नागरिकों ने संस्थापक को नमन किया। एन चंद्रशेखरन (चेयरमैन, टाटा संस), टीवी नरेंद्रन (सीईओ एवं एमडी, टाटा स्टील), कौशिक चटर्जी (एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर एवं चीफ फाइनेंशियल ऑफिसर, टाटा स्टील), ऋतुराज सिन्हा (मैनेजिंग डायरेक्टर, टाटा स्टील यूआईएसएल), संजीव कुमार चौधरी (प्रेसिडेंट, टाटा वर्कर्स यूनियन) और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने जमशेदपुर वर्क्स में आयोजित समारोह में संस्थापक को श्रद्धांजलि अर्पित की।



**इसके बाद जमशेदपुर शहर के मध्य स्थित पोस्टल पार्क में भी संस्थापक को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।**

संस्थापक दिवस की पूर्व संध्या पर एन चंद्रशेखरन ने टाटा स्टील और ग्रुप कंपनियों के वरिष्ठ लीडर्स के साथ जुबिली पार्क में विद्युत सज्जा की औपचारिक शुरुआत की। हर वर्ष टाटा स्टील अन्य टाटा समूह कंपनियों के साथ मिलकर अपने संस्थापक की जयंती मनाती है और उनके उस दृष्टिकोण को सम्मान देती है, जिसमें औद्योगिक विकास के साथ-साथ सामुदायिक कल्याण को केंद्र में रखा गया था।

जेएन टाटा ने 1870 के दशक में मध्य भारत में एक कपड़ा मिल से अपने उद्यमशीलता सफर की शुरुआत की थी। उनकी दूरदृष्टि ने न केवल भारत में इस्पात और ऊर्जा उद्योग को प्रेरित किया, बल्कि तकनीकी शिक्षा की नींव भी रखी, जिससे देश को औद्योगिक प्रगति में एक महत्वपूर्ण बढ़त मिली।

## झारखंड मे विकास के नए कीर्तिमान स्थापित किए जाएंगे : बन्ना गुप्ता

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** राज्य की गठबंधन सरकार ने 1 लाख 45 हजार 400 करोड़ का दूरदर्शी एवं जनहित को ध्यान मे रखते हुए बजट पेश किया, जो पिछले वित्तीय वर्ष से 13त्न अधिक है, यह दर्शाता हैं कि हेमंत सरकार पार्ट 2 का मकसद सिर्फ सरकार चलाना नहीं अपितु जनता तक चल कर सरकारी सुविधा और लोक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचना हैं। यह बजट एक तरफ झारखंड की सामाजिक कल्याण व्यवस्था को मजबूती देने के साथ-साथ युवाओं को रोजगार, किसानों को कृषि सहायता और मजदूरों के सशक्तिकरण का रोडमैप तैयार करेगा। जबकि दूसरी तरफ शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करते हुए शिक्षित झारखंड के सपने को भी साकार करेगा, साथ ही हेमंत सरकार पार्ट 1 की तर्ज पर राज्य की स्वास्थ्य व्यवस्था को भी मजबूती प्रदान करेगा, नए मेडिकल कॉलेज का निर्माण, आधारभूत संरचनाओं की व्यवस्था एवं सुदूर एवं ग्रामीण स्तर तक स्वास्थ्य



व्यवस्था को पहुंचाने का कार्य किया जायेगा। यह एक संतुलित और विकासोन्मुखी बजट हैं जो झारखंड को आत्मनिर्भर और समृद्ध बनाने की दिशा मे अग्रसर होगा।

## कालिंदी ने सदन में उठाया छोटाबांकी डैम के सौंदर्याकरण का मामला

प्रभात मंत्र संवाददाता

**पटमदा :** षष्ठम झारखंड विधान सभा के द्वितीय (बजट) सत्र के शून्यकाल के दौरान सोमवार को जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी ने जमशेदपुर प्रखंड अंतर्गत पलासबनी पंचायत के छोटाबांकी डैम के सौंदर्यीकरण करने का मामला सदन में उठाया। विधायक ने कहा कि छोटाबांकी डैम सुंदर वादियों के बीच अवस्थित है। यहां झारखंड राज्य के साथ-साथ अन्य राज्यों से भी पर्यटक घूमने के लिए आते हैं। परंतु उक्त डैम के सौंदर्याकरण, डैम तक पहुंच पथ का चौड़ीकरण तथा पर्यटकों के ठहरने एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था नहीं रहने के कारण पर्यटकों में निराशा तथा क्षेत्रीय ग्रामीणों को रोजगार की



भी समस्याएं हो रही है। विधायक ने डैम के सौंदर्याकरण, डैम तक पहुंच पथ का चौड़ीकरण तथा पर्यटकों के ठहरने एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था कराने की मांग सरकार से की है।

## खुंटपानी में फुटबॉल प्रतियोगिता आयोजित, विधायक दशरथ ने दिया पुरस्कार

प्रभात मंत्र संवाददाता

**खरसावां :** मागे पर्व के उपलक्ष्य पर प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी खूंटपानी प्रखंड के बड़ाचिरू पंचायत के कुम्बराम में एनएससी की ओर से तीन दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 40 टीमों ने हिस्सा लिया। फुटबॉल प्रतियोगिता के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में खरसावां विधायक दशरथ गागराई शामिल हुए। फाइनल मैच गंगीडीह एफसी व रोमा एफसी के बीच खेला गया। जिसमें गंगीडीह एफसी की टीम विजेता रही। विजेता टीम को 8 हजार एवं उपविजेता रोमा एफसी की



टीम को 6 हजार रुपए नगद राशि के साथ एक-एक खस्सी देकर अतिथियों के द्वारा पुरस्कृत किया गया। जबकि तीसरे स्थान पर रहे दिऊरीसाई एफसी को 4 हजार व चौथे स्थान पर रहे सन बी एंड कृतिका एफसी की टीम को 2 हजार रूपए के साथ एक-एक खस्सी देकर सम्मानित किया गया। 40 प्लस का फाइनल मैच नाइट किंग गम्हरिया एवं पुलिस टीम चाईबासा के बीच खेला गया। जिसमें गम्हरिया की टीम विजेता रही। विजेता एवं उपविजेता को 1-1 खस्सी देकर पुरस्कृत किया गया। वहीं तीसरे स्थान पर रहे रामू ब्रदर्स की टीम को भी एक खस्सी देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान विधायक दशरथ गागराई ने कहा कि फुटबॉल कोल्हान का सबसे लोकप्रिय खेल है। राज्य सरकार खेल को बढ़ावा देने के लिए लगातार कार्य कर रही है। खेल में हार जीत होना तय है, लेकिन खिलाड़ी को आगे बढ़ने के लिए यह मायने नहीं रखता बल्कि उसे हर मैच में बेहतर प्रदर्शन करने की कोशिश करनी चाहिए। मौके पर विधायक की पत्नी सह समाजसेवी बांसती गागराई, दुर्गा चरण पाड़ेया, डिम्बु तियू, बबलू गोडसोरा, सुदराय पाड़ेया, ज्योति बोदरा व हेमंत गोडसोरा समेत काफी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद थे।

## जमशेद जी टाटा दूरदर्शी थे : बन्ना गुप्ता



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** जमशेद जी टाटा ने लौहनगरी जमशेदपुर को स्वच्छ, सुंदर और आधुनिक सुविधाओं का शहर बनाने का सपना देखा था, यहां रहने वाले हर वर्ग के नागरिकों को बेहतर और गुणात्मक नागरिक सुविधाएं उपलब्ध कराने का सपना उन्होंने देखा था, उनकी दूरदर्शी सोच का परिणाम हैं कि जमशेदपुर आज देश के प्रसिद्ध एवं उन्नत शहर के रूप मे विश्व विख्यात हैं। जमशेदजी टाटा के 186वीं जयंती के अवसर पर बिष्टुपुर पोस्टल पार्क में पूर्व मंत्री बन्ना गुप्ता ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें अपनी श्रद्धांजलि अर्पित किया।

## जेएन टाटा की जयंती पर कदमा-सोनारी लिंक रोड वॉकिंग ग्रुप के सदस्यों ने काटा केक

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** 3 मार्च 1839 देश के इतिहास का एक महत्वपूर्ण दिन है जब टाटा स्टील और जमशेदपुर शहर के संस्थापक जमशेदजी नसरवानजी टाटा का जन्म हुआ था। न सिर्फ टाटा स्टील वर्क्स परिसर और टाटा के अन्य संस्थानों में बल्कि पूरे जमशेदपुर में धूमधाम से आज के दिन टाटा बाबा की जयंती मनाई जाती है। अपने संस्थापक को प्यार से जमशेदपुर के लोग टाटा बाबा ही बुलाते हैं। सोमवार को कदमा-सोनारी लिंक रोड में अधिवक्ता सुधीर कुमार पप्पू के नेतृत्व में लिंक रोड वॉकिंग ग्रुप के सदस्यों ने केक काटकर 186वां संस्थापक दिवस मनाया और संस्थापक जेएन टाटा के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर काफी संख्या में मॉर्निक वॉकर्स जुटे और संस्थापक के प्रति आभार जताया। इस मौके पर अधिवक्ता सुधीर कुमार पप्पू ने कहा कि यह शहर टाटा की बहुत बड़ी देन है। कदमा-सोनारी लिंक रोड वॉकिंग एरिया और ओपन जिम जिस प्रकार आधुनिक तरीके से बनाकर उसका बेहतर रखरखाव किया जा रहा है, वह प्रशंसनीय है। सिर्फ महिलाओं और अन्य



लोगों के लिए एक प्रसाधन (टॉयलेट) की कमी है, जिसे पूरा कर दे कंपनी तो लोगों को सहूलियत होगी। साथ ही सुधीर कुमार पप्पू ने टीएमएच की स्वास्थ्य सुविधा को और बेहतर करने और रोजगार के क्षेत्र में कंपनी को बढ़िया पहल करने का निवेदन किया। इस मौके पर अन्नी अमृता, मंटू सिंह, अनिल गुप्ता, संजय प्रसाद, ललन सिंह, विजय कुमार, अरुण जॉन, प्रदीप लाल, संतोष प्रसाद, संजय रजक, अनिल सिंह, डी बॉस अशोक सिंह, हरिदास, सर्विस प्रसाद, अजय कुमार, पुदान चौधरी,सर्वेश,राहुल, सुमित ठाकुर,कवि बेहरा और मॉर्निंग वॉकर्स ग्रुप के अन्य सदस्य मौजूद थे।

## गोड्डा में अपना नया शोरूम के साथ कल्याण ज्वैलर्स ने झारखंड में किया विस्तार

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गोड्डा :** भारत के सबसे बड़े और विश्वसनीय आभूषण ब्रांडों में से एक, कल्याण ज्वैलर्स ने गोड्डा में अपना नया शोरूम भागलपुर रोड, एचपी पेट्रोल पंप के पास भव्य रूप से लॉन्च किया। इस विस्तार के साथ ब्रांड झारखंड बाजार में अपनी मजबूत उपस्थिति और प्रतिबद्धता को और मजबूत कर रहा है। नया और शानदार शोरूम अपने ग्राहकों के लिए विभिन्न कलेक्शनों की एक विस्तृत श्रृंखला प्रस्तुत करता है। ग्राहक यहां विश्वस्तरीय माहौल और अत्याधुनिक सुविधाओं के साथ एक बेहतरीन शॉपिंग अनुभव का आनंद ले सकते हैं। इस अवसर पर कल्याण ज्वैलर्स के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर रमेश कल्याणरमन ने कहा, ÷गोड्डा में कल्याण ज्वैलर्स के नए शोरूम के लॉन्च के साथ, हमारा लक्ष्य ग्राहकों की अनूठी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए एक ऐसा व्यापक इकोसिस्टम बनाना है, जिससे उनकी खरीदारी का अनुभव और भी शानदार हो सके। हम लगातार आगे बढ़ते हुए अपने ग्राहकों को विश्वस्तरीय माहौल प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, साथ ही हम कंपनी के विश्वास



और पारदर्शिता के मूल मूल्यों के प्रति सच्चे रहते हुए अपने ग्राहकों को सर्वश्रेष्ठ खरीदारी की पेशकश जारी रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इस पर कल्याण ज्वैलर्स ने मेकिंग चार्जेस पर फ्लैट 50त्न की छूट की घोषणा की है। नये शोरूम में लोकप्रिय हाउस ब्रांड्स की विस्तृत श्रृंखला जैसे मुहूर्त (विवाह आभूषण संग्रह), मुद्रा (हस्तनिर्मित प्राचीन आभूषण), निमा (मंदिर आभूषण), ग्लो (डांसिंग डायमंड्स), जिया (सॉलिटेयर-जैसे डायमंड आभूषण), अनोखी (अनकट डायमंड्स), अपूर्वा (विशेष अवसरों के लिए डायमंड्स), अंतरा (विवाह डायमंड्स) आदि की श्रृंखला उपलब्ध है।

## टाटा ग्रुप राष्ट्र व समाज के साथ अपना उद्योग व्यापार भी सही ढंग से चलाएगा : एन चंद्रशेखरन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** जमशेदपुर के लिए हमारी प्रतिबद्धता काफी बड़ी है। सब कुछ जमशेदपुर से शुरू हुआ है। जमशेदपुर हमारा परिवार जैसा हैं। यह उद्गार सोमवार को पत्रकारों से बात करते हुए टाटा संस के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन ने व्यक्त की। वे आज टाटा स्टील के संस्थापक जमशेदजी नसरवानजी टाटा की 186वीं जयंती पर जेएन टाटा को टाटा स्टील मुख्य द्वार पर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद मीडिया से मुखातिब हुए। उन्होंने कहा कि एआई का प्रयोग देश के लिए और टाटा अपने लिए डाटा के रूप में करेगी। इसका उपयोग वर्क्स में कैसा करना चाहिए? इस पर विचार चल रहा है। एआई के प्रयोग से उत्पादकता की क्षमता बढ़ेगी, नए रोजगार के अवसर मिलेंगे। उन्होंने कॉस्ट मैनेजमेंट पर ध्यान देने की बात कही। साथ ही एआई, हाइड्रोजन से स्टील बनाने आदि पर निवेश करने की बात की। उन्होंने कहा कि हमें अपने कर्मचारियों के साथ, देश की सरकार सहित सब का सहयोग मिलेगा। उन्होंने कहा कि टाटा ग्रुप सेमीकंडक्टर के क्षेत्र में इलेक्ट्रॉनिक, हेल्थ, डिफेंस,



एयरो स्पेस, चिप्स आदि के निर्माण में निवेश कर रहा है। इसके अलावा मोबाइल, 5जी आदि में भी काम चल रहा है। मेडिकल के क्षेत्र में इंडियन इंस्टीट्यूट आफ साइंस में काफी रिसर्च का काम चल रहा है। उन्होंने कहा कि हमें उम्मीद है की सब के सहयोग से टाटा ग्रुप राष्ट्र और समाज के लिए काम करने के साथ-साथ अपना उद्योग व्यापार भी सही ढंग से चलाएगा।

## तिरूलडीह थाना परिसर में जमीन विवाद के निपटारे को लेकर शिविर आयोजित

प्रभात मंत्र संवाददाता

**ईचागढ़ :** जिला प्रशासन के निर्देश पर कुकड़ु प्रखंड के तिरूलडीह थाना परिसर में थाना प्रभारी एवं अंचलाधिकारी की उपस्थिति में जमीन विवाद का निपटारा हेतु एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। इसमें कुल 28 जमीन संबंधी मामलों का आवेदन जमा किया गया। जमीन संबंधी मापी एवं नोटिस तामील कर सभी पक्षों को बुलाकर जमीन संबंधी विवाद का निपटारा किया जाएगा। मापी के लिए तिथि भी अंचलाधिकारी द्वारा निर्धारित की गई। वहीं थाना प्रभारी अविनाश कुमार ने बताया कि लगातार थाना और अंचल में जमीन विवाद को लेकर आवेदन प्राप्त होता



है। लोगों को थाना और अंचल कार्यालय का चक्कर लगाना पड़ता था, पीएम आवास एवं आबुआ आवास निर्माण में भी जमीन विवाद के चलते कार्य नहीं हो पा रहा था, जिससे अंचलाधिकारी के साथ मिलकर थाना परिसर में शिविर का आयोजन किया गया एवं शिविर में ही जमीन मापी के लिए तिथि तय कर दिया गया। उन्होंने कहा कि दो सप्ताह के अंदर आवेदित सभी जमीन विवाद का निपटारा कर लिया जाएगा। लोगों को इस तरह की पहल से जमीन विवाद के लिए काफी सहयोग मिला। अंचलाधिकारी सत्येन्द्र नारायण पासवान ने कहा कि जमीन विवाद निपटारा के लिये प्राप्त आवेदनों में कुछ मामलों का शिविर में ही समाधान किया गया और बचे मामलों का बहुत जल्द निपटारा किया जाएगा।

संपादकीय

## खाद का संकट

देश के कई राज्यों में रासायनिक खादों की मांग में अप्रत्याशित वृद्धि ने नीति-नियंताओं को चौंकाया है। विशेषकर हरियाणा में यूरिया और डाई-अमोनियम फॉस्फेट यानी डीएपी की खपत में तीव्र वृद्धि ने उर्वरक मंत्रालय की चिंताएं बढ़ा दी हैं। यह तथ्य चौंकाने वाला है कि इस रबी के सीजन में हरियाणा में यूरिया खाद का उपयोग अट्ठारह फीसदी तक बढ़ गया है। जबकि कुछ जिलों में डीएपी की खपत में 184 फीसदी का उछाल देखा गया है। दरअसल, रासायनिक खादों के अत्यधिक उपयोग और सब्सिडी वाले उर्वरकों की जरूरत से ज्यादा खपत, असामान्य स्थिति का संकेत दे रही है। जिसके चलते अधिकारियों को शंका है कि सब्सिडी वाले नीम कोटेड यूरिया को बड़ी मात्रा में खरीदकर प्लाइवुड, राल व खनन विस्फोटक जैसे उद्योगों के लिये ले जाया जा रहा है। जिनके लिये तकनीकी-ग्रेड वाला यूरिया खासा महंगा पड़ता है। आशंका जतायी जा रही है कि इन व्यवसाय में लगे कुछ लोग इस मूल्य अंतर का लाभ उठाकर बड़े पैमाने पर सब्सिडी वाली खाद की हेराफेरी कर रहे हैं। एक अनुमान के अनुसार ये असामाजिक तत्व करीब दस लाख टन यूरिया का दुरुपयोग कर रहे हैं, जिसकी कीमत छह हजार करोड़ रुपये बतायी जा रही है। इसकी पड़ताल के लिये केंद्र सरकार ने राज्य के अधिकारियों के साथ संयुक्त अभियान आरंभ किया है। साथ ही दोषी लोगों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जा रही है। इतना ही नहीं, केंद्रीय उर्वरक विभाग आपूर्ति श्रृंखलाओं की निगरानी और रासायनिक खादों के रिसाव पर अंकुश लगाने के लिये विभिन्न मंत्रालयों के साथ समन्वय कर रहा है। कोशिश है कि किसानों को सब्सिडी पर मिलने वाली खाद के दुरुपयोग पर अंकुश लगाया जा सके। आशंका जतायी जा रही है ऐसी कोशिश पर यदि समय पर अंकुश नहीं लगाया गया तो कालांतर किसानों के लिये खाद की आपूर्ति बाधित हो सकती है। जिसके सामाजिक व राजनीतिक निहितार्थों को समझते हुए केंद्र सरकार के संबंधित विभाग सतर्क प्रतिक्रिया दे रहे हैं। यह तथ्य निर्विवाद है कि खेती में अत्यधिक उर्वरकों का उपयोग एक जटिल समस्या बनता जा रहा है। दरअसल, आम किसानों को ठोस जानकारी नहीं मिल पाती कि इसका कितना उपयोग अधिक फसल लेने व भूमि की उर्वरा शक्ति बढ़ाने के लिये काफी है। आम किसान पैदावार बढ़ाने के लिये बड़ी मात्रा में यूरिया का उपयोग करते हैं। खासकर नई उच्च नाइट्रोजन वाली गेहूं की किस्मों के लिये। वहीं एनपीके यानी सोडियम, फॉस्फोरस व पोटेशियम उर्वरक की खपत में वृद्धि ने यूरिया पर निर्भरता को और अधिक बढ़ा दिया है। जिससे मिट्टी का क्षरण, कीट जोखिम बढ़ने के साथ ही भूजल प्रदूषण में तेजी से वृद्धि हो रही है। निर्विवाद रूप से रासायनिक उर्वरकों का अंधाधुंध उपयोग न केवल मिट्टी के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर डाल रहा है बल्कि कृषि भूमि की दीर्घकालीन उपादेयता को भी कम कर रहा है। उर्वरकों की खपत में तेजी से वृद्धि देश की आर्थिकी पर प्रतिकूल असर डाल रही है। उर्वरकों के आयात पर देश की बढ़ती निर्भरता वित्तीय संकट को भी बढ़ावा दे रही है। देश वार्षिक रूप से करीब 75 लाख टन यूरिया का आयात करता है। यूरिया की बढ़ती वैश्विक कीमतों ने उर्वरक सब्सिडी को 1.75 ट्रिलियन रुपये से अधिक कर दिया है। यदि इस स्थिति पर समय रहते नियंत्रण नहीं किया गया तो बढ़ती उर्वरक मांग अर्थव्यवस्था पर भारी दबाव डालेगी। ऐसे में जरूरी हो जाता है कि सरकार उर्वरक की बिक्री की निगरानी को सशक्त बनाए । सब्सिडी वाली रासायनिक खाद का दुरुपयोग करने वालों के लिये सख्त दंड की व्यवस्था लागू करने की जरूरत है। इसके अलावा किसानों को भी जागरूक करने की जरूरत है कि खेती में खाद का उपयोग कैसे संतुलित ढंग से किया जाना चाहिए। रासायनिक खाद की बिक्री को अनियंत्रित छोड़ देने से न केवल संकट का असर करदाताओं पर बोझ बढ़ाएगा वरन अर्थव्यवस्था पर भी दबाव बढ़ने की आशंका है।

> हरियाणा में यूरिया और डाई-अमोनियम फॉस्फेट यानी डीएपी की खपत में तीव्र वृद्धि ने उर्वरक मंत्रालय की चिंताएं बढ़ा दी हैं। यह तथ्य चौंकाने वाला है कि इस रबी के सीजन में हरियाणा में यूरिया खाद का उपयोग अट्ठारह फीसदी तक बढ़ गया है। जबकि कुछ जिलों में डीएपी की खपत में 184 फीसदी का उछाल देखा गया है। दरअसल, रासायनिक खादों के अत्यधिक उपयोग और सब्सिडी वाले उर्वरकों की जरूरत से ज्यादा खपत, असामान्य स्थिति का संकेत दे रही है। जिसके चलते अधिकारियों को शंका है कि सब्सिडी वाले नीम कोटेड यूरिया को बड़ी मात्रा में खरीदकर प्लाइवुड, राल व खनन विस्फोटक जैसे उद्योगों के लिये ले जाया जा रहा है। जिनके लिये तकनीकी-ग्रेड वाला यूरिया खासा महंगा पड़ता है। आशंका जतायी जा रही है कि इन व्यवसाय में लगे कुछ लोग इस मूल्य अंतर का लाभ उठाकर बड़े पैमाने पर सब्सिडी वाली खाद की हेराफेरी कर रहे हैं। एक अनुमान के अनुसार ये असामाजिक तत्व करीब दस लाख टन यूरिया का दुरुपयोग कर रहे हैं, जिसकी कीमत छह हजार करोड़ रुपये बतायी जा रही है। इसकी पड़ताल के लिये केंद्र सरकार ने राज्य के अधिकारियों के साथ संयुक्त अभियान आरंभ किया है।

### जीव-जंतु, प्राकृतिक स्रोत एवं वनस्पति विलुप्त हो रहे हैं, जिससे पृथ्वी असंतुलित हो रही

## जीवन के लिये प्रकृति-वन्यजीवों का संरक्षण जरूरी

ललित गर्ग

> विलुप्त होते जीव-जंतु और वनस्पति की रक्षा के लिये विश्व-समुदाय को जागरूक करने के लिये ही विश्व वन्यजीव दिवस को मनाया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य दुनिया के लुप्त होते वन्य जीवों और वनस्पतियों के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। जिसकी शुरुआत थाईलैंड द्वारा दुनिया के जंगली जीवों के बारे में जागरूकता बढ़ाने और मनाने के लिए प्रस्तावित किया गया था।। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने वन्यजीवों के पारिस्थितिकी, आनुवांशिक, वैज्ञानिक, सौंदर्य सहित विभिन्न प्रकार से अध्ययन अध्यापन को बढ़ावा देने को प्रेरित किया। विभिन्न जीवों और वनस्पतियों की प्रजातियों के अस्तित्व की रक्षा भी इसका उद्देश्य कहा जा सकता है।

वर्तमान परिप्रेक्ष्य में कई प्रजाति के जीव-जंतु, प्राकृतिक स्रोत एवं वनस्पति विलुप्त हो रहे हैं, जिससे पृथ्वी असंतुलित हो रही है। विलुप्त होते जीव-जंतु और वनस्पति की रक्षा के लिये विश्व-समुदाय को जागरूक करने के लिये ही विश्व वन्यजीव दिवस को मनाया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य दुनिया के लुप्त होते वन्य जीवों और वनस्पतियों के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। जिसकी शुरुआत थाईलैंड द्वारा दुनिया के जंगली जीवों के बारे में जागरूकता बढ़ाने और मनाने के लिए प्रस्तावित किया गया था।। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने वन्यजीवों के पारिस्थितिकी, आनुवांशिक, वैज्ञानिक, सौंदर्य सहित विभिन्न प्रकार से अध्ययन अध्यापन को बढ़ावा देने को प्रेरित किया। विभिन्न जीवों और वनस्पतियों की प्रजातियों के अस्तित्व की रक्षा भी इसका उद्देश्य कहा जा सकता है। साल 2025 की थीम है, "वन्यजीव संरक्षण वित्तः लोगों और ग्रह में निवेश", यह थीम वन्यजीव संरक्षण के लिए नए वित्तीय समाधानों की खोज और उनका आदान-प्रदान करने के लिए बनाई गई है। वन्यजीव प्रजातियों, उनके आवासों, पारिस्थितिकी तंत्रों का निरंतर नुकसान एवं वनों का दोहन पृथ्वी पर मनुष्यों सहित सभी जीवन को खतरे में डाल रहा है। दुनिया भर के लोग अपने जीवन के लिए प्रकृति पर निर्भर हैं। भारत एवं दुनिया में कई वन्य जीव लुप्त होने के कगार पर हैं। शेर, चीता, बाघ, सफ़ेद तेंदुआ, गैंडा, जंगली भैंसा, गंगीय डॉल्फ़िन, लाल पांडा, नीलगिरि लंगूर, कस्तूरी हिरन, संगाई हिरन, बारहसिंघा, कश्मीरी हिरन, जंगली गधा, एक सींग वाला गैंडा, तेंदुआ, अजगर, सियार, जरख, जंगली बिल्ली, भेड़िया, नेवला, सेंड ग्राउज़ झाऊ चूहा एवं गौरया आदि अनेक वन्यजीव प्रजातियां लुप्त हो रही है। कम मांस खाने और लुप्तप्राय जानवरों, जैसे हाथीदांत से निर्मित वस्तुओं से परहेज आदि वन्यजीवों को बचाने की मुहिम में कारगर है। यह दिवस महत्वपूर्ण रूप से लुप्तप्राय वन्य जीव प्रजातियों के भविष्य को संरक्षित करने, उनकी आदतों और पारिस्थितिकी तंत्र के पुनर्वास में सहायता करने और मानव जाति द्वारा इन जानवरों के सतत उपयोग को प्रोत्साहित करने की महत्वपूर्ण आवश्यकता पर ध्यान केंद्रित करेगा। आज चिन्तन का विषय न तो रूस-यूक्रेन युद्ध है और न मानव अधिकार, न कोई विश्व की राजनैतिक घटना और न ही किसी देश की रक्षा



का मामला है। चिन्तन एवं चिन्ता का एक ही मामला है लगातार लुप्त होती वन्य जीव प्रजातियां, विकराल एवं भीषण आकार ले रही गर्मी, सिकुड़ रहे जलस्रोत, विनाश की ओर धकेली जा रही पृथ्वी एवं प्रकृति के विनाश के प्रयास। बढ़ती जनसंख्या, बढ़ता प्रदूषण, नष्ट होता पर्यावरण, दूषित गैसों से छिद्रित होती ओजोन की ढाल, प्रकृति एवं पर्यावरण का अत्यधिक दोहन- ये सब पृथ्वी एवं पृथ्वीवासियों के लिए सबसे बडे.खतरे हैं और इन खतरों का अहसास करना ही विश्व वन्यजीव दिवस का ध्येय है। हमारा सुविधावादी नजरिया एवं जीवनशैली पृथ्वी, उसके पर्यावरण, प्रकृति और वन्य जीवों के लिये एक गंभीर खतरा बन कर प्रस्तुत हो रहा हैं। लुप्तप्राय जंगली जानवरों और पौधों के संरक्षण आज की सबसे बड़ी जरूरत है। सूखे, नए रेगिस्तान, आग और बाढ़ की रोकथाम के लिए वन्यजीवों का संरक्षण आवश्यक है। जंगली जानवरों और पौधों का यह संरक्षण सुनिश्चित करता है कि मनुष्यों और वन्यजीवों की आने वाली पीढ़ियाँ प्रकृति से घिरी रहेंगी, तभी पृथ्वी का जीवन संभव होगा। जरूरत है हम वन्यजीवों एवं प्रकृति से प्यार करे और वन्यजीवों के महत्व को समझें। भविष्य की आशा मानवीय कब्जे एवं दोहनके प्रभाव को रोकने में है - इसके लिए पहले ही बहुत देर हो चुकी है, बल्कि उस प्रभाव की सीमा के बारे में बेहतर समझ बनाने और उसके शासन के लिए एक नई नैतिकता बनाने में है। तभी मानव जीवन एवं वन्य जीवों की अन्योन्याश्रयता को देख पाएंगे, तभी प्रकृति को क्षमाशील, उदार और लचीला पाएंगे। तभी हम प्रकृति दोहन को मात दे सकेंगे तथा उसकी मिठास का स्वाद लेने और उसकी वरिष्ठता का सम्मान करने की पात्रता प्राप्त कर सकेंगे। इसके लिये यह दिवस वन्यजीवों और वनस्पतियों के विविध रूपों का जश्न मनाने और उनके संरक्षण के लिए जागरूकता बढ़ाने का दिन है। यह वन्यजीव अपराधों के खिलाफ़ लड़ाई को तेज करने का आह्वान करता है। पृथ्वी पर प्रजातियों का विलुप्त होना स्वाभाविक रूप से होता है, लेकिन मनुष्यों की भागीदारी विलुप्त होने की दर को तेज करती है। विलुप्त होने के कुछ कारणों में निवास स्थान का नुकसान, जलवायु परिवर्तन, आक्रामक प्रजातियाँ, अत्यधिक मछली पकड़ना और शिकार शामिल हैं। वन्यजीव संरक्षण पर्यावरण में पारिस्थितिक संतुलन बनाए रखने में मदद करता है और प्रजातियों को और अधिक विलुप्त होने से भी रोकता है, जो हमें हरित समृद्धि से समृद्ध जीवन बनाने के लिए प्रोत्साहित करती है। वन्य जीव एवं पर्यावरण के प्रति संवेदनशील एवं पृथ्वी के संरक्षण के लिये जागरूक अभियान जरूरी है। वन्य जीवों के प्रति उपेक्षा एवं लापरवाही ने न केवल इंसानों के जीवन को खतरे में डाला है बल्कि पृथ्वी, प्रकृति एवं पर्यावरण पर भी घातक असर डाला है। दुनिया में पृथ्वी के विनाश, प्रकृति प्रदूषण एवं जैविक संकट को लेकर काफी चर्चा हो रही है। मनुष्य प्रकृति एवं वन्यजीवों के साथ अनेक वर्षों से छेड़छाड़ कर रहा हैं, इसे देखने के लिए हमें ज्यादा दूर जाने की जरूरत नहीं है। धरती पर बढ़ रही बंजर भूमि, फैलते रेगिस्तान, जंगलों का विनाश, लुप्त होते पेड़-पौधे और जीव जंतु, दूषित होता पानी, शहरों में प्रदूषित हवा और हर साल बढ़ते बाढ़ एवं सूखा, ग्लोबल वार्मिंग, वैश्विक तापमान वृद्धि, ग्लेशियर पिघलना, ओजोन का क्षतिग्रस्त होना आदि इस बात का सबूत हैं कि, हम वन्यजीवों, धरती और पर्यावरण की सही तरीकें से देखभाल नहीं कर रहें हैं। जिससे ग्लोबल वार्मिग एवं जलवायु परिवर्तन जैसी समस्याएं आज हमारे सामने हैं। ये आपदाएँ पृथ्वी पर ऐसे ही होती रहीं तो वह दिन दूर नहीं जब पृथ्वी से जीव-जन्तु व वनस्पति का अस्तिव ही समाप्त हो जाएगा। जिस पृथ्वी को हम माँ का दर्जा देते हैं उसे हम खुद अपने ही हाथों दूषित एवं प्रताड़ति करने में कैसे लगे रहते हैं? अगर वन्यजीवों के अस्तित्व पर ही प्रश्नचिन्ह लग जाए तो मानव जीवन कैसे सुरक्षित एवं संरक्षित रहेगा? जल, जंगल और जमीन इन तीन तत्वों से पृथ्वी, वन्यजीवों और प्रकृति का निर्माण होता है। इनके बिना जीवन अधूरा है। विश्व में ज्यादातर समृद्ध देश वही माने जाते हैं जहां इन तीनों तत्वों का बाहुल्य है।

दृष्टि कोण

## सद्भाव व मानवीय मूल्यों के संवर्धन का महोत्सव

कुंभ को लेकर विपक्ष की जो भूमिका रही, उस पर आश्चर्य होता है। आप भाजपा सरकार का विरोध कर सकते हैं, उसकी आलोचना कर सकते हैं, मगर जो लोग इतनी लम्बी-लम्बी यात्राओं के बाद प्रयागराज आए, उनकी आलोचना करने और मजाक उड़ाने का क्या अर्थ है। किसी की भावनाओं को अपने-अपने राजनीतिक चश्मे से नहीं देखा जाना चाहिए। क्या उन लोगों के वोट विपक्ष को नहीं चाहिए। देश के दूर-दराज के इलाकों से ही नहीं, विदेशों से भी बहुत से लोग आए। एक से एक बड़े लोग आए। बड़े-बड़े नेता आए। उद्योगपति आए। अम्बानी सपरिवार आए। अडानी ने तो वहां बड़े स्तर पर खाने-पीने का प्रबंध किया। कैटरीना कैफ, रवीना टंडन, विक्की कौशल, अनुपम खेर, ममता कुलकर्णी, मिलिंद सोमन, राजकुमार राव, अक्षय कुमार जैसे अनेक अभिनेता, अभिनेत्रियां भी आए। क्या ये सब मजाक उड़ाने लायक हैं। और क्यों। आप कौन होते हैं किसी का मजाक उड़ाने वाले। किसने ये अधिकार दिया। इतनी संवेदनहीनता की तो उम्मीद नहीं की जा सकती। सच तो ये है कि जब आप किसी का मजाक उड़ाते हैं, तो अपना मजाक उड़वाने की तैयारी कर रहे होते हैं। कई परिचित कुंभ में गए थे। बहुराष्ट्रीय निगम में काम करने वाली एक लड़की भी गई थी। बाकी जहां रहती हूं, वहां से भी बहुत से लोग गए थे। सभी ने एक सुर में कहा कि वहां इंतजाम बहुत अच्छे थे। कोई बीमार पड़ा तो उसे तत्काल इलाज की सुविधा मिली। खास तौर से पुलिस की भूमिका बेहद सराहनीय थी। उसी लड़की ने कहा कि वह जिनके साथ गई थी, उनसे बिछुड़ गई। घबराहट में रोने लगी। तभी एक पुलिस वाला उसके पास आया। सारी बात जानकर उसने कहा- रोओ मत। अभी मैं तुम्हें मिलवाता हूं। फिर उसने लड़की से उन लोगों के नम्बर लिए जिन्हें लड़की मिला रही थी और मिल नहीं रहे थे। उसने काफी प्रयास के बाद उन लोगों से सम्पर्क साधा और लड़की को मिलवाया। इसी तरह गुड़गांव की एक महिला को पुलिस ने रोते देखा। पूछने पर पता चला कि वह गुड़गांव से आई है, साथ वालों से बिछड़ गई है। उसे पता नहीं कि अकेली कैसे लौटना है। पुलिस ने उसे ढांढस बंधाया। कहा कि अगर उसके साथ के लोग नहीं मिले, तो वे उसे गुड़गांव तक छोड़कर आएंगे। कुंभ के समापन के दिन पुलिस ने बताया कि इस दौरान तीस हजार बिछड़े लोगों को मिलवाया गया। तीस हजार कोई मामूली संख्या नहीं है। पुलिस के अच्छे कामों की शायद ही कभी सराहना की जाती है। बल्कि बुद्धिजीवी वर्ग अक्सर बाल की खाल निकालने को तत्पर रहते हैं। क्योंकि किसी की तारीफ करने के मुकाबले आलोचना करना बड़ा आसान है। इतनी बड़ी भीड़ का प्रबंधन कैसे किया गया होगा। सरकार और ब्यूरोक्रेसी ने अपने को झोंक दिया होगा। कुंभ के बाद न जाने कितने दिन इन लोगों को अपनी थकान उतारने में लगेंगे। पर इनकी चिंता भला किसी को क्यों हो । लेकिन हम इन सब बातों को याद नहीं रखेंगे। सिवाय तरह-तरह से आलोचना करने के। यह बात अलग है कि जब हमारे घर में शादी-ब्याह होता है, तो हम मात्र सौ-पचास लोगों का इंतजाम करने में सारी ताकत झोंक देते हैं। सिर के बल खड़े हो जाते हैं, फिर भी आने वाले खुश नहीं होते। यही हाल किसी सभा-सेमिनार का होता है। तो हम तो सौ-पचास का इंतजाम करने में घबरा जाते हैं, मगर आलोचक बनते वक्त परम निंदक बन जाते हैं। प्रयागराज में कुंभ के दौरान जो हादसा हुआ, लोगों की जान गई, या कि नई दिल्ली स्टेशन की भगदड़ में लोगों की जान गई वह बहुत दर्दनाक है। ऐसा नहीं होना चाहिए था। किसी परिवार के लिए अपने परिजन की जो कीमत होती है, वह वही जानता है। लेकिन इसमें कुंभ का क्या दोष। वहां आने वाले श्रद्धालुओं को क्यों हम अपने चश्मे से देख रहे हैं। या वे इस देश के नागरिक नहीं। फिर उन्हें यहां आने के लिए शायद ही किसी तरह की सरकारी सहायता दी गई है। जिस से जो साधन बना, वह उसके जरिए यहां पहुंचा। हमें उनकी हिम्मत की दाद देनी चाहिए। इसके अलावा जो लोग नहीं गए, वे भी किसी आक्षेप के दोषी नहीं हैं, न ही मजाक उड़ाने लायक हैं। अपनी मर्जी है, जो जाना चाहे वह जाए, जो नहीं जाना चाहता उस पर कोई जबर्दस्ती नहीं। एक धर्मिक नेता ने कहा कि जो लोग कुंभ नहीं आ रहे हैं, वे देश से प्रेम नहीं करते। यह बात भी गलत है। ऐसी खबरें आईं कि प्रयागराज में बहुत से मुसलमानों ने लोगों की भरपूर सहायता की। मस्जिदों के दरवाजे खोल दिए गए। मुसलमानों द्वारा संचालित स्कूलों, कालेजों में भी लोगों के खाने-पीने, रहने आदि की व्यवस्था की गई। यह बात काबिले तारीफ है। और यही अपने देश की विशेषता भी है।

कुछ अलग

## आईएमएफ का अनुमान

अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष यानि आईएमएफ का अनुमान है कि भारत मजबूत निजी निवेश और व्यापक आर्थिक स्थिरता के दम पर 2025- 26 में 6.5 प्रातिशत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि दर्ज करके सबसे तेजी से बढ़ती प्रामुख अर्थव्यवस्था के रूप में अपनी स्थिति बनाए रखेगा। आईएमएफ के इस अनुमान से मिलता जुलता भारत सरकार का भी आंकलन है जो उसने बजट 2025-26 से एक दिन पहले जारी अपने आर्थिक सव्रेक्षण में स्पष्ट कर दिया था। आर्थिक सव्रेक्षण में 6.4 प्रातिशत जीडीपी रहने का अनुमान लगाया गया है जो दशकीय औसत के करीब है। सव्रेक्षण में यह अनुमान लगाया गया है कि वित्त वर्ष 2026 के लिए भारत की वास्तविक जीडीपी वृद्धि 6.3 से 6.8 प्रातिशत के बीच रहेगी। यही नहीं आईएमएफ ने निजी निवेश और रोजगार को बढ़ावा देने के लिए संरचनात्मक सुधारों के गहन कार्यान्वयन की आवश्यकता पर भी जोर दिया है। आर्थिक सव्रेक्षण में भी यही कहा गया है कि औपचारिक क्षेत्र में नौकरियों की संख्या में वृद्धि हुई, कर्मचारी भविष्य निधि संगठन यानि ईपीएफओ का शुद्ध वेतन अधिग्राहण 2019 में 61 लाख से दो गुना होकर वित्त वर्ष 2024 में 131 लाख हो गया। वास्तविकता तो यह है कि निजी निवेश और एफडीआई यानि प्रात्यक्ष विदेश निवेश को बढ़ावा देकर ही जीडीपी में वृद्धि की जा सकती है। किन्तु इसके लिए स्थिर नीतिगत ढांचे, व्यापार करने में अधिक आसानी, शासन सुधार और व्यापार एकीकरण वृद्धि की आवश्यकता होगी। भारत सरकार और हमारे निजी क्षेत्र की सामूहिक कोशिश यही है कि हमारी अर्थव्यवस्था का आकार जल्दी से जल्दी 5 ट्रिलियन तक पहुंच जाना चाहिए। यह सच है कि डॉ. मनमोहन सिह और नरसिम्हाराव ने मिलकर 1991 में आर्थिक सुधारों के नाम पर अर्थव्यवस्था को वामपंथी दल-दल से निकाल कर ठोस जमीन पर लाकर खड़ा जरूर किया किन्तु दशकों तक संयुक्त अर्थव्यवस्था के अच्छे से बहाने के पीछे सार्वजनिक सेक्टर को ही बचाने में लगे रहे क्योंकि हमारी मानसिकता ही दोहरेपन की है। हमने 1991 में भले ही आर्थिक सुधारों को अपना लिया किन्तु सच तो यही है कि भारत आर्थिक नीति में कम्युनिस्टों से भी दस कदम आगे चल रहा था जबकि वास्तविक वामपंथी देश चीन ने हकीकत समझकर ही 1971 में पूंजीवादी व्यवस्था को अपना लिया था। यही कारण है कि जब भारत गठबंधन की राजनीति में उलझा हुआ था, चीन ने उसी वक्त पूंजीवाद का ऐसा चोला अपनाया कि यूरोपीय देश जो पहले से ही पूंजीवादी अर्थव्यवस्था अपनाए बैठे थे वे भी पीछे छूट गए। भारत चीन से तभी पिछड़ता चला गया। यह सच है कि जन कल्याण की भावना से वामपंथी अर्थशास्त्र का जो ढिढोरा पीटा गया उससे न तो लोगों के जीवन स्तर में सुधार आया और न ही लोगों की जेब में पैसे आए। पूंजी निर्माण के क्षेत्र में उदासीनता की स्थिति बनी रही। असल में भारत ने कभी भी खुलकर खुली अर्थव्यवस्था और बाजारवाद का समर्थन किया ही नहीं कारण कि हमारी तो दशकों की आदर्श वामपंथी अर्थव्यवस्था थी। दशकों से हमने पूंजीवाद को सारी मुसीबतों की जननी बताकर नुक्कड़ नाटक खेले और देखे थे। हमने पूंजीवाद के खिलाफ माहौल तैयार करने के लिए वामपंथी और समाजवादी डफली की तान का आनन्द लिया। यही नहीं हमने मुफ्त में वामपंथी दुष्प्राचार के लिए प्राकाशित होने वाली पत्रिकाओं और बड़े-बड़े अखबारों के वामपंथियों के लेख पढ़कर यह धारण स्थाईं भाव के रूप में बना ली कि अर्थव्यवस्था का सही रास्ता वामपंथ और समाजवादी है।

देश दुनीया से

## यूक्रेन के दुर्लभ खनिज पर अमेरिकी गिद्ध दृष्टि

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने मंगलवार को कहा था, कि अमेरिका और यूक्रेन ने महत्वपूर्ण खनिजों के सौदे के मसौदे पर सहमति जताई है, जिसकी कीमत लगभग 1 ट्रिलियन डॉलर हो सकती है। यह सौदा यूक्रेन के राष्ट्रपति ज़ेलेंस्की द्वारा पहले के मसौदे को अस्वीकार करने के एक सप्ताह बाद हुआ है। ट्रम्प ने मंगलवार को ओवल ऑफिस में संवाददाताओं से कहा कि ज़ेलेंस्की शुक्रवार को वाशिंगटन आकर एक 'बहुत बड़ी डील' पर हस्ताक्षर करना चाहते हैं। बुधवार शाम को, ज़ेलेंस्की ने कहा कि यह अमेरिका के साथ सहयोग के लिए एक आर्थिक ढांचा है, जिसमें अभी तक कोई अमेरिकी सुरक्षा गारंटी शामिल नहीं है। पिछले हफ़्ते ज़ेलेंस्की ने एक पुराने ड्राफ्ट को अस्वीकार कर दिया था, क्योंकि इसमें यूक्रेन के लिए सुरक्षा गारंटी के बारे में विवरण नहीं था। ट्रंप अब भी बदले नहीं हैं। राष्ट्रपति ट्रम्प ने बुधवार को कहा, 'मैं बहुत ज़्यादा सुरक्षा गारंटी नहीं देने जा रहा हूं। हम यूरोप से ऐसा करवाने जा रहे हैं।' नोक-झोंक में ट्रम्प ने ज़ेलेंस्की को 'तानाशाह' तक कह डाला था। सोमवार को, ज़ेलेंस्की ने कहा था कि मैं शांति के लिए इस्तीफ़ा देने के लिए तैयार हूं। ज़ेलेंस्की ने मांग की, कि यूक्रेन को अपनी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) की सदस्यता दी जानी चाहिए। लेकिन, वाशिंगटन ने नाटो का सदस्य बनने की मांग को 'अवास्तविक' करार दिया है। अमेरिका की गिद्ध दृष्टि यूक्रेन की दुर्लभ खनिज संपदा पर है। दुर्लभ मृदा खनिज वैश्विक स्तर पर पृथ्वी के गर्भ में पाए जाने वाले 17 भारी धातुओं का एक समूह है। नियोडिमियम, लैंथेनम, सेरियम, प्रेजोडियम, यिट्रियम, टेरबियम और यूरोपियम जैसे कुछ दुर्लभ मृदा तत्वों का उपयोग कंप्यूटर हार्ड ड्राइव, टेलीविज़न, मोबाइल स्क्रीन और कैमरा लेंस जैसे उच्च तकनीक वाले उत्पादों के निर्माण में किया जाता है। वर्तमान में, ऐसे दुर्लभ खनिजों का सबसे बड़ा उत्पादक चीन है, जो दुनिया की आपूर्ति का कम से कम 60 प्रतिशत निकालता है। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के अनुसार, 2024 में अमेरिका अपनी 80 प्रतिशत दुर्लभ खनिजों की जरूरतों के लिए चीन, मलेशिया, जापान और एस्टोनिया पर निर्भर था। कीव के साथ दुर्लभ खनिजों का सौदा करने के पीछे की मंशा, अमेरिका को बड़ी तकनीक का अधिकेंद्र बनाना है। अपने अभियान के दौरान, ट्रम्प ने एक अन्य करीबी सहयोगी ताइवान पर अमेरिका के चिप व्यवसाय को चुराने का भी आरोप लगाया था। टैरिफ की धमकियों के बीच, ताइवान ने अमेरिका में निवेश बढ़ाने का वादा किया। इस महीने की शुरुआत में, ट्रम्प ने व्हाइट हाउस में संवाददाताओं से कहा था, कि हम यूक्रेन को वाशिंगटन द्वारा भेजे गए लगभग 375.8 बिलियन डॉलर की वापसी चाहते हैं। कीव को भेजी गई सहायता के बारे में ट्रम्प के अनुमान अमेरिकी सरकार के आंकड़ों के विपरीत हैं। 'यूक्रेन ओवरसाइट' के अनुसार, 30 सितंबर, 2024 तक अमेरिका ने यूक्रेन की सहायता के लिए कुल 183 बिलियन डॉलर भेजे थे, जो यूक्रेन को भेजी गई सहायता को रिकॉर्ड करने के लिए अमेरिकी सरकार द्वारा बनाई गई एक वेबसाइट है। जिस स्टाइल में ट्रंप यह सब कर रहे हैं, उसका दुनिया भर में विरोध होना शुरू हो गया है। 'सेंटर फॉर यूरोप एशिया स्टडीज' की निदेशक और 'शिकागो काउंसिल ऑन ग्लोबल अफेयर्स' की सीनियर फेलो थेरेसा फॉलन ने कहा, 'ऐसा लगता है कि डोनाल्ड ट्रंप ने ऐसा करके अंतर्राष्ट्रीय नीति के सभी मानदंडों को तोड़ दिया है, और वह इतना लेन-देन करके अमेरिका की बहुत सी सॉफ्ट पावर खो रहे हैं।' फॉलन ने फिर कहा, 'लेन-देन करना ठीक है, लेकिन यह तो जबरन वसूली है।' यूक्रेन के पास 34 पदार्थों में से 22 मिनरल्स हैं जिन्हें यूरोपीय संघ 'महत्वपूर्ण कच्चे माल' के रूप में परिभाषित करता है। दुनियाभर में 110 मिलियन टन दुर्लभ खनिज हैं। इसमें से 44 मिलियन टन चीन में हैं, जो दुनिया का सबसे बड़ा उत्पादक है। इसके अलावा ब्राजील में 22 मिलियन टन, वियतनाम में 21 मिलियन टन, रूस में 10 मिलियन टन, और भारत में 7 मिलियन टन दुर्लभ खनिज का अनुमान है। कोई सुरक्षा गारंटी नहीं, फिर भी जेलेंस्की अमेरिका के साथ समझौते पर हस्ताक्षर कर रहे हैं, क्या यह किसी क़स्मि का ब्लैकमेल है? मॉस्को ने यूक्रेन के बड़े हिस्से पर कब्ज़ा कर रखा है, जिसमें क्रीमिया भी शामिल है, जिसे उसने 2014 में अपने साथ मिला लिया। ठीक से देखा जाये, तो यूरोप के नेता इस ज़बरदस्ती के सौदे वाले सवाल पर बंटे हुए हैं। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने दुर्लभ खनिज सौदे का समर्थन किया है। यूरोजोन की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था जर्मनी, दुर्लभ खनिज सौदे का विरोध कर रहा है। निवर्तमान जर्मन चांसलर ओलाफ शॉल्त्स ने दुर्लभ खनिज सौदे के लिए ट्रंप के प्रयास की आलोचना करते हुए, इसे 'बहुत अहंकारी' और 'बहुत आत्मकेंद्रित' बताया। ओलाफ शॉल्त्स ने तर्क दिया है कि यूक्रेन को युद्ध के कारण हुए विनाश से उबरने के लिए अपने प्राकृतिक संसाधनों की आवश्यकता है। विगत रविवार को जर्मनी के चुनाव में जीत हासिल करने वाले क्रिश्चियन डेमोक्रेटिक यूनियन (सीडीयू) के नेता फ्रीडरिष मैर्त्स ने भी ज़ेलेंस्की पर ट्रंप के हमलों की निंदा की है। लेकिन, ट्रम्प यूरोपीय नेताओं द्वारा निंदा की परवाह नहीं करते। उन्होंने कहा, 'पिछले प्रशासन ने हमें बहुत खराब स्थिति में डाल दिया था, लेकिन हम एक ऐसा सौदा करने में सक्षम हैं, जिसके तहत हमें पैसा वापस मिलेगा, और भविष्य में बहुत सारा पैसा मिलेगा।' रूस को इस सौदे से कोई आपत्ति नहीं है। रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने कहा, कि अमेरिका और रूसी अधिकारी गुरुवार को इस्तांबुल में मिलेंगे। लेकिन ये लोग दिल्ली में क्यों नहीं मिलते? पीएम मोदी ने कितनी मेहनत की थी!



आप का नजरीया

## कामयाबी का जनोत्सव

सरकारी आंकड़ों पर विश्वास करें तो इस महाकुंभ में 66 करोड़ से अधिक तीर्थयात्रियों ने गंगा-यमुना व अदृश्य सरस्वती के संगम पर महाकुंभ के दौरान डुबकी लगायी। एक भगदड़ की घटना में कुछ श्रद्धालुओं का असमय काल-कवलित होना दुखद ही था। कुछ अग्निकांड भी हुए। लेकिन यदि बात करोड़ों श्रद्धालुओं के संगम में स्नान व उनके आने-जाने व रहने की व्यवस्था की हो तो योगी सरकार अपनी पीठ थपथपा सकती है। रूस-अमेरिका जैसी महाशक्तियों की आबादी से अधिक जनसंख्या का प्रबंधन निश्चय ही एक बड़ी चुनौती थी। ऐसे दौर में जब उपभोक्ता संस्कृति सिर चढ़कर बोल रही है, तब सनातन संस्कृति का ऐसा उफान चौंकाता है। जिसमें लोग तमाम कष्ट सहकर संगम में डुबकी लगाने को आतुर दिखे। त्याग-संयम से परिचित कराना कुंभ संस्कृति का उद्देश्य भी रहा है। इस तरह हमने अपने पुरखों की गौरवशाली विरासत का सम्मान किया। जिसमें सदियों से करोड़ों लोग बिना चिट्ठी-पत्री के स्वतःस्फूर्त भाव से कुंभ के मेले में जुटते रहे हैं। भारतीय संस्कृति में ऐसी क्या खासियत है? महाकुंभ जैसे इतने बड़े आयोजन कैसे सफलतापूर्वक होते हैं? यह देखने पूरी दुनिया के जिज्ञासु, विभिन्न धर्मों के अनुयायी, फोटोग्राफर और पत्रकार सदियों से महाकुंभ में जुटते रहे हैं। महाकुंभ के सफल आयोजन के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि महाकुंभ ने पूरी दुनिया को युग-परिवर्तन की आहट और विशाल आयोजन की क्षमता से रूबरू कराया है। महत्वपूर्ण यह है कि तीर्थयात्रियों ने जिस तरह दिल खोल कर खर्च किया, वो निश्चय ही उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था का तारणहार बनेगा। बताते हैं कि इससे प्रदेश की जीडीपी में करीब साढ़े चार लाख करोड़ रुपये का इजाफा होगा। जो देश की तमाम देशी-विदेशी इनवेस्ट समिटों से कहीं ज्यादा ठोस आय का स्रोत बना है। कई गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड इस महाकुंभ के नाम हुए। वीरवार को तीन वर्ल्ड रिकॉर्ड प्रमाणपत्र मुख्यमंत्री योगी को सौंपे गए। विपक्ष, खासकर सपा व कांग्रेस कुंभ आयोजन को लेकर हमलावर रहे हैं। वहीं शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद ने महाकुंभ के समापन पर कहा कि ये सरकारी महाकुंभ है। असली कुंभ तो माघ पूर्णिमा को ही संपन्न हो चुका था। इस बार के महाकुंभ को टेक्नोलॉजी के महाकुंभ के रूप में भी याद किया जाएगा। महाकुंभ में विशेष एल्गोरिदम के जरिये इस्तेमाल पांच सौ एआई कैमरे क्राउड डेंसिटी व फैशियल रिकग्निशन के लिये इस्तेमाल किए गए। जिसके जरिये करोड़ों श्रद्धालुओं की गिनती संभव हुई। वहीं बिछुड़ों को परिजनों से मिलाने, आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने में इनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। निस्संदेह, इतने बड़े जनसैलाब को संभालना किसी भी सरकार के लिये बड़ी चुनौती होती है। लेकिन भविष्य में महाकुंभ के आयोजन के लिये प्रयागराज महाकुंभ के अनुभवों से सबक लेने की जरूरत है। इस बात का वैज्ञानिक अध्ययन होना चाहिए कि भगदड़ को कैसे टाला जाए। आखिर क्यों दो सौ- तीन सौ किलोमीटर के जाम लगते रहे हैं। कैसे ट्रेनों का संचालन बिना किसी व्यवधान के किया जाए। हालांकि, 16 नई ट्रेनें चलाने की बात कही गई, लेकिन तमाम स्टेशनों पर ट्रेन में चढ़ने के लिये मारामारी होती रही है।

# बिरसा ग्राम विकास सह कृषक पाठशाला योजना की समीक्षात्मक बैठक संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उप विकास आयुक्त अमरेंद्र कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में बिरसा ग्राम विकास सह कृषक पाठशाला योजना की समीक्षात्मक बैठक की गई। बैठक में मुख्य रूप से बिरसा ग्राम विकास सह कृषक पाठशाला योजना के क्रियान्वयन हेतु चतरा जिला अंतर्गत कार्यकारी एजेंसी द्वारा अब तक किए गए कार्यों की क्रमवार समीक्षा की गई। जिसमें राजकीय कृषि प्रक्षेत्र प्रखंड चतरा में चयनित कार्यकारी संस्था प्रकाश जनसेवा संस्थान द्वारा बताया गया कि संस्था में कार्यरत मानव बल का 2680000 राशि का भुगतान हो गया है एवं तालाब निर्माण, 25 एकड़ में घेराबंदी, 5 एच पी का सोलर सेट, बोरिंग, गौशाला निर्माण, पक्का बर्मी कंपोस्ट निर्माण, डीप बोरिंग का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। प्रक्षेत्र में विभिन्न तरह का नवीन टेक्नोलॉजी का उपयोग कर कृषि की जा रही है। साथ ही साथ प्रक्षेत्र के निकट 7 गांव को बिरसा ग्राम से तैयार करने के लिए कृषकों की सूची तैयार की जा रही है। इस पर उप विकास आयुक्त अमरेंद्र कुमार सिन्हा ने निर्देशित करते हुए कहा वित्तीय वर्ष समाप्ति में एक माह से भी कम समय बचा है शेष बचे कार्यों को गुणवत्तायुक्त यथाशीघ्र पूर्ण कराएं। राजकीय कृषि प्रक्षेत्र इटखोरी में चयनित संस्था अखंड ज्योति द्वारा बताया गया कि प्रक्षेत्र में 25 एकड़ में घेराबंदी का कार्य, तालाब निर्माण, डीप बोरिंग, गौशाला, बकरी पालन, मधुमक्खी पालन, पक्का बर्मी कंपोस्ट निर्माण इत्यादि का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। संस्था को मानवबल में 1680000 का भुगतान पूर्ण तथा 527600 का अभिश्व कृषि निदेशालय में समर्पित किया गया है। इसपर डीडीसी ने गुणवत्तायुक्त कार्य पूर्ण कराने की बात कही। बीज गुणन प्रक्षेत्र हासिल हंटरगंज में कार्यकारी एजेंसी अवतार डेवलपमेंट फाउंडेशन हजारीबाग द्वारा 25 एकड़ में घेराबंदी का कार्य पूर्ण, शेड गेट निर्माण, प्रशिक्षण हॉल, भूमि समतलीकरण एवं निकटवर्ती 7 गांवों के कृषकों का प्रशिक्षण हेतु सूची तैयार किया जा रहा है। उक्त जानकारी का अवलोकन करते हुए उन्होंने निर्देश दिया कि कार्यों को तीव्र गति से पूर्ण कराते हुए कार्यालय में मानक विपत्र एवं अभिलेख समर्पित करें, ताकि कार्य के एवज में राशि के भुगतान हेतु आवश्यक कार्रवाई की जा सके। उक्त बैठक में बैठक में कृषि पदाधिकारी, जिला पशुपालन पदाधिकारी, जिला मत्स्य पदाधिकारी परियोजना निदेशक आत्मा चतरा एवं कार्यकारी एजेंसी समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

# अनुराग कुमार बने स्कूल टॉपर




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** चतरा सदर प्रखंड अंतर्गत धमनिया मोड़ में संचालित ब्राइट फ्यूचर पब्लिक स्कूल में वार्षिक परीक्षाफल का वितरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मौलाना इसराइल मजाहिरी तथा विद्यालय के डायरेक्टर नेसार अहमद मुख्य रूप से मौजूद थे। कड़ी मेहनत से इस आयोजन में अनुराग कुमार पहला स्कूल टॉपर, जैद नौशाद दूसरा स्कूल टॉपर तथा तीसरे टॉपर में मो रेहान व फरीद अंसारी रहे।सभी टॉपरों को मोमेंटो देकर तथा मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया।इसके अलावा विद्यालय में अलग अलग कक्षाओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वालों में मो मोकर्रम, साबरीन प्रवीण, अल्तमश अली, मो जियान, मो तौसीफ, अनस इरफान, रामप्रवेश कुमार, साफीन प्रवीण, माही कुमारी, अहमद अकरम तथा दूसरे स्थान पर अलीशा भोक्ता, जैद अली, मो रिजवान, दिलशाद अंसारी, रोजी प्रवीण, मो फरहान, जासमीन प्रवीण, साक्षी कुमारी, नयन कुमार, अलिश्बा प्रवीण, अमीषा भोक्ता, अभिजीत कुमार, राधिका कुमारी, मो असद, विशाल कुमार, मो अयान तथा तीसरे स्थान पर जैद अली, मो अनवर, मो अरमान, यासमीन प्रवीण, अनीशा प्रवीण,मो हसन, मो अमजद, सुजीत कुमार, निभा कुमारी,अंजली कुमारी, आश्फा प्रवीण, नयन कुमार, अनुराग राज, मो मोनाजिर, मो असद,नीतीश खरवार का नाम शामिल है। सभी सफल प्रतिभागियों को परीक्षाफल देकर सम्मानित किया गया। मौके पर विद्यालय के डायरेक्टर नेसार अहमद ने कहा कि, इल्म सीखोगे तो तकदीर संवर जाएगी वरना जिंदगी यूहीं अंधेरे में गुजर जायेगी। आगे उन्होंने कहा कि बच्चों का एक साल का मेहनत आने वाले अगले साल की दिशा तय करती है।

## मिनी केंद्र आंगनबाड़ी जपुआ में सेविका व सहायिका का हुआ चयन



**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड अंतर्गत आदिम जनजाति के लोग बसे हुए जपुआ टोला में मिनी आंगनबाड़ी केंद्र में सेविका एवं सहायिका का चयन सोमवार को किया गया। यह कार्य सीडीपीओ सरिता सिंह एवं सुपरवाइजर मंजू कुमारी के नेतृत्व में किया गया। जहां सेविका सुनैना कुमारी कांति सिंन्हा एएनएम संगीत कुमारी एवं ग्रामीण जनता उपस्थितथे। इन सभी के बीच कुल सात आवेदन प्राप्त हुए थे। जिसमें सेविका पद के लिए विनीता कुमारी पति विकास कुमार एवं सहायिका के लिए रानी कुमारी पति सिकेदर कुमार का नाम यहां से पारित किया गया है। आगे सीडीपीओ एवं सुपरवाइजर ने बतलाया कि इनका प्रमोशन के लिए अनुमोदन डीडीसी के द्वारा किया जाएगा।

## किसानों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण का हुआ समापन प्रमाण पत्र, बैग व सब्जी कीट का वितरण




**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड मुख्यालय में स्थित सिंगल विंडो सेंटर में कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग झारखंड सरकार के द्वारा संचालित कृषि सुरक्षा कार्यक्रम योजना 24-25 के तहत पंचायत स्तरीय किसानों को तीन दिवसीय प्रशिक्षण दिया जा रहा था। जिसका समापन सोमवार को किया गया। कार्यक्रम बिटीएम प्रभात कुमार केमिस्ट्री तूने चलाया जा रहा था। प्रशिक्षण में किसानों को फसल से संबंधित कई जानकारियां दी गई। एवं किसानों का प्रमाण पत्र, बैग के साथ सब्जी किट का वितरण भी किसानों के बीच किया गया। इन सभी से संबंधित ट्रेनर चंदन कुमार ने डिजिटल प्रोजेक्टर के माध्यम से विस्तृत रुप से जानकारियां दिए। साथ ही तीन दिवसीय प्रशिक्षण का समापन हुआ। इस मौके पर जेएसएलपीएस से अनिल प्रजापति बिजय रजक प्रसादी पासवान सुरेश राणा राम सेवक दांगी प्रतिमा देवी सहित काफी संख्या में महिला पुरुष किसान किसान उपस्थित थे।

# ग्रामीणों ने गलत तरीके से तालाब खोदने का किया विरोध




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड अंतर्गत सिंदुआरी गांव के लाबानी तालाब समीप जेसीबी मशीन से मत्स्य पालन को लेकर गढ़ा खोदा जा रहा था। यह कार्य राजपुर थाना क्षेत्र के बाकचुम्मा गांव अभय दांगी करा रहा था। इसकी खबर मिलते ही सिंदुआरी गांव के ग्रामीण लाबानी तालाब पहुंच कर कार्य का विरोध किया।ग्रामीणों ने वन क्षेत्र में कार्य को देख इसकी सूचना वन विभाग को दिया।सूचना मिलते ही वन समिति समाध्यक्ष रिशु उपाध्याय ने कार्य को बंद करा दिया। वहीं ग्रामीणों ने इसका विरोध करते हुए अभय दांगी को खदेड़ कर भगा दिया।यह घटन बीते रविवार की है। ग्रामीणों ने सोमवार को इसकी जानकारी देते हुए कहा कि अभय दांगी बीते वर्ष मत्स्य विभाग से लाबानी तालाब का टेंडर ले रखा है। जिसका जोरदार विरोध करते हुए ग्रामीणों ने कहा की गांव के डेढ़ दर्जन लोग मत्स्य विभाग से प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके है। लाबानी तालाब गांव का सार्वजनिक तालाब है। जिसका उपयोग ग्रामीण खेती बारी के साथ साथ मछली भी पालन करते है। परंतु मत्स्य विभाग को ओर से गुप चुप तरीके से अभय दांगी को तालाब का टेंडर देने का ग्रामीण विरोध करते है। ग्रामीणों ने खा की मत्स्य विभाग लाबानी तालाब को लेकर किसी भी मामले सार्वजनिक करें। जिसका लाभ मत्स्य विभाग से प्रशिक्षण पाने वाले लोगों के साथ साथ पूरे गांव को हो सके। विरोध करने में संजय कुमारी तिवारी, मनोज कुमार दांगी, योगेश दांगी, राजू भुइंया, शिवन भुइंया, कविया देवी, मुनिया देवी समेत अन्य मौजूद थे।

# जबड़ा पंचायत के मुखिया द्वारा डीएमएफटी मद से मिलने वाला सोलर पंप में महाघोटाला

➲ग्रामीणों ने उपायुक्त को लिखित आवेदन देकर किया कारवाई की मांग

➲ना बैठक ना आमसभा फर्जी हस्ताक्षर कर भेजा लाभुकों का नाम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** प्रखण्ड के जबड़ा पंचायत मुखिया बिना देवी पति कृष्णा साहू के विरुद्ध ग्रामीणों ने एक जुट होकर मुखिया का विरोध किया है। विरोध करते हुए उपायुक्त चतरा को मुखिया पर कारवाई की मांग किया है। लिखित आवेदन में ग्रामीणों ने कहा है कि मुखिया बिना देवी ने डीएमएफटी मद से दिए जाने वाला सोलर पंप सेट में ना बैठक ना आम सभा फर्जी हस्ताक्षर कर अनुमंडल कृषि पदाधिकारी सह परियोजना निदेशक आत्मा को लाभकों की सूची सौंप दिया गया गया है। ग्रामीणों ने कहा है कि उक्त डीएमएफटी से दिए जाने वाले पंप सेट में बैठक तथा आम सभा कर योजना को वैसे लाभुको दिया जाना है जिन्हें कृषि करने के लिए प्रयाप्त भूमि है। किंतु मुखिया बिना देवी और पंचायत सेवक सुधीर कुमार सिंह द्वारा लाभुकों का फर्जी हस्ताक्षर कर वैसे व्यक्ति का नाम भेज दिया गया है जिन्हें अभी तक युक्त योजना की कोई जानकारी नहीं है ना उनका हस्ताक्षर हैं। और तो और उक्त लाभ खुद मुखिया पति कृष्णा साहू और अपने चचेरे भाई तक दे दिया है। फर्जी तरीके से किया गया लाभुकों का चयन में बलदेव उरांव पिता स्व निर्मल उरांव, कृष्णा साहू पिता स्व बनवारी साव, बीरेंद्र उरांव स्व लाला उरांव, शंभु साव स्व खिरोधर साव, विजय गंझू सरहुल गंझू, रमेश बैठा स्व शोभा बैठा, राजेश गंझू पिता ननकु गंझू, महेंद्र उरांव मंहगू उरांव, मीना देवी रामप्रसाद उरांव, गुड़िया कुमारी दुष्यंत कुमार, दशरथ राम स्व वंशी मोची का नाम शामिल है। इस तरह फर्जी तरीके से बैठक का पंजी बना फर्जी हस्ताक्षर कर तथा रुपए लेकर लाभुको का चयन कर लेने से ग्रामीण आक्रोषित है। ग्रामीणों ने उपायुक्त से जांच करते हुए कारवाई की मांग किया है। आवेदन में उपमुखिया संगीता देवी, वार्ड सदस्य माधुरी देवी के अलावे कई वार्ड सदस्य और दर्जनों ग्रामीणों का हस्ताक्षर शामिल है।

## आत्मा राज्य सहाय योजना के तहत जिला स्तरीय तीन दिवसीय प्रशिक्षण शुरू




**सिमरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड मुख्यालय के बनहे पंचायत सचिवालय में आत्मा राज्य सहाय योजना अंतर्गत जिला स्तरीय तीन दिवसीय किसान प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां प्रमुख रोहन साव द्वारा दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में उमाशंकर प्रसाद पौधा संरक्षक, सरोज कुमार भ्रमणशील पशु चिकित्सा पदाधिकारी के द्वारा प्रशिक्षण में उपस्थित प्रशिक्षु किसानों को अपने विभाग से संबंधित विषयों पर विभिन्न तरह की जानकारी उपलब्ध करवाई गई। कार्यक्रम में प्रभारी प्रखंड तकनीकी प्रबंधक राजेश कुमार के द्वारा कृषि विभाग से संबंधित विषयों पर प्रशिक्षु किसानों को विभिन्न तरह की जानकारी दी गई एवं सहायक तकनीकी प्रबंधक सुधीर कुमार के द्वारा भी कृषि विभाग से संबंधित जानकारी दी गई।मौके पर दर्जनों प्रशिक्षु कृषक मौजूद थे।

## तीन दिवसीय सॉलिड लिक्विड रिसोर्स मैनेजमेंट प्रशिक्षण का किया गया शुभारंभ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू :** प्रखंड कार्यालय सभागार परिसर में उपायुक्त लातेहार के निर्देशानुसार सॉलिड लिक्विड रिसोर्स मैनेजमेंट (SRLM) अतर्गत जेएसएलपिएस बीपीओ मुजिबुल आरफीन ने घर घर सर्वे का तीन दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ किया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में बारियातू प्रखंड के सभी पंचायतों व जिला से प्रशिक्षण प्राप्त मास्टर ट्रेनर जलसहिया एवं सखी मंडल के दीदीयां उपस्थित हुए। बीपीएम आरफीन ने बताया कि हर घर तक सर्वे कर रिपोर्ट तैयार करना है ताकि इस योजना की जानकारी सभी लोगो को हो सके। बताते चलें कि यह योजना लातेहार में उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता के द्वारा जोर शोर से कराया जा रहा है जिसमें जिले के सभी पंचायतों से मास्टर ट्रेनर के रूप में दो दो दीदीयों को प्रशिक्षण देकर तैयार किया जा रहा है। इसका मुख्य कार्य पतझड़ के मौसम में जंगलों से या फिर आस पास के पेड़ों के पत्तीयों को जमा कर बड़ी मात्रा में खाद तैयार करना है।साथ ही जंगलों को आग लगने से भी बचाने का उद्देश्य सामिल है। वहीं इस योजना से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की भी बातें हो रही है। वहीं एक नहीं अनेक फायदे मिलने की संभावना जताई जा रही है। मौके पर एडमिन नितेश पैत, सीसी मनीष कुमार, अनिल उरांव, उत्तम कुमार, सत्येन देवी, सुमित्रा देवी, प्रमिला देवी समेत सखी मंडल एवं जलसहिया दीदी मौजूद रहे।

## अपने ही जमीन के न्याय के लिये दर-दर भटक रहे हैं संजय गुप्ता

# एसडीओ ने कहा दोनों पक्षों का कागजातों का अवलोकन करते हुए सुसंगत धाराओं के तहत कार्रवाई की जायेगी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** अपने ही जमीन को पाने के लिए चंदवा के रैयत दर दर भटकने को विवश है। ऐसा ही मामला प्रकाश में आया है। जिले के चंदवा प्रखंड निवासी प्रथम पक्ष के संजय कुमार गुप्ता पिता स्व देवनारायण ने द्वितीय पक्ष सघन लोहरा पिता स्वर्गीय मोहन लोहारा व संतोष लोहरा पर जबरदस्ती अवैध रूप से भूमि पर कब्जा करने की बात कही है। प्रथम पक्ष का कहना है की पत्नी लता गुप्ता के नाम से 2016 में केवाला और जमीन का स्थानांतरित किया है। इस मामले को लेकर दर बदर भटक रहा हूँ। लेकिन अभी तक मुझे कहीं से मदद नहीं मिली है। उन्होंने बताया कि उक्त भूमि मौजा हुटाप नया खाता 395 नया प्लॉट 2412 रकबा 73 डिसमिल यह की उक्त जमीन का मालगुजारी रसीद प्रथम पक्ष के पत्नी के नाम से अंचल पदाधिकारी चंदवा के द्वारा दाखिल खारिज कर निर्गत किया गया है। गुप्ता का कहना है की द्वितीय पक्ष दबंग एवं झगड़ालू प्रवृत्ति के व्यक्ति है। जो जमीन पर जबरन दखल कब्जा करना चाह रहा है।गुप्ता ने बताया कि आरोपितों पर कार्रवाई व निर्माण कार्य रोकने के लिए उन्होंने संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों को शिकायत दर्ज करवाई। लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। इधर इस संबंध में एसडीओ अजय कुमार रजक ने कहा कि मामला मेरे संज्ञान में आया है। इस मामले को लेकर चंदवा थाना और चंदवा अंचलाधिकारी को स्थलीय जांच प्रतिवेदन को लेकर आदेश दिया है। जांचोपरांत व दोनों पक्षों का कागजातों का अवलोकन करते हुए सुसंगत धाराओं के तहत कार्रवाई की जाएगी।

## मगध कोलियरी में अज्ञात हाइवा के धक्के से चालक की मौत



**बालूमाथ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत सीसीएल द्वारा संचालित मगध कोलियरी के 44 नम्बर स्टॉक के समीप अज्ञात हाइवा के धक्के से एक हाइवा चालक की मौत हो गयी ।घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार पुनीत राम 45 वर्ष पिता प्रसाद राम ग्राम दाड़ी थाना सिमरिया जिला चतरा मगध कोलियरी में हाईवा चलाने का काम करता था। सोमवार की अहले सुबह करीब 5 बजे हाईवा में कोयला लोड कराने मगध कोलियरी गया हुआ था ।जहां कोयला लोड होने के बाद हाइवा से नीचे उतरा था। इसी दौरान एक अज्ञात हाइवा ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। जिससे उसकी घटना स्थल पर ही मौत हो गई। वही घटना से गुस्साए मगध कोलियरी से चलने वाले हाइवा चालको एवं परिजनों ने सड़क जाम कर दिया। जिससे सीसीएल का ट्रांसपोर्टिंग कार्य ठप हो गया। जाम की सूचना पाकर मगध परियोजना पदाधिकारी एस.सतनारायण एवं ट्रांसपोर्ट कंपनी मैनेजर रौशन कुमार जामस्थल पहुँचक जमाकर्ताओं के साथ वार्ता किया ।जहां परिजनों को तत्काल मुआवजा के रूप में तीन लाख नगद मृतक के पुत्र पवन कुमार को दिया गया। वहीं दो लाख रुपए एक दिन बाद देने की बात कही गयी। इसके अलावा इंश्योरेंस का पैसा दिलाने पर सहमति बनी। जिसके बाद जाम समाप्त हो पाया। इस दौरान सड़क जाम सुबह 7:00 से दोपहर 2:00 बजे तक 7 घन्टे सड़क जाम रहा। मौके पर बालूमाथ के उप-प्रमुख कामेश्वर राम एवं समाजसेवी मनोज यादव, जितेंद्र राम,संजय राम समेत कई लोग मौजूद थे ।वही घटना के बाद बालूमाथ पुलिस ने शव को अपने कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल लातेहार भेज दिया।

# नगर पंचायत की समस्याओं को लेकर आजसू पार्टी सौंपा ज्ञापन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** आजसू पार्टी के जिला अध्यक्ष अमित पाण्डेय के नेतृत्व में नगर पंचायत लातेहार की विभिन्न समस्याओं को लेकर एक ज्ञापन सौंपा गया। यह ज्ञापन नगर पंचायत क्षेत्र में व्याप्त असुविधाओं के समाधान हेतु प्रशासक नगर पंचायत राजीव रंजन को दिया गया।ज्ञापन में नगर पंचायत क्षेत्र के कई हिस्सों में जलजमाव की समस्या बनी हुई है।सार्वजनिक स्थानों पर रात में पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था नहीं होने से असामाजिक गतिविधियाँ बढ़ रही हैं। सफाई व्यवस्था अत्यंत दयनीय है, जिससे स्थानीय नागरिकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कचरा प्रबंधन के लिए उचित कंटेनर एवं नियमित उठाव की व्यवस्था नहीं है।नगर में बने शौचालयों की स्थिति खराब है, जिससे उनका उपयोग संभव नहीं हो पा रहा है। जब तक नागरिकों को सभी सुविधाएं नहीं मिल जातीं, तब तक होल्डिंग टैक्स की वसूली स्थगित करने की मांग की गई। नगर की गलियों में जल निकासी की समस्या बनी हुई है, जिससे नालियों की नियमित सफाई की आवश्यकता है। बाजार टांड़ जगह में लगे शिवरात्रि मेले में शौचालय कि व्यवस्था करने कि मांग की। आजसू पार्टी ने प्रशासन से इन समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग की है। और चेतावनी दी है कि यदि समय पर कार्यवाही नहीं हुई, तो जन आंदोलन का रास्ता अपनाया जाएगा। मौके पर जिलाध्यक्ष अमित पाण्डेय जिला कोषाध्यक्ष सद्दाम अंसारी नितेश जायसवाल विकाश कुमार आदि लोग उपस्थित थे।

# कलश स्थापना के साथ मां दुर्गा मंदिर का 16 वां स्थापना दिवस का हुआ शुभारम्भ

## कलश यात्रा में उमड़ा भक्तों का जन सैलाब



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुआडांड़ (लातेहार) :** महुआडांड़ प्रखंड स्थित दुर्गाबाड़ी मंदिर परिसर में मां दुर्गे की प्रतिमा स्थापना के 16 वें वर्षगांठ पर सोमवार को भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया गया। कलश यात्रा में शामिल होने को लेकर सुबह 7:30 बजे से ही प्रखंड मुख्यालय एवं आसपास के गांव से श्रद्धालु मंदिर परिसर पहुंचने लगे। हजारों की संख्या में माता के भक्त गाजे बाजे के साथ जय माता दी का उद्घोष करते हुए रामपुर स्थित छठ नदी घाट पहुंचे। जहां स्थानीय पुरोहितों सर्वेश पाठक, अवधेश पाठक, श्रीकांत मिश्रा, मुरारी पाठक, रामाशीष पांडेय, नागेन्द्र पांडेय एवं राजेश पाठक के द्वारा विधिवत पूजा पाठ कराया गया। जिसके बाद वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच भक्तों ने कलश में पवित्र जल भरा और माता का जयकारा लगाते हुए मंदिर परिसर पहुंचे जहां यज्ञवेदी की परिक्रमा कर पवित्र कलश की स्थापना के साथ तीन दिवसीय पूजन कार्यक्रम की शुरुआत की गई। तीन दिवसीय स्थापना दिवस समारोह के पहले दिन भव्य भंडारे का भी आयोजन किया गया। थाना प्रभारी अवनीश कुमार, अध्यक्ष मनोज जायसवाल, डा ए के शाह के द्वारा नारियल फोड़कर एवं फिता काटकर भंडारे की शुरुआत की गई। जिसमें हजारों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। वहीं दुसरे दिन दुर्गा शतचण्डी यज्ञ, वेदी पुजन एवं भंडारा का कायक्रम होगा। मुख्य यजमान के रूप में सत्येंद्र प्रसाद गुप्ता सपत्नी इस पूजा में शामिल हुए। वही तीसरे दिन शनिवार को हवन, कुंवारी भोजन एवं बुधवार को पूर्णाहुति का कार्यक्रम होगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में हिंदू महासभा के अध्यक्ष मनोज जायसवाल, उपाध्यक्ष संजय राय, संतोष गुप्ता, महामंत्री संजय जयसवाल, भानु प्रसाद, शम्भु प्रसाद, सुरज साहु, कोषाध्यक्ष राकेश कुमार आदि हिन्दू महासभा कार्यकारिणी समिति के सदस्य की सराहनीय भूमिका रही।

## पूर्व नक्सलियों को पुनर्वास नीति के तहत भूमि पर्चा वितरित



**बरवाडीह/लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बरवाडीह अंचल में सोमवार को पूर्व में आत्मसमर्पण कर चुके नक्सलियों को राज्य सरकार की पुनर्वास नीति के तहत गृह निर्माण हेतु आवंटित भूमि का बंदोबस्ती पर्चा प्रदान किया गया। इस अवसर पर बरवाडीह अंचलाधिकारी मनोज कुमार एवं छिपादोहर थाना प्रभारी धीरज कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से बंदोबस्ती पर्चा वितरित किया। मौके पर अंचल बड़ा बाबू मनोज कुमार, सहायक नित्यानंद तिवारी मौजूद थे। जिन लाभार्थियों को पर्चा दिया गया, उनमें शामिल हैं:-उपेंद्र सिंह खरवार, पिता स्व.रामप्रसाद सिंह, मोहन प्रहिया उर्फ आलोक प्रहिया, पिता स्व. रामचरण प्रहिया (ग्राम - नावाडीह, थाना - छिपादोहर) कमलेश सिंह उर्फ नाना जी, पिता स्व. बालदेव सिंह (ग्राम - लात हरहे, थाना - छिपादोहर) सभी लाभार्थी प्रखंड सह अंचल - बरवाडीह, जिला - लातेहार, झारखंड के निवासी हैं। साथ ही इस अवसर पर अधिकारियों ने सभी लाभार्थियों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं।

# हजारीबाग सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने राज्य सरकार के बजट को बताया दिशाहीन, जनता के साथ छलावा

● **अहम मुद्दों की अनदेखी कर जनता को फिर से छलने का काम किया है : प्रदीप प्रसाद**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** भारतीय जनता पार्टी से हजारीबाग सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने राज्य सरकार द्वारा पेश किए गए वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट को पूरी तरह विफल और दिशाहीन करार दिया है। उन्होंने कहा कि यह बजट राज्य की जनता को भ्रमित करने और खोखले वादों से गुमराह करने वाला है। विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा की यह बजट पूरी तरह से जमीनी सच्चाई से कटा हुआ है। इसमें ना तो राज्य के युवाओं के लिए कोई ठोस योजना है, ना महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण पर ध्यान दिया गया है और ना ही राज्य की कानून-व्यवस्था को सुधारने के लिए कोई ठोस नीति बनाई गई है। सरकार केवल आंकड़ों की बाजीगरी कर जनता को गुमराह करने का प्रयास कर रही है। विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा कि राज्य में महिला सुरक्षा की स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है। महिलाओं के खिलाफ अपराध बढ़ रहे हैं, लेकिन सरकार का इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं है। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण के नाम पर केवल योजनाओं की घोषणाएं की जाती हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर उनका कोई असर नहीं दिखता। महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सरकार को ठोस नीति बनानी चाहिए थी, लेकिन बजट में इस दिशा में कोई ठोस प्रावधान नहीं किया गया है। महिलाओं को रोजगार, शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए जिस प्रकार की योजनाओं की जरूरत है, वह इस बजट में नहीं दिखती। विधायक ने कहा कि राज्य में अपराध की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं, लेकिन बजट में कानून-व्यवस्था सुधारने के लिए कोई ठोस पहल नहीं की गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य में लूट, हत्या, बलात्कार और भ्रष्टाचार की घटनाएं चरम पर हैं, लेकिन सरकार इससे आंख मूंदे बैठी है। विधायक ने कहा कि सरकार ने इस बजट में सिर्फ घोषणाओं और दावों की झड़ी लगाई है, लेकिन हकीकत में जनता के लिए इसमें कुछ भी नहीं है। पिछले वर्षों में भी सरकार ने कई लोकलुभावन योजनाओं की घोषणा की थी, लेकिन उन योजनाओं का लाभ किसी को नहीं मिला। अब फिर से नए वादों के साथ जनता को गुमराह किया जा रहा है। यह बजट सिर्फ दिखावे और प्रचार के लिए बनाया गया है, जो जनता के हितों को पूरी तरह नजरअंदाज करता है। विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा कि भाजपा इस जनविरोधी बजट का पुरजोर विरोध करेगी और सरकार की



नाकामियों को जनता के सामने लाएगी। उन्होंने कहा कि भाजपा जनता के हक की लड़ाई लड़ती रहेगी और सरकार की विफलताओं को सदन से लेकर सड़क तक उठाएगी। हम इस जनविरोधी बजट को स्वीकार नहीं करेंगे। भाजपा जनता के हक के लिए लड़ाई जारी रखेगी और सरकार से जवाब मांगेगी। अगर सरकार ने अपनी नीतियों में सुधार नहीं किया, तो भाजपा बड़े आंदोलन के लिए तैयार है।

# घोर निराशाजनक बजट, चुनावी वादे पर नहीं किया कोई अमल : मनीष जायसवाल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** सोमवार को झारखण्ड सरकार द्वारा वर्ष 2025-26 का एक लाख 45 हजार 400 करोड़ रुपए का बजट हुआ पेश। बजट झारखंड के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने पेश किया। इस बजट को घोर निराशाजनक बजट बताते हुए हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि यह बजट अबुआ सरकार का राग अलापने वाली गठबंधन सरकार का झारखंड कि जनता को बबुआ बनाने वाला बजट है और इस बजट से झारखंडियों का कोई भला नहीं होना वाला है। उन्होंने कहा कि गठबंधन की हेमंत सरकार जिस चुनावी वादे के साथ सरकार में आई थी उससे झारखंड की जनता में इस बजट को लेकर एक आस जगी थी और लोगों को उम्मीद था कि बजट में चुनावी घोषणा पर सरकार अमल करेगी लेकिन इस बजट में बेरोजगार युवाओं के सपने को चकनाचूर कर दिया। इस सरकार ने 10 लाख युवाओं को रोज़गार देने का वादा किया था। मईया सम्मान की बात कहकर सरकार ने जो बजट का प्रावधान इस योजना के लिए किया है उसमें राज्य की आधी महिलाओं को भी यह लाभ नहीं मिल पाएगा। ऐसे ही विकलांग पेंशन, विधवा पेंशन, वृद्धा पेंशन की राशि ढाई हज़ार



करने की बात कहकर उनका भी बजट में कोई बढ़ाने का प्रावधान न करके उन्हें भी छला गया है। इस बजट से ना तो झारखंड का कोई हित होगा और ना ही झारखंडियों का ही कोई भला होगा। यह पुरी तरह दिशाहीन और झारखंड के हर वर्ग को ठगने वाला बजट है ।

# भाजपा का मंडल अध्यक्ष के चुनाव को लेकर बैठक संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** सांसद मनीष जायसवाल के बड़कागांव स्थित आवास में भारतीय जनता पार्टी की बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता बड़कागांव पश्चिम मंडल अध्यक्ष आदित्य साहू सोनी एवं संचालन केरेडारी मंडल अध्यक्ष कर्मचारी साव ने किया। बड़कागांव पूर्वी मंडल, बड़कागांव पश्चिमी मंडल और करेडारी मंडल की संयुक्त बैठक की गई। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जिला सदस्यता प्रभारी विनोद सिंह, हजारीबाग जिला अध्यक्ष विवेकानंद, जिला सदस्यता सह प्रभारी पूर्व जिला अध्यक्ष टुनु गोप उपस्थित हुए। बैठक में मुख्य रूप से सभी बुथ कमेटी के निर्माण संपन्न होने एवं मंडल अध्यक्ष चुनाव से संबंधित चर्चा की गई। 5 मार्च तक सभी बुथों पर बुथ कमेटी संपन्न करने का निर्देश दिया गया तथा 7 मार्च से 12



मार्च के बीच मंडल अध्यक्ष का चुनाव संपन्न करने का निर्देश दिया गया। विनोद सिंह ने विस्तृत संगठन चुनाव महापर्व पर चर्चा करते हुए कार्यकर्ताओं से प्राथमिक सदस्य, सक्रिय सदस्य, बुथ कमिटी के गठन संबंधी जानकारी लिया। बैठक में मुख्य रूप से बड़कागांव मंडल महामंत्री नरसिंह प्रसाद, जिला मंत्री जयनारायण प्रसाद, जिला उपाध्यक्ष दामोदर सिंह, राजकिशोर राणा, राजकिशोर साव, रामपति राम, प्रभु राणा, मनीष पांडे , सदस्यता सह प्रभारी टुकेश्वर प्रसाद, सदानंद सिंह, उमेश दांगी, राजीव रंजन, महिला मोर्चा अध्यक्ष अनीता देवी, बडकागांव पूर्वी मंडल महामंत्री दिनेश करमाली, सेवंती देवी, त्रिवेणी महतो, प्रीतम साव, इंद्र भूषण, मूलचंद साव, पूर्व मंडल अध्यक्ष जुगनू सिंह, देवंती देवी, फूलचंद गिरी कैलाश कुमार राणा, बद्री नारायण सिंह, विजय आदि उपस्थित थे।

# 10 मार्च को तैलीक साहु समाज का होली मिलन समारोह मानने का निर्णय



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** बरही हाउस में अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा द्वारा अनुमंडलीय स्तर पर होली मिलन समारोह मनाने को लेकर बैठकआयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता साहू समाज के अनुमंडलीय अध्यक्ष अमित साहू ने किया। मौके पर मुख्य रूप से कांग्रेस नेता अरुण साहू उपस्थित थे। सर्वसम्मति से 10 मार्च को पदमा प्रखंड में होली समारोह मनाने का निर्णय लिया। मौके अरुण साहू ने आग्रह करते हुए कहा कि पदमा में होली की भव्य समारोह मानने की तैयारी की जा रही है, जिसमें बरही विधानसभा तैलीक समाज और सामाजिक कार्यकर्ताओं को भाग लेने का आग्रह किया है। बैठक में बरही अनुमंडलीय अध्यक्ष अमित साहू, वरिष्ठ समाजसेवी बुधन साव, चौपारण प्रखंड अध्यक्ष मुनेश्वर गुप्ता, पदमा प्रखंड अध्यक्ष राजेश साव, समाजसेवी दीपक गुप्ता, बबलू साहू, पप्पू साव, टिंकू साव समेत अन्य समाजसेवी उपस्थित थे।

# सेवानिवृत्त पुलिस अवर निरीक्षक जहांगीर हुसैन को बरही थाना में दी गई भावभीनी विदाई





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** रविवार को बरही थाना परिसर में एसडीओ अजीत कुमार विमल की अध्यक्षता में सेवानिवृत पुलिस अवर निरीक्षक जहांगीर हुसैन को भावभीनी विदाई दी गई।एसडीओ अजीत कुमार विमल ने कहा कि सरकारी नौकरी में पदस्थापना,स्थानांतरण,सेवानिवृत की प्रक्रिया एक चक्र की तरह घूमते रहती है, इन सभी चक्र से सभी कर्मियों को एक बार गुजरना पड़ता है।एसडीओ अजीत कुमार विमल की अध्यक्षता व नेतृत्व पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी आभास कुमार, जबकि संचालन नागेंद्र पाण्डेय के द्वारा किया गया। सेवानिवृत पुलिस अवर निरीक्षक पदाधिकारी को फूल माला पहनाकर व उपहार देते हुए भावभीनी विदाई दी गई। पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी आभास कुमार ने कहा कि वह अपने कार्यकाल में जिस प्रकार परिश्रम व कर्मठता से दायित्व का निर्माण किया है, इससे सीख लेनी चाहिए। बरही थाना के रीडर मोहम्मद आसिफ ने कहा कि वे पुलिस अवर निरीक्षक के पद पर रहते हुए,उन्होंने बेहतर पुलिसिंग के साथ कई ऐसे कार्य किए जिसकी चर्चा आने वाले दिनों में भी होती रहेगी।अपने कार्यकाल में वे आम लोगों के साथ सीधे कनेक्ट होते थे,और उनकी परेशानी को दूर करने का प्रयास करते थे। सहित अन्य पुलिस अधिकारियों द्वारा उनकी सेवा की सराहना करते हुए उनकी भावी जीवन की शुभकामनाएं दी गई। इस मौके पर एसआई में सुशील कुमार, नागेंद्र पांडे, सुमित साव, रंजीत भगत,शिवम गुप्ता,थाना रीडर मो.आसिफ, संजय कुमार, सहित अन्य पुलिस के जवान मौजूद थे।

# निराशाजनक और उम्मीद को तोड़ने वाला बजट है : मनोज यादव



**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** झारखण्ड सरकार के बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए बरही विधायक मनोज कुमार यादव ने कहा कि निराशाजनक है राज्य की बजट। अंदर से खोखला साबित हुआ। रोजगार सृजन, किसानों के लिए समर्थन, स्वास्थ्य क्षेत्र में सुधार और चुनावी वादों को पूरा करने जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया गया है। किसानों के लिए यह बजट निराशाजनक है। किसानों को उम्मीद थी कि सरकार उनकी आय बढ़ाने और कृषि क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए कुछ ठोस कदम उठाएगी। लेकिन बजट में किसानों के लिए कोई विशेष प्रावधान नहीं होने से वे निराश हैं। बजट में रोजगार सृजन के लिए पर्याप्त प्रावधान नहीं होने से युवाओं में निराशा है। बजट में स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए कोई विशेष प्रावधान नहीं होने से लोगों में निराशा है। बजट में चुनावी वादों को दूर रखा गया है। लोगों को उम्मीद थी कि सरकार अपने चुनावी वादों को पूरा करेगी। लेकिन बजट में चुनावी वादों को पूरा नहीं करने से लोगों में निराशा है।

# कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मुन्ना सिंह ने बजट को बताया जनहितैषी और समावेशी



**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने झारखंड विधानसभा में वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 1,45,400 करोड़ का बजट पेश किया। इस बजट को लेकर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मुन्ना सिंह ने इसे जनहितैषी और समावेशी करार दिया है। उन्होंने कहा कि यह बजट झारखंड के विकास को गति देने के साथ-साथ सभी वर्गों का ध्यान रखता है। मुन्ना ने कहा कि सरकार ने इस बजट में शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि और बुनियादी ढांचे को प्राथमिकता दी है, जिससे झारखंड के आम नागरिकों को सीधा लाभ मिलेगा। उन्होंने बजट की सराहना करते हुए कहा, यह बजट गरीबों, किसानों, युवाओं और महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। सरकार ने आर्थिक विकास के साथ-साथ सामाजिक न्याय को भी सुनिश्चित किया है। जबकि बजट की आलोचना करने वालों पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि विपक्ष सिर्फ विकास में बाधा डालना चाहता है। यह बजट झारखंड की जनता की उम्मीदों के अनुरूप है और इससे राज्य में नई विकास परियोजनाओं को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने इस ऐतिहासिक बजट के लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर को बधाई दी और उम्मीद जताई कि इस बजट के माध्यम से झारखंड नए आर्थिक और सामाजिक विकास के रास्ते पर अग्रसर होगा।

# झारखंड के विकास को नई गति देने वाला बजट : निसार खान



**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** जिला कांग्रेस कमिटी के उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता निसार खान ने 2025-26 वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर द्वारा पेश किए गए वित्तीय अबुआ बजट पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि यह बजट पिछले वित्तीय वर्ष से 13त्न अधिक का है । इसी से यह सिद्ध होता है कि वर्तमान सरकार झारखंड में जन कल्याणकारी योजनाओं को लागू करने के लिए कितनी प्रतिबद्ध है । इस बजट में झारखंड की बेटियों, झारखंड के किसानो, झारखंड के उद्यमी, झारखंड के युवा विद्यार्थियों सभी का ध्यान रखा गया है और सभी को केंद्र में रखकर सर्वस्पर्शी और समावेशी बजट तैयार किया गया है । यह बजट झारखंड को विकास की नई गति देने वाला बजट हैं । उन्होंने बजट के लिए झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर के प्रति आभार व्यक्त किया ।

### हजारीबाग यूथ विंग के रक्तदान शिविर में संग्रह किए गए 221 रक्त

# सांसद, डीडीसी,जिप अध्यक्ष,पूर्व जिप अध्यक्ष सहित कई गणमान्य लोगों ने बढ़ाया रक्तदाताओं का उत्साह

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** समाजसेवा के क्षेत्र में निरंतर कार्य कर रही हजारीबाग यूथ विंग ने एक और कीर्तिमान स्थापित किया। संगठन द्वारा लक्ष्मी सिनेमा हॉल में 2024-25 का सबसे बड़ा एकदिवसीय रक्तदान शिविर आयोजित किया गया, जिसमें 221 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। शिविर की सबसे बड़ी खासियत यह रही कि रक्तदान को लेकर लोगों में असाधारण उत्साह और जोश देखने को मिला। सोशल मीडिया के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया, जिससे रक्तदान को लेकर जागरूकता बढ़ी और बड़ी संख्या में रक्तदाता प्रेरित हुए। आयोजन स्थल पर सुबह से ही रक्तदाताओं की भीड़ उमड़ने लगी, और रक्तदान के प्रति उनका समर्पण देखते ही बना। इस शिविर में न केवल शहरी क्षेत्रों से, बल्कि ग्रामीण इलाकों से भी बड़ी संख्या में लोग रक्तदान करने पहुंचे। रक्तदान को लेकर लोगों में इतनी जागरूकता थी कि युवा और महिलाएं सभी ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। यह दिखाता है कि समाज में सेवा और परोपकार की भावना लगातार बढ़ रही है और लोग मानवीय सहायता के लिए तत्पर हैं। इस रक्तदान शिविर में महिलाओं की भागीदारी भी उल्लेखनीय रही। आधा दर्जन से अधिक महिलाओं ने रक्तदान कर यह साबित कर दिया कि




समाजसेवा में वे भी किसी से पीछे नहीं हैं। इस रक्तदान शिविर का उद्घाटन हजारीबाग के सांसद मनीष जायसवाल और विशिष्ट अतिथि डीडीसी इश्तियाक अहमद द्वारा किया गया। इस अवसर पर जिला परिषद अध्यक्ष उमेश मेहता, पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष ब्रज किशोर जायसवाल, समाजसेवी श्रद्धानंद सिंह सहित कई गणमान्य अतिथियों ने अपनी उपस्थिति से रक्तदाताओं का मनोबल बढ़ाया। सांसद मनीष जायसवाल ने कहा की हजारीबाग यूथ विंग समाजसेवा के क्षेत्र में एक प्रेरणास्त्रोत बनकर उभर रहा है। संगठन का यह प्रयास न केवल जिले बल्कि पूरे राज्य के लिए एक मिसाल है।रक्तदान ऐसा महादान है जो किसी जरूरतमंद के जीवनरक्षा के साथ उनके शरीर में लहू बनकर दौड़ते हुए सहयोग करने का सुअवसर प्रदान करता है। शिविर की शुरुआत समाजसेवी विनीता खंडेलवाल और संस्था के संरक्षक की धर्मपत्नी लता जैन पांड्या ने रक्तदान करके की। इसके बाद हजारीबाग यूथ विंग के संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन ने रक्तदान किया। इसके बाद बारी-बारी से मुक्तिधाम सेवा संस्थान के सचिव नीरज कुमार, पत्रकार प्रमोद खंडेलवाल, नवीन सिन्हा, सत्यनारायण सिंह, सनी देव, चंदन सिंह, नीरज सिन्हा समेत 221 लोगों ने रक्तदान किया। डीडीसी इश्तियाक अहमद ने कहा की हजारीबाग यूथ विंग द्वारा आयोजित यह रक्तदान शिविर समाजसेवा की दिशा में एक अनुकरणीय प्रयास है। 221 यूनिट रक्त संग्रहित कर संगठन ने यह साबित कर दिया कि जब युवा एकजुट होते हैं, तो बड़े से बड़ा कार्य संभव हो जाता है। रक्तदान, मानवता की सबसे बड़ी सेवा है, और इस शिविर से कई जरूरतमंद मरीजों को जीवनदान मिलेगा। संस्था के संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन ने बताया कि आने वाले समय में भी वे इस तरह के और सामाजिक कार्यों को आगे बढ़ाते रहेंगे और जरूरतमंदों की सहायता के लिए तत्पर रहेंगे।

# श्री श्याम रंगीलो फाल्गुन निशान यात्रा संपन्न, जगह-जगह पर लोगों ने किया भव्य निशान यात्रा का स्वागत, महिलाएं पुरुष झूमते नजर आए

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** अग्रवाल युवा मंच द्वारा आयोजित श्री श्याम रंगीलो फाल्गुन निशान यात्रा सोमवार को संपन्न हुई। नगर भर में भक्तिमय उल्लास और श्रद्धा का अनूठा संगम देखने को मिला। यात्रा राणी सती मंदिर प्रांगण से शुरू होकर शहर के विभिन्न चौक-चौराहों से होती



हुई पुनः मंदिर परिसर में समाप्त हुई। हजारों भक्तों की आस्था, भजन-कीर्तन की गूंज और पुष्पवर्षा ने इस आयोजन को अविस्मरणीय बना दिया। पूरे शहर में जय श्री श्याम के उद्घोष, भजन-कीर्तन और फूलों की होली के बीच भक्ति का अनुपम दृश्य देखने को मिला। श्रद्धालुओं ने बाबा श्याम के जयकारे लगाते हुए पूरे श्रद्धा भाव से निशान यात्रा में भाग लिया। जगह-जगह भक्तों ने श्री श्याम की भजन-कीर्तन किए और प्रसाद वितरण किया। नगर के विभिन्न चौक-चौराहों पर सामाजिक संस्थाओं, विभिन्न समाज के द्वारा भव्य स्वागत कर निशान यात्रा का पुष्पवर्षा से भव्य अभिनंदन किया। इस यात्रा में 251 महिला एवं पुरुष श्रद्धालु पवित्र निशान लेकर चले। हजारों भक्तों ने बाबा श्याम की भक्ति में लीन होकर फूलों की होली खेलते हुए, भजनों पर झूमते हुए नगर भ्रमण किया। इस दौरान महिलाओं ने लाल-पीली साड़ी और पुरुषों ने कुर्ता-पायजामा धारण कर भक्ति भाव से बाबा श्याम का गुणगान किया। श्रद्धालुओं ने बाबा श्याम की महिमा गाते हुए नृत्य, कीर्तन और भजनों का आनंद लिया। इस आयोजन ने बाबा श्याम के प्रति भक्तों की अनन्य श्रद्धा और प्रेम को दर्शाया। यात्रा के दौरान बाबा श्याम की विशेष आरती का आयोजन किया गया, जिसमें कई भक्तों ने सहभागिता की। यात्रा के समापन पर प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया, जिसमें भक्तों ने प्रेमपूर्वक प्रसाद ग्रहण किया। यात्रा ने शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए धार्मिक उल्लास का अद्भुत वातावरण बनाया। यात्रा का रूट निम्नलिखित रहा जिसमें राणी सती मंदिर से प्रारंभ होकर बड़ा अखाड़ा चौक,जादो बाबू चौक,महावीर स्थान,कुम्हार टोली, बजरंगी चौक, सेठ महुल्ला,पंच मंदिर चौक,मस्जिद रोड,बड़ा बाजार,बंशीलाल चौक, झंडा चौक होते हुए राणी सती मंदिर परिसर पहुंच कर समाप्त हुई. हर चौक-चौराहे पर श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा और भजन-कीर्तन के साथ यात्रा का स्वागत किया। अग्रवाल युवा मंच ने सभी श्याम प्रेमियों, नगरवासियों, प्रशासन और विभिन्न समाज तथा सामाजिक संगठनों का हृदय से धन्यवाद व्यक्त किया, जिनके सहयोग से यह भव्य आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। बाबा श्याम की कृपा से यह आयोजन दिव्य रूप से संपन्न हुआ। हम सभी भक्तों के सहयोग से अगले वर्ष और भी भव्य रूप में इस आयोजन को आयोजित करने का संकल्प लेते हैं। आयोजकों ने यह विश्वास जताया कि बाबा श्याम की कृपा से अगले वर्ष यह आयोजन और भी अधिक भव्य और ऐतिहासिक रूप में आयोजित किया जाएगा।

# ट्रैक्टर बाइक के टक्कर मे मैट्रिक परीक्षार्थी की मौत, एक अन्य घायल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरकट्ठा :** गंगपाचो पंचायत के ढोढ़ीया पुल के पास सोमवार को ट्रैक्टर और बाइक की टक्कर में एक मैट्रिक परीक्षार्थी की मौत हो गई। दूसरा छात्र गंभीर रूप से घायल है। चुगलामो निवासी रोहित कुमार की मौके पर ही मौत हो गई। राहुल कुमार को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दोनों छात्र बरकट्ठा थाना क्षेत्र के चुगलामो गांव के रहने वाले हैं। घटना के बाद ग्रामीणों और मृतक के परिजनों ने सड़क जाम कर दिया। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए बरही डीएसपी अजित कुमार विमल, इंस्पेक्टर इमदाद अंसारी और थाना प्रभारी राजेश कुमार भोगता मौके पर पहुंचे। जिला परिषद सदस्य कुमकुम देवी भी घटनास्थल पर मौजूद रहीं। प्रशासन ने परिजनों को मुआवजे और कानूनी



कार्रवाई का आश्वासन दिया। इसके बाद सड़क जाम हटा लिया गया। घायल राहुल की हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने ट्रैक्टर को जब्त कर लिया है। ग्रामीणों ने क्षेत्र में तेज रफ्तार वाहनों पर रोक लगाने की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# हजारीबाग डेंटल कॉलेज में कोलोसियम-2025 सांस्कृतिक कार्यक्रम का भव्य आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज एंड हॉस्पिटल में दीक्षांत समारोह के उपरांत रविवार की रात्रि संस्कृतिक कार्यक्रम ÷कोलोसियम- 2025÷ का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य रूप से फिजिशियन डॉ विजय शंकर, डॉ वाई जगी, सचिव डॉ प्रवीण श्रीनिवास, परी फाउंडेशन के निदेशक रोली गुप्ता, डेंटल कॉलेज के प्राचार्य के श्रीकृष्ण एवं उप प्राचार्य डॉ अंकुर भार्गव सहित कई गणमान्य लोग हुए। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलित एंव अतिथि अभिवादन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। संस्कृतिक कार्यक्रम में छात्रों ने एक से बढकर एक प्रस्तुति दिया। दर्शक दीर्घा में उपस्थित लोगों का मंत्रमुग्ध कर दिया। संस्कृतिक कार्यक्रम से कॉलेज परिसर सरोबार रहा। संस्कृतिक नृत्य, रैंप



वॉक, गायन एवं फैशन शो का अद्भुत अभिलक्षण प्रस्तुत कर छात्रों ने सभी का मन मोह लिया। जिसमें फाइनल ईयर यूजी बीडीएस बैच 2021-2025 के छात्रों ने संस्कृतिक कार्यक्रम में विजेता रहे। अतिथियों ने स्मृति चिन्ह् के साथ छात्रों को सम्मानित किया। उनकी उज्जवल भविष्य की मंगल कामना की। डेंटल कॉलेज के सचिव डॉ प्रवीण श्रीनिवास ने अपने संबोधन में कहा कि संस्कृति के प्रति जागरूकता व एकता और सामाजिक संबंधों को मजबूत करने हेतु संस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। संस्कृतिक कार्यक्रम से समाज में एकता और सामाजिकता का भाव- जागृत होता है। अपनी संस्कृति के संरक्षण और विविधता को बढावा मिलता है। उन्होंने कहा कि समाज में समाजिकता एवं एकता का अटूट का बंधन स्थापित होता है।

## अबूआ राज्य का उन्नतिशील बजट : अमित साहू



**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** फेडरेशन ऑफ झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अमित साहू ने आम बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह बजट राज्य के सर्वांगीण विकास, समावेशिता और जनकल्याण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस बजट में शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यटन, बुनियादी ढांचे और रोजगार सृजन पर विशेष ध्यान दिया गया है, जो राज्य एवं राज्यवासियों के उज्जवल भविष्य को सुनिश्चित करने के साथ ही विकास को नई रफ्तार भी प्रदान करेगा। सरकार की यह दूरदर्शी नीति आर्थिक सशक्तिकरण को नई ऊंचाइयों तक ले जाने में सहायक होगी। यह बजट हर वर्ग के विकास का संकल्प और प्रदेश को प्रगति के पथ पर आगे ले जाने का सशक्त माध्यम भी है। विकसित झारखंड की हमारी परिकल्पना को पूरा करने की दिशा में यह विकासोन्मुखी बजट अहम भूमिका अदा करेगा।

## शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और बुनियादी ढांचे को मिलेगा बढ़ावा : सुधीर मंगलेश



**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने विधानसभा में प्रस्तुत वित्तीय वर्ष 2025-26 के अबूआ बजट का स्वागत किया है। उन्होंने इसे राज्य के सर्वांगीण विकास, समावेशिता और जनकल्याण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।श्री मंगलेश ने कहा कि ?1,45,400 करोड़ के इस बजट में शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यटन, बुनियादी ढांचे और रोजगार सृजन पर विशेष ध्यान दिया गया है, जिससे झारखंड के विकास को नई गति मिलेगी। यह बजट न केवल राज्यवासियों के उज्जवल भविष्य को सुनिश्चित करेगा, बल्कि समावेशी विकास को भी प्रोत्साहित करेगा।उन्होंने आगे कहा कि सरकार की यह दूरदर्शी नीति आर्थिक सशक्तिकरण को नई ऊंचाइयों तक ले जाने में सहायक होगी। यह बजट हर वर्ग के विकास का संकल्प लेकर प्रदेश को प्रगति के पथ पर आगे ले जाने का सशक्त माध्यम बनेगा।विकसित झारखंड की हमारी परिकल्पना को साकार करने की दिशा में यह विकासोन्मुखी बजट अहम भूमिका निभाएगा

## रामगढ़ जिले के घाटो थाना क्षेत्र मे अवैध कोयले का कारोबार जोरो पर

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कोयले का अवैध कारोबार घाटो थाना क्षेत्र मे चल रहा है जबकि बीच-बीच मे पुलिस कार्रवाई करके पकड़ा जा रहा है उसके बाद भी कई नामचीन कोयला माफिया ट्रक और कंटेनर से काम को अंजाम दे रहे है सूत्रो से मिली जानकारी के अनुसार घाटो मै कई कोयला का पॉइंट है जिसे लेकर अवैध कोयले का काम कर रहे लोग एक दूसरे के दुश्मन हो रहे है जो कि कभी भी एक बड़ा रूप ले सकता है वन विभाग और पुलिस कप्तान कोयला माफियाओ पर नकेल कसने के लिए तैयार है पर जो भी हो घाटो थाना क्षेत्र चर्चाओ का विषय बना हुआ है

## राज्य सरकार का बजट दिशाहीन और जनता को दिग्भ्रमित करने वाला है



**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ बीजेपी मीडिया प्रभारी राजीव पामदत ने प्रेस रिलीज जारी कर बताया कि राज्य सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट में युवा, महिला सुरक्षा और कानून-व्यवस्था जैसे अहम मुद्दों की पूरी तरह अनदेखी की गई है। यह बजट न तो राज्य के बेरोजगार युवाओं के भविष्य को संवारने वाला है, न ही महिलाओं को सशक्त और सुरक्षित करने की दिशा में कोई ठोस कदम उठाता है। हमारे युवा सरकारी और निजी नौकरियों के लिए संघर्ष कर रहे हैं, लेकिन बजट में उनके लिए कुछ भी नहीं है। स्थानीय नीति , नियोजन नीति और विस्थापन नीति को स्पष्ट नही किया गया । महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण पर ध्यान नहीं अपराध बढ़ रहे हैं, लेकिन सरकार केवल योजनाओं की घोषणा कर अपनी ढुलमुल नीति को दिखा रही है।

## 2625 किलोग्राम ब्लास्टिंग सामग्री के उपयोग से ब्लास्टिंग कर 143 अवैध मुहानों



**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अवैध खनन पर रोक को लेकर उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार द्वारा जिले के अलग-अलग क्षेत्र में अवैध मुहानों को चिन्हित कर उन्हें बंद करने का निर्देश दिया गया है। विगत दिनों में उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार, पुलिस अधीक्षक अजय कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी अनुराग कुमार तिवारी, खनन पदाधिकारी श्री निशांत अभिषेक सहित अन्य अधिकारियों द्वारा मांडू प्रखंड अंतर्गत बसंतपुर क्षेत्र के कोतरे में विभिन्न अवैध मुहानों को चिन्हित किया गया था। इसी क्रम में शनिवार से चिन्हित अवैध मुहानों को बंद करने का कार्य प्रारंभ किया गया था जो सोमवार को 2625 किलोग्राम ब्लास्टिंग सामग्री के उपयोग से ब्लास्टिंग कर कुल 143 अवैध मुहानों एवं 11 सुरंगों को बंद किया गया। वहीं रविवार को 21 अवैध मुहानों व 2 सुरंगों को बंद करने का कार्य किया गया था। जिले के अन्य क्षेत्रों में भी अवैध मुहानों को बंद करने हेतु पदाधिकारियों द्वारा सर्च अभियान चलाकर स्थल चिन्हित किया जा रहा है।

# रामगढ़ नगर भवन में सांसद मनीष जायसवाल के प्रयास से लगा दिव्यांगों के लिए विशेष कैंप, उपकरण के लिए दिव्यांगों का हुआ पंजीकरण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रामगढ :** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल के प्रयास से भारत सरकार की एपिड योजना के तहत एलिम्को द्वारा सोमवार को रामगढ़ टाउन हॉल सभागार में दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठ नागरिकों को निःशुल्क सहायक यंत्र/उपकरण उपलब्ध कराने हेतु पंजीकरण सह परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें हजारीबाग जिले के विभिन्न क्षेत्रों से कुल 210 दिव्यांग और वरिष्ठ नागरिकों का अनुभवी और विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने दिव्यांगता का परीक्षण किया और सभी का पंजीकरण कर आवश्यक सहायक यंत्र/ उपकरण के लिए सूची तैयार की गई तथा उनसे जरूरत के दस्तावेज़ यथा आधार कार्ड, दिव्यांग प्रमाण पत्र, यूडीआईडी कार्ड/ऑनलाइन कार्ड, राशन कार्ड/ आय प्रमाण पत्र की छायाप्रति और एक फोटो जमा कराया गया। इस शिविर की विधिवत् शुरुआत पूर्व निर्धारित समय के मुताबिक सुबह 10ः00 बजे से हुई जो संध्या 5ः00 बजे तक निर्बाध रूप से चला। शिविर में सुबह से ही दिव्यांगों का भीड़ उमड़ने लगा जो लगातार जारी रहा। उनका पहले पंजीकरण किया गया जिसके बाद चिकित्सीय परीक्षण के उपरांत उन्हें विदा किया गया ।उक्त शिविर का हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल, रामगढ़ डीडीसी रोबिन टोप्पो, रामगढ़ सिविल सर्जन डॉ. महालक्ष्मी, समाजसेवी विजय मेवाड़, रामगढ़ भाजपा जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता, रामगढ़ सांसद प्रतिनिधि राजीव जायसवाल सहित अन्य गणमान्य लोगों ने दीप प्रज्वलित कर इसका उद्घाटन किया। इस दौरान मंच संचालन रामगढ़ जिले के सांसद प्रतिनिधि राजीव जायसवाल और धन्यवाद ज्ञापन अनमोल सिंह ने किया। खुद हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल कैंप के दौरान दिव्यांगजनों की सुविधा के लिए उनके संवाद करते दिखे। दिव्यांगजनों के पंजीकरण से लेकर उनके परीक्षण तक की व्यवस्था की जानकारी ली जिसके बाद दस्तावेज़ के अभाव में यहां पहुंचे कई दिव्यांगों का उन्होंने एलिम्को के चिकित्सकों और कर्मियों से यह कहकर पंजीकरण कराया कि जिनका दस्तावेज़ फ़िलहाल उपलब्ध नहीं हैं उनका भी बाद में उपलब्ध करा दिया जाएगा तब तक उनका पंजीकरण कराकर ज़रूर रखें। मौके पर सांसद मनीष जायसवाल ने बताया कि हमारे प्रयास से भारत सरकार की कंपनी टीम एलिम्को को प्रेरित करके यह कैंप लगवाया गया है। उन्होंने कहा दिव्यांग को समाज के सहयोग की जरूरत है और तन, मन और धन से हम अपने स्तर से सहयोग को तत्पर रहेंगे। उन्होंने कहा कि हजारीबाग जिले में डीएमएफटी मद से 50 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता प्रमाण पत्र वालों को ट्राइसाइकिल वितरित किया गया उसी तर्ज़ पर रामगढ़ जिले में भी हमारा प्रयास रहेगा कि पैर से दिव्यांग लोगों को ट्राई साइकिल उपलब्ध कराया जा सके। डीडीसी रोबिन टोप्पो, सिविल सर्जन डॉ. महालक्ष्मी, समाजसेवी विजय मेवाड़ और भाजपा जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता ने भी यहां उपस्थित दिव्यांगों को संबोधित किया और सभी ने सांसद मनीष जायसवाल के इस प्रयास की खूब सराहना की ।उल्लेखनीय है कि इस शिविर में पहुंचे दिव्यांग जनों का असेटमेंट किया गया की किनको बैट्री संचालित साइकिल, ट्राई साइकिल, व्हील चेयर, कान का मशीन, बैसाखी, कमर का बेल्ट, घुटने का बेल्ट, वॉकर, कमोड व्हील चेयर, घड़ी जैसे उपकरण का जरूरत है, उन्हें चिन्हित किया गया। कैंप में चिकित्सक लोगों के इस जरूरत के अनुरूप एक प्रिस्क्रिप्शन तैयार किए और फिर उनके जरूरत के मुताबिक उन्हें सहायक यंत्र/ उपकरण उपलब्ध कराया जायेगा। जल्द ही ऐसे ही दोबारा कैंप लगाकर चिन्हित किए गए लोगों को सयाहक यंत्र/ उपकरण उपलब्ध कराया जाएगा। उक्त शिविर में भारत सरकार के एलिम्को टीम के तरफ से ऑडियोलॉजिस्ट डॉ.अविनाश कुमार, डॉ.ज्ञानेंदु कुमार सिंह, पी. एंड ओ. डॉ. ऐश्वर्या, डॉ.गौरव कुमार कैंप में पहुंचे सभी दिव्यांगों और बुजुर्गों का जांच मूल्यांकन कर उनका पंजीकरण किया। कैंप के सफल संचालन में मुकेश सोनी, शैलेश चंद्रवंशी, सांसद सेवा कार्यालय के अमित सिन्हा, रुपम ओझा, अमन कुमार, मिनल कुमारी, रामगढ़ जिले के भाजपा कार्यकर्ताओं ने ने अहम भूमिका निभाई। शिविर में विशेष रूप से रामगढ़ सांसद प्रतिनिधि राजीव जायसवाल, राधेश्याम अग्रवाल, बीजेपी नेता विजय जायसवाल, अनमोल सिंह, राजू चतुर्वेदी, राधेश्याम अग्रवाल, दिलीप सिंह, रंजन फ़ौजी, विजय मेवाड़, बबलू साव, मनोज गिरी, सतीश मोहन मिश्रा, योगेश दांगी, पंकज गुप्ता, धनंजय कुमार पुटूस, रॉबिन गुप्ता, रंजन फ़ौजी, वसुध तिवारी, शीतल सिंह, रूपा देवी, सांसद मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहें ।

*उरीमारी ओपी में आगामी होली व रमजान को लेकर शांति समिति कि हुई बैठक*

# आपसी भाईचारे के साथ मनाए त्योहार,हुड़दंगियों पर पुलिस कि रहेगी पैनी नजर : रामकुमार राम

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**उरीमारी :** उरीमारी ओपी में आगामी होली पर्व व रमजान पर्व को लेकर सोमवार को शांति समिति कि बैठक हुई। वहीं यह बैठक उरीमारी ओपी प्रभारी रामकुमार राम कि अध्यक्षता में कि गई। जिसमें उरीमारी प्रक्षेत्र के तीनों पंचायतो के लोग शामिल हुए। वहीं ग्रामीणों ने होली पर्व पर हुड़दंगियों और अवैध शराब पर पाबंदी लगाने कि मांग कि। जिसपर ओपी प्रभारी रामकुमार राम ने कहा कि होली व रमजान पर्व पर विशेष ध्यान रखने कि जरूरत है। होली पर्व पर पुलिस शराब पीकर गाड़ी चलाने वाले लोगों पर अंकुश लगाएगी। कम उम्र के बच्चों को गांडी देने से पहले विचार कर लें अन्यथा पकड़े जाने पर पुलिस विधिवत कार्यवाही करेगी। वहीं क्षेत्र में अवैध शराब का कारोबार करने वाले लोगों को चिन्हित कर कार्रवाई कि जाएगी। वहीं होली व रमजान में अंशांति फैलाने वाले हुड़दंगियों पर पुलिस अपनी पैनी नजर रखेगी। किसी भी सूरत में हुड़दंगियों को बख्शा नहीं जाएगा। वहीं ओपी प्रभारी रामकुमार राम ने यह भी कहा कि उरीमारी प्रक्षेत्र के लोग आपसी मतभेद को भुलाकर आपसी एकता का संदेश देते हुए एकजुट होकर खुशी से त्योहार मनाये। सोशल मीडिया पर किसी भी तरह का गलत संदेश व फोटो विडियो डालकर धार्मिक भावनाओं को ठेस ना पहुंचाए अन्यथा पुलिस उनसे सख्ती से पेश आएगी। अगर क्षेत्र में किसी तरह कि कोई अप्रिय घटना कि जानकारी प्राप्त होती है तो पहले पुलिस को सुचित करें। पुलिस आपकी सुरक्षा सेवा में 24 घंटा तत्पर है। वहीं इस शांति समिति बैठक में उरीमारी ओपी के एएसआई कृष्णा कुमार दुबे,संजय यादव ग्रामीणो में विंध्याचल बेदिया,रामचन्द्र,रविन्द्र बैठा,कोलेश्वर प्रजापति,राजेंद्र प्रजापति,महेंद्र प्रजापति, शिकारी टुडू,मनोज कुमार सिंह, तालो मांझी, रैना मांझी,मोहम्मद हसन,खगेश्वर मांझी,शंभू ठाकुर, अनिल कुमार,जुगल प्रजापति,विनोद हेंब्रम,महेंद्र प्रजापति,तन्नू आदि थे ।

*राधा गोविंद विश्वविद्यालय में ड्रोन टेक्नोलॉजी पर कार्यशाला का हुआ उद्घाटन*

# भारत ड्रोन टेक्नोलॉजी में बहुत जल्द एक अग्रणी राष्ट्र बनेगा : कुलाधिपति

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** राधा गोविंद विश्विद्यालय एवं राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान राउरकेला संयुक्त रूप से राधा गोविंद विश्विद्यालय प्रांगण में एक सप्ताह का ड्रोन टेक्नोलॉजी पर बूट कैम्प का भव्य उद्घाटन 3 मार्च 2025 को हुआ।यह बूट कैंप 3 मार्च से 7 मार्च 2025 तक चलेगा। विश्वविद्यालय के माननीय कुलाधिपति महोदय श्री बी एन साह , सचिव प्रियंका कुमारी एवं अन्य गणमान्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से विधिवत इस कार्यशाला का उद्घाटन किया।यह कार्यशाला राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान राउरकेला के प्रोफेसर डॉ जे. श्रीनिवास मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग और डॉ पी . यस बालाजी की देखरेख में फैक्लटी ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, कंप्यूटर साइंस एंड टेक्नोलॉजी और भौतिकी विभाग राधा गोविंद विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित किया जा रहा है। यह बूट कैम्प मिनिस्ट्री ऑफ इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी द्वारा वित्तपोषित है।बूट कैम्प का उद्देश्य इसमे भाग लेने वाले प्रतिभागियों को लेटेस्ट ड्रोन टेक्नोलॉजी पर प्रशिक्षण देना है। कैम्प में दो दिन एयर शो का भी आयोजन किया जाना है।कुलाधिपति महोदय ने अपने संबोधन में इस कार्यशाला के सफल आयोजन के लिए अपनी शुभकामनाएं दी और उन्होंने कहा की भारत ड्रोन टेक्नोलॉजी में बहुत जल्द अग्रणी राष्ट बनेगा।सचिव महोदया सुश्री प्रियंका कुमारी ने सभी छात्रों को ड्रोन टेक्नोलॉजी प्रयोगों और अविष्कार के लिए सभी शोधकर्ताओं को प्रोत्साहित किया। विश्वविद्यालय की प्रति कुलपति प्रो (डॉ)रश्मि, कुलसचिव प्रो (डॉ) डॉ निर्मल कुमार मंडल, परीक्षा नियंत्रक प्रो (डॉ) अशोक कुमार, वित्त एवं लेखा पदाधिकारी डॉ संजय कुमार, प्रबंध समिति के सदस्य अजय कुमार उपस्थित थे।प्रोफेसर डॉ कौशिक कुमार बी.आई.टी. मेसरा ने प्रथम सत्र में प्रतिभगियों को ड्रोन टेक्नोलॉजी के बारे में विस्तृत व्याख्यान दिया और इससे जुड़ी जानकारी साझा की।

## अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने रामगढ़ महाविद्यालय की समस्याओं को लेकर दिया एकदिवसीय धरना



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद रामगढ़ कॉलेज इकाई के द्वारा महाविद्यालय प्रशासन को छात्रों की विभिन्न समस्याओं के समाधान हेतु नगर मंत्री नितेश कुमार मोदी के नेतृत्व में कॉलेज परिसर में धरना दिया गया। रामगढ़ महाविद्यालय में छात्रहित से जुड़े कई गंभीर मुद्दों को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (क्क्क्) ने अपना कड़ा रोष व्यक्त करते हुए मांगपत्र सौंपा है। महाविद्यालय प्रशासन द्वारा छात्रों की मांगों को लगातार अनदेखा किया जा रहा है। यह रवैया न केवल छात्रों के अधिकारों का उल्लंघन है, बल्कि शिक्षा व्यवस्था की गरिमा पर भी एक प्रश्नचिन्ह खड़ा करता है।विभाग सह संयोजक अंशु पांडे ने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद छात्रहित के लिए हर संभव प्रयास करेगी। मौके पर हजारीबाग विभाग संगठन मंत्री विक्रम राठौर,नगर मंत्री नितेश कुमार मोदी,नगर कार्यकारिणी सदस्य आदित्य सिंह,नगर ह्यद्बस्र संयोजक यशपाल महतो, सह संयोजक निधि कुमारी, अंजली कुमारी,नगर कोष प्रमुख खुशी कुमारी,नगर कोचिंग प्रमुख अभय ओझा,नगर ह्यद्बह्य संयोजक नितेश महतो, कॉलेज उपाध्यक्ष रानी कुमारी,कॉलेज एसएफडी संयोजक आकाश कश्यप, कॉलेज एस.एफ.एस संयोजक जालंधर प्रजापति सह संयोजक सिया रानी व विकी वत्स पांडे,कॉलेज राष्ट्रीय कला मंच संयोजक अलीशा कुमारी, एवं कॉलेज कार्यकारिणी अश्विन कुमार के साथ बाल्मीकि कुमार, लालचंद कुमार महतो, देव कुमार, करमचंद महतो, गोल्डन कुमार, शीतल कुमारी आदि कार्यकर्ता व विद्यार्थी प्रदर्शन में शामिल हुए।

## सीरु प्रीमियर लिंग क्रिकेट टूर्नामेंट में नयाकोरचे बनाम ब्याग के बीच मैच खेला गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** दुलमी प्रखंड के सीरु में आयोजित %सीरु प्रीमियर लिंग क्रिकेट टूर्नामेंट ङ्क सीजन 01% दुसरे दिन मुख्य अतिथि युवा नेता इकबाल अंसारी ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया गया। मैच नयाकोरचे बनाम ब्याग के बीच खेला गया। नयाकोरचे पहले बल्लेबाजी करते हुए 8 ओवर में 66 रन बनाई। जवाबी पारी में ब्याग के टीम 7 विकेट से मैच जीत लिया।मुख्य अतिथि इकबाल अंसारी ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल से युवाओं में अनुशासन, टीम भावना और आत्मविश्वास बढ़ता है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में इस तरह के टूर्नामेंट से छुपी हुई प्रतिभाओं को उभरने का अवसर मिलता है। उन्होंने आयोजकों को धन्यवाद देते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन से समाज में खेल संस्कृति को बढ़ावा मिलेगा और युवा नशा व अन्य बुरी आदतों से दूर रहेंगे।उन्होंने खिलाड़ियों से खेल भावना बनाए रखने की अपील की और कहा कि हार-जीत खेल का हिस्सा है, लेकिन सच्चा खिलाड़ी वही होता है जो हर परिस्थिति में मेहनत और आत्मविश्वास बनाए रखता है। उन्होंने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि मेहनत और समर्पण से आगे बढ़ने वाले खिलाड़ी भविष्य में जिले और राज्य स्तर पर अपना नाम रोशन कर सकते हैं।मौके पर उतम कुमार सोनू साव विपुल कुमार सुजीत कुमार चिरजिवी खिरोधर साव प्रमोद कुमार विद्वान साव बबलू महतो व कई खेल प्रेमियों मौजूद थे।

## राधा गोविंद विश्वविद्यालय प्रांगण रामगढ़ में उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** सूक्ष्म , लघु एवं मध्यम उदयम मंत्रालय, भारत सरकार के स्थानीय कार्यालय एमएसएमई - विकास कार्यालय , रांची द्वारा सोमवार को प्रातः 11 बजे राधा गोविंद विश्वविद्यालय रामगढ़ में उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का उद्घाटन विश्वविद्यालय के पदाधिकारियों एवं गौरव कुमार, सहायक निदेशक एमएसएमई रांची और रवि कुमार साहू के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया साथ ही सभी अतिथियों को पुष्पगुच्छ एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य रामगढ़ जिले के स्थानीय उद्यमियों तथा भावी उद्यमियों को भारत सरकार के योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी देना था।कार्यक्रम में मुख्य वक्ता गौरव कुमार, सहायक निदेशक एमएसएमई विकास कार्यालय रांची , के द्वारा एमएसएमई योजना पर विस्तृत जानकारी दिया एलडीएम रामगढ़ के दिलीप महली एवं ब्लॉक कॉर्डिनेटर भूषण कुमार ने मुद्रा लोन ,शिशु लोन, स्टैंडअप इंडिया, प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना एवं प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम में ऋण लेकर व्यवसाय संचालित करने के बारे में सभी प्रतिभागियों को प्रोत्साहित किया।विश्वविद्यालय के कुलाधिपति महोदय बी एन साह ने एमएसएमई के सभी पदाधिकारियों का हार्दिक अभिनंदन एवं स्वागत किया।सचिव महोदया सुश्री प्रियंका कुमारी ने सभी को एमएसएमई के प्रति प्रोत्साहित किया और बधाई दी। इस अवसर पर प्रति कुलपति महोदया प्रो (डॉ) रश्मि, कुलसचिव प्रो (डॉ) निर्मल कुमार मंडल, वित्त एवं लेखा पदाधिकारी डॉ संजय कुमार, परीक्षा नियंत्रक प्रो (डॉ) )अशोक कुमार, प्रबंध समिति के सदस्य श्री अजय कुमार विभिन्न विभागों के व्याख्यातागण एवं सैकड़ों प्रतिभागी उपस्थित रहे।इंजीनियरिंग विभाग के डॉ अवनीश कुमार ने उपस्थित अतिथियों एवं प्रतिभागियों का धन्यवाद ज्ञापन करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# किसानों को सस्ता और आसान ऋण उपलब्ध कराने के लिए सरकार की नई पहल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**गोला :** केंद्रीय बजट 2025-26 में भारत के अन्नदाता पर विशेष ध्यान केंद्रित किया गया है, जिससे सरकार की कृषि विकास और उत्पादकता को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता स्पष्ट होती है। कृषि को दस प्रमुख विकासात्मक क्षेत्रों में शामिल किया गया है, जो भारत की आर्थिक प्रगति को गति देने वाला एक महत्वपूर्ण इंजन है। केंद्रीय बजट 2025-26 घोषणाओं के कार्यान्वयन पर चर्चा करने के लिए ÷कृषि और ग्रामीण समृद्धि पर बजट के बाद वेबिनार÷ आयोजित किया गया। उद्घाटन भाषण प्रधान मंत्री द्वारा दिया गया और कृषि और किसान कल्याण विभाग के विभिन्न विभागों के सचिवों की अध्यक्षता में किया गया। प्रतिभागियों में कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के विभिन्न प्रतिनिधियों के साथ-साथ आरबीआई, नाबार्ड, अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक (एससीबी), क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक, राज्य सहकारी और जिला केंद्रीय सहकारी बैंक (एसटीसीबी और डीसीसीबी, राज्य स्तरीय बैंकर्स समितियाँ (एसएलबीसी), कृषि विकास केंद्र (केवीके) और देश के कोने-कोने से आए किसान शामिल थे। जैसा कि आर्थिक सर्वेक्षण 2024 में भी बताया गया है, 31.3.2024 तक 7.75 करोड़ किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) खाते हैं। अल्पकालिक ऋण जरूरतों को पूरा करके केसीसी योजना ने कृषि उत्पादकता बढ़ाने और किसानों की आय बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। केसीसी-संशोधित ब्याज अनुदान योजना (केसीसी-एमआईएसएस) किसानों को 4 प्रतिशत की प्रभावी रियायती ब्याज दर पर ऋण दे रही है। किफायती ऋण तक आसान पहुँच सुनिश्चित करने के लिए, भारतीय रिजर्व बैंक ने जमानत-मुक्त केसीसी ऋण को ?1.6 लाख से बढ़ाकर ?2 लाख कर दिया है। एक बड़े कदम के रूप में, केंद्रीय बजट 2025-26 ने संशोधित ब्याज सहायता योजना के तहत ऋण सीमा को ?3 लाख से बढ़ाकर ?5 लाख कर दिया है। इस कदम से छोटे और सीमांत किसानों पर वित्तीय तनाव कम होने के साथ-साथ कृषि में अधिक निवेश को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। इससे फसल उत्पादन, बागवानी, पशुपालन और मत्स्य पालन के लिए किसानों की बढ़ी हुई कार्यशील पूंजी आवश्यकताओं को पूरा करने में काफी मदद मिलेगी।सरकार ने पिछले दशकों में एमआईएसएस के माध्यम से किसानों को 1.44 लाख करोड़ रुपये प्रदान किए हैं। इन पहलों के माध्यम से, सरकार का लक्ष्य 2023-24 में कृषि अल्पकालिक ऋण को 9.81 लाख करोड़ रुपये से बढ़ाकर 2029-30 तक 20 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचाना है। इन उपायों के ज़रिए सरकार न केवल ग्रामीण क्षेत्रों में ऋण की सुलभता बढ़ा रही है, बल्कि किसानों को वित्तीय स्वतंत्रता भी दे रही है। जैसे-जैसे यह पहल पूरे देश में लागू होगी, इसमें भारत में कृषि ऋण को फिर से परिभाषित करने की क्षमता है, जिससे यह सुनिश्चित होगा कि समय पर और किफ़ायती ऋण उन लोगों तक पहुंचे जिन्हें इसकी सबसे ज़्यादा ज़रूरत है। उपरोक्त बातों की जानकारी एलडीएम रामगढ़ दिलीप महली ने दी।

# बिना ग्रामसभा के इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड द्वारा पाइपलाइन बिछाई जाने का प्रभावित ग्रामीणों ने पुरजोर विरोध किया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रामगढ :** इंडियन ऑयल कार्पोरेशन लिमिटेड द्वारा गंड्के, बुढाखोखरा, गोसा, गोडातू, किटमा, लावालोंग, लोलो ,चटाक, इचातु , बोंगई,पाँचा एवं कुल्ही क्षेत्र मे गैस पाइप लाइन बिछाने का कार्य किया जाना है ! प्रभावित ग्रामीणों के द्वारा ग्राम गडके के बुढा बाबा थान में दोहाकातु पंचायत के मुखिया कलावती देवी की अध्यक्षता में एक सामूहिक बैठक की गई! इस बैठक में कहा गया कि पाइप का साइज 8 इंच है, और जमीन 40 फीट लेना/ एक्वायर करना चाहती है! इस बैठक में विभिन्न प्रकार के प्रस्ताव रखें गये ! जिसमें अर्धभूअर्जन ग्राम सभा के द्वारा अमान्य घोषित किया गया! इंडियन औयल कॉरपोरेशन द्वारा बिना ग्राम सभा के जमीन कब्जा कर रहे हैं! ग्राम सभा ने उसका विरोध किया! नियमत भूमि अधिग्रहण नहीं किया गया है अतः इसे भी ग्राम सभा मे विरोध है! इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड द्वारा ग्राम रैयतों को अंधकार में रखकर नोटिस दिए जाने पर उसका भी विरोध ग्राम सभा के माध्यम से किया गया ! जमीन देने के बावजूद भी कोई घटना या नुकसान 10 ष्टरु पाइपलाइन में होता है! दोषी रैयतों पर लगाया जाएगा! इस बिंदु को भी ग्राम सभा ने अमान्य घोषित किया है! रैयत किसी भी कीमत पर अपना उपजाऊ जमीन देने को लेकर तैयार या सहमत नहीं है! इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड द्वारा छोटा नागपुर काश्तकारी अधिनियम सीएनटी एक्ट 1908 अधिनियम के विरुद्ध कार्य कर रहा है! उसका ग्राम सभा ने पुरजोर विरोध किया! इंडियन ऑयल कार्पोरेशन के अधिकारियों के द्वारा प्रभावित गांवों के लोगों से किसी प्रकार का कोई सूचना या जानकारी साझा नहीं किया इस तरह से ग्राम सभा के द्वारा इसे भी विरोध किया गया ! बैठक मे मुख्य रूप से छोटेलाल महतो, रंजीत गंझु, विनोद महतो, रामेश्वर महतो, कालेश्वर महतो, दौलत महतो, मनोज कुमार, मुकेश कुमार महतो, आनंद कुमार, महेंद्र महतो, सुरेश महतो ,शंकर मुंडा, राणा संग्राम ओहदार, मोहन महतो, सुखदेव मुंडा, कुलेश्वर महतो ,शिवनाथ मुंडा, मनोज मुंडा, चामु मुंडा,बाबूलाल मुंडा, भुनेश्वर महतो, प्रदीप महतो, प्रेमनाथ महतो, मनोज कुमार महतो, सुनीता देवी, गीता देवी, बाजो देवी, दान्दु पाहन, उमेश मुंडा, महावीर मुंडा, जतरु मुंडा, मनीष कुमार महतो, अनीता देवी, अकलू महतो, अर्जुन महतो टिकेश्वर मुंडा, रामु मुंडा, भूपेंद्र कुमार, चरका मुंडा ,शिवचरण महतो ,ललका मुंडा, धनेश्वर महतो, खगेश्वर मुंडा, रूपेश करमाली, सुनील करमाली ,अरजलाल महतो के अलावा सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

## इस बजट से जनता को कोई लाभ नहीं : नीलकंठ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**धनबाद :** भारतीय जनता पार्टी धनबाद जिला के मीडिया प्रभारी नीलकंठ रवानी ने झारखंड सरकार के बजट को दिग्भ्रमित वाला बजट बताया। उन्होंने कहा कि इस तरह की बजट से जनता की कोई भलाई संभव नहीं है। इससे विकास के बजाय झारखंड को रसातल में ले जाने की साज़िश बताया।

# उपायुक्त ने किया मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र का उद्घाटन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा ने सोमवार को हीरापुर के भिस्तीपाड़ा स्थिति एच.ई. स्कूल प्रांगण में मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र का उद्घाटन किया। यह केन्द्र सौर ऊर्जा से संचालित है। इस अवसर पर उन्होंने बच्चों के बीच टॉफी और चाकलेट का वितरण किया। साथ ही उनके साथ वार्तालाप किया।उपायुक्त ने बताया कि पुराने आंगनबाड़ी केंद्र को निप्पॉन लाइफ इंडिया ऐसेट मैनेजमेंट लिमिटेड के सीएसआर मद से मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र बनाया है। यहां बच्चों के लिए खेलने, पढ़ने और पौष्टिक आहार की बेहतरीन संरचना तैयार की गई है। उन्होंने कहा कि बच्चों के अभिभावक भी बहुत उत्साहित है। मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र बन जाने से बच्चों की उपस्थिति भी बढ़ी है। नए एडमिशन के लिए लगातार इन्क्वायरी आ रही है। जो प्रशासन के लिए सुखद और सकारात्मक अनुभव है।उन्होंने कहा कि जिले के अन्य आंगनबाड़ी केंद्रों को इसी तर्ज पर मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र बनाने के लिए जिला समाज कल्याण विभाग को लिस्ट तैयार करने का निर्देश दिया है। इसके बाद उपायुक्त ने आंगनबाड़ी केंद्र के किचन का निरीक्षण किया। साथ ही प्रांगण में पौधारोपण किया। मौके पर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अनीता कुजूर, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सुनिल कुमार सिंह, निप्पॉन लाइफ इंडिया ऐसेट मैनेजमेंट लिमिटेड की अर्पिता चटर्जी, सुमित कुमार, सेविका श्वेता देवी, सहायिका लाईची देवी, पोषण सखी गुडिया पासवान सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## उपायुक्त ने किया परीक्षा केंद्र का निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा ने सोमवार को एच.ई. स्कूल में संचालित मैट्रिक और इंटरमीडिएट परीक्षा केन्द्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अलग-अलग कक्षाओं का भ्रमण किया। परीक्षार्थियों के एडमिट कार्ड की जांच की। साथ ही सीसीटीवी कैमरे की भी जांच की। उपायुक्त ने सेंटर सुपरिंटेंडेंट को कदाचार मुक्त व शांतिपूर्ण परीक्षा संपन्न कराने के लिए लगातार निगरानी रखने व सतर्क रहने का निर्देश दिया।

## प्रतिभा सम्मान एवं वार्षिक मिलन समारोह का आयोजन



**झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** धाड़ी समाज के लोगों की उत्थान के लिए अखिल भारतीय धारी विकाश मंच की ओर से जियलगोरा अतिथि गृह में प्रतिभा सम्मान एवं वार्षिक मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की शुभारंभ मुख्य अतिथि सह झरिया विधायक रागिनी सिंह एवं मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार धारी ने बाबा साहब भीम राव अंबेडकर की तस्वीर पर श्रद्धासुमन अर्पित करने के बाद द्वीप प्रज्वलित कर की गई। समारोह में समाज और परिवार की उत्थान में उल्लेखनीय कार्य करने वाले लोगों तथा शिक्षा की क्षेत्र में अच्छा प्रदर्शन करने वाली 20 छात्र छात्राओं को विधायक रागिनी सिंह ने सम्मानित किया। इस अवसर पर विधायक ने अपने संबोधन में कहा कि किसी भी समाज की उत्थान के लिए समाज के लोगों का एकजुट होना तथा शैक्षणिक होना बहुत जरूरी है। उन्होंने समाज की विकास के लिए सहयोग करने का आश्वासन दिया। समारोह की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष शत्रुघ्न धाड़ी एवं संचालन संरक्षक भिखारी राम धाड़ी ने किया है। समारोह को सुरेश धारी, ललन कुमार, मनोज राम, सुरेन्द्र धाड़ी, रामबालक धारी, बजरंगी धाडी आदि ने भी संबोधित किया है।

## आईआईटी आईएसएम ने अत्याधुनिक पाठ्यक्रम की शुरुआत की



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (इंडियन स्कूल ऑफ माइन्स) धनबाद ने एक क्रांतिकारी नए पाठ्यक्रम की घोषणा की है। जिसका उद्देश्य छात्रों को उभरते तकनीकी क्षेत्रों में उन्नत ज्ञान और कौशल प्रदान करना है। इस पहल को वैश्विक स्तर पर प्रतिष्ठित शिक्षाविद और शोधकर्ता प्रो. बिस्वजीत प्रधान की उपस्थिति से और भी विशेष बनाया गया है, जो इस कार्यक्रम में अपनी अद्वितीय विशेषज्ञता लेकर आएंगे। सिद्धांतों और व्यावहारिक अनुप्रयोगों के संयोजन के लिए डिज़ाइन किया गया। यह पाठ्यक्रम जियोपेशियल आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस डाटा एजेंसी जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों पर केंद्रित होगा। वर्तमान में उद्योग इन उन्नत उपकरणों पर निर्णय लेने और समस्या समाधान के लिए तेजी से निर्भर हो रहे हैं। ऐसे में आईआईटी आईएसएम का उद्देश्य छात्रों को भविष्य के लिए तैयार करना और अकादमिक व औद्योगिक क्षेत्रों के बीच की खाई को पाटना है।

## रक्तदान शिविर में 26 युनिट रक्त संग्रह



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** डिगवाडीह स्थित डीनौबली स्कूल सीएफआरआई एवं धनबाद रेड क्रॉस सोसाइटी के संयुक्त तत्वावधान में एक रक्तदान शिविर का आयोजन स्कूल प्रांगण में हुआ जिसमें 26 युनिट रक्त संग्रह किया गया। संग्रहित रक्त को असफर्ी हॉस्पिटल स्थित ब्लड बैंक के सुपुर्द किया गया। वहीं इस मौके पर सभी रक्तदाताओं को एक मोमेंटो और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित भी किया गया। शिविर में कई शिक्षकों एवं अभिभावकों ने भी रक्तदान किया। मौके पर मुख्य रूप से स्कूल के प्रिंसिपल फादर थॉमस, सुरेश चक्रवर्ती, शानिया, धनबाद रेड क्रॉस सोसाइटी ब्लड डोनेशन प्रोग्राम की नोडल ऑफिसर बेनजीर परवीन, संयुक्त सचिव दिलीप सिंह, आजीवन सदस्य इरशाद आलम, ब्लड बैंक के मनीष और उनकी पूरी टीम समेत स्कूल के सभी शिक्षक गण मौजूद थे जिन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने में सराहनीय भूमिका निभाई।

## टाटा समूह के संस्थापक जमशेदजी नसरवानजी टाटा की 186वीं जयंती मनाई गई

**झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** टाटा स्टील के संस्थापक जमशेदजी नसरवानजी टाटा की 186वीं जयंती झरिया डिवीजन में पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाई गई। 3 मार्च 2025 को जनरल मैनेजर ऑफिस में श्रद्धांजलि समारोह आयोजित किया गया, जहां सुब्रत दास (चीफ, जमाडोबा ग्रुप) ने संस्थापक की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस भावपूर्ण क्षण में बरुण कुमार बनर्जी (हेड, सेफ्टी), अमन (हेड, इंजीनियरिंग सर्विसेज) और कई अन्य टाटा स्टील अधिकारी भी शामिल हुए। इसके बाद, श्रद्धांजलि समारोह जामाडोबा और सिजुआ ग्रुप कार्यालयों में भी आयोजित किए गए।शाम के समय जश्न का सिलसिला सर दोराबजी टाटा पार्क, जामाडोबा में जारी रहा, जहां भव्य प्रकाश सज्जा का उद्घाटन सुनीता राजोरिया और संजय राजोरिया (जनरल मैनेजर, झरिया डिवीजन) ने किया। कार्यक्रम में सुब्रत दास (चीफ, जामाडोबा ग्रुप), विकास कुमार (चीफ, सिजुआ ग्रुप), वरिष्ठ अधिकारीगण और उनकी पत्नियां, और संघ प्रतिनिधि भी उपस्थित रहीं। पार्क को खूबसूरती से रोशन किया गया और थीम आधारित साज-सज्जा से इसकी भव्यता को और निखारा गया। इस खास अवसर को जनता के लिए और यादगार बनाने के लिए पार्क 3 और 4 मार्च 2025 को आम लोगों के लिए खुला रहेगा। इसके अलावा, सर रतन टाटा की स्मृति में एक विशेष श्रद्धांजलि कार्यक्रम भी आयोजित किया गया।

## असफर्ी चैरिटेबल ट्रस्ट और असफर्ी कैंसर संस्थान द्वारा एक दिवसीय कैंसर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**धनबाद :** असफर्ी चैरिटेबल ट्रस्ट और असफर्ी कैंसर संस्थान द्वारा एक दिवसीय कैंसर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन पुष्प पैलेस, डांगी मोड़, धनबाद में किया गया। इस कार्यक्रम में सभी प्रकार के कैंसर के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई, जिससे लोग इस गंभीर बीमारी के प्रति अधिक जागरूक रहें और समय-समय पर आवश्यक वार्षिक स्वास्थ्य जांच के लिए प्रेरित हों। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता डॉ. नीतू सहाय (स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ) और डॉ. बिप्लब मिश्रा (ऑन्कोलॉजिस्ट, असफर्ी कैंसर संस्थान) ने पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से कैंसर के विभिन्न पहलुओं, रोकथाम और उपचार की आधुनिक तकनीकों पर जानकारी साझा की।असफर्ी चैरिटेबल ट्रस्ट के अधिकारी श्री विवेक कुमार ने कहा इस आयोजन का उद्देश्य समाज में कैंसर के प्रति जागरूकता बढ़ाना और समय पर जांच एवं उपचार के लिए लोगों को प्रोत्साहित करना था । इस तरह के कार्यक्रम का आयोजन आगे भी किया जाता रहेगा। नियमित स्वास्थ्य जांच एवं कैंसर स्क्रीनिंगअसफर्ी चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा प्रतिदिन स्वास्थ्य जांच एवं कैंसर स्क्रीनिंग शिविर का आयोजन किया जाता है, जिससे बड़ी संख्या में लोगों को लाभ मिल रहा है। कैंसर की आशंका वाले मरीजों को हेल्थ कार्ड प्रदान किया जाता है, जिसके तहत उन्हें विशेषज्ञ चिकित्सकों से निःशुल्क परामर्श मिलता है और उनकी जांचें किफायती दरों पर की जाती हैं। कैंसर की पुष्टि होने पर मरीजों का उपचार मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी उपचार योजना और प्रधानमंत्री जन आरोग्य आयुष्मान योजना के तहत निःशुल्क किया जाता है।कार्यक्रम में उपस्थित गणमान्य व्यक्तिइस अवसर पर जिला परिषद की अध्यक्ष शारदा सिंह, राम सिन्हा, संजीता शर्मा, असफर्ी कैंसर संस्थान के सुधांशु राय, निर्मल सेन, निलेश तिवारी, राहुल तुरी और असफर्ी चैरिटेबल ट्रस्ट के अधिकारी विवेक कुमार सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## झामुमो महानगर पूर्व प्रवक्ता अकाश रवानी के नेतृत्व में चला सदस्यता अभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** झामुमो महानगर पूर्व प्रवक्ता अकाश रवानी के नेतृत्व मे बैंक मोड धनबाद, अंतर्गत मटकुरियया में सदस्यता अभियान चलाया गया। तकरीबन 400 से अधिक नए लोगों ने पार्टी पर आस्था रखते हुए पार्टी की प्राथमिक सदस्यता ग्रहण किया। मुख्य अतिथि के रूप में झामुमो केन्द्रीय सदस्य सह मीडिया पैनलिस्ट डॉक्टर नीलम मिश्रा उपस्थित हुई।डॉ नीलम मिश्रा ने अपने वक्तव्य में कहा कि झामुमो का जन्म धनबाद में हुआ लेकिन हमारे शहर में भाजपा का लगातार विधायक सांसद बना रहा जिससे शहर की गरीब जनता त्राहिमाम कर रही है, हमारा लक्ष्य शहर को सशक्त बनाना है, इसी कड़ी में पार्टी भी शहरी क्षेत्र में 50,000 नए कार्यकर्ता को जोड़ने का लक्ष्य बनाया है और हम इस लक्ष्य के बहुत जल्द काफी करीब आ गए है, इसका मूल कारण झारखण्ड सरकार की योजनाएं है, निश्चित रूप से हम बहुत जल्द शहर में भी अपना चुनावी परचम लहरा पाएंगे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित महानगर समिति के पूर्व अध्यक्ष मंटू चौहान, बुद्धिजीवी अध्यक्ष राजू प्रमाणिक, कृष्णा यादव एवं अन्य मौजूद थे।

## टाटा एआईए ने निकाली इंश्योरेंस फॉर ऑल जागरूकता रैली




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** सोमवार को जमशेदजी टाटा का 186 वीं जयंती के अवसर पर एवं रत्न टाटा के याद में टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस परिवार धनबाद शाखा द्वारा इंश्योरेंस फॉर ऑल की जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। यह रैली बैंक मोड़ स्थित श्रीराम प्लाजा से निकलकर पुराना बाजार, जोड़ा फाटक रोड, धनसार चौक होते हुए पुनः श्री राम प्लाजा आई। प्रवक्ता ने बताया की गवर्नमेंट के अनुसार जो निर्देश आईआरडीआईए के द्वारा ज़ारी किया गया है उसका पालन करते हुए इंश्योरेंस सभी के लिए 2047 तक होना अनिवार्य है इसी संदर्भ में यह जागरूकता रैली निकाला गया। टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस ने जनवरी-फरवरी मार्च 2025 तक डेढ़ लाख परिवार को सुरक्षित करने की मुहिम चलाई है। साथ ही साथ 2047 तक पूरे भारत देश में घर घर इंश्योरेंस पहुंचने का संकल्प लिया है। इस अवसर पर डीडीओए मुकेश कुमार, ब्रांच मैनेजर आनंद मोहन गुप्ता, लीडर्स में आकाश गुप्ता संजय झा,माथुर प्रसाद रवानी राजीव कुमार,लालजी शर्मा समेत अन्य थे।


## MINISTRY OF ROAD TRANSPORT AND HIGHWAYS

### NOTIFICATION New Delhi, the 22nd November, 2024

S.O. **5026(E)**— In exercise of powers conferred by sub-section (1) of section 3A of the National Highways Act,1956 (48 of 1956) (hereinafter referred to as the said Act), the Central Government, after being satisfied that for the public purpose, the land, the brief description of which is given in the Schedule below, is required for building **Widening / Re-construction to Two Lane with paved Shoulder of NH-143AG from Km 37.400 (Design chainage) to Km 85.560 (Design Chainage) Bero - Khunti Section (in Ranchi district from Km 33.25 to Km 58.05) in the state of Jharkhand**, maintenance, management and operation of NH143AG in the stretch of land from Km. 37.400 to Km. 85.560 (DLAO RANCHI) in the district of RANCHI in the state of JHARKHAND, hereby declares its intention to acquire such land.

Any person interested in the said land may, within twenty-one days from the date of publication of this notification in the Official Gazette, object to the use of such land for the aforesaid purpose under sub-section(1) of section 3C of the said Act.

Every such objection shall be made to the Competent Authority, namely, District Land Acquisition Officer Ranchi in writing and shall set out the grounds thereof and the Competent Authority shall give the objector an opportunity of being heard, either in person or by a legal practitioner, and may, after hearing all such objections and after making such further enquiry, if any, as the Competent Authority thinks necessary, by order, either allow or disallow the objections.

Any order made by the Competent Authority under sub-section (2) of section 3C of the said Act shall be final.

The land plans and other details of the land to be acquired under their notification are available and can be inspected by the interested person at the aforesaid office of the Competent Authority.

**SCHEDULE**

Brief Description of the land to be acquired with or without structures falling NH143AG in the stretch of land from Km. 37.400 to Km. 85.560 **(in Ranchi district from Km 33.25 to Km 58.05)** (DLAO RANCHI) in the district of RANCHI in the state of JHARKHAND

| State: JHARKHAND | | | District: RANCHI | | |
|---|---|---|---|---|---|
| Sl. No. | Survey/Plot Number | Type of Land | Nature of Land | Area (in Local Unit) | Area (in Hectares) |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| Taluk: Bero | | | | | |
| Village: Hutar | | | | | |
| 106 | 1 | Government (GM AAM) | JUNGLE MAJHOLA | 0.4977 (Acre ) | 0.2014164 |
| 107 | 10 | Private (RAIYATI) | DON II | 0.0985 (Acre ) | 0.0398624 |
| 108 | 195 | Private (RAIYATI) | TAND I | 0.0236 (Acre ) | 0.0095508 |
| 109 | 196 | Private (RAIYATI) | TAND I | 0.0179 (Acre ) | 0.007244 |
| 110 | 197 | Private (RAIYATI) | TAND I | 0.0164 (Acre ) | 0.006637 |
| 111 | 198 | Private (RAIYATI) | MAKAAN/SAHAN | 0.0094 (Acre ) | 0.0038041 |
| 112 | 199 | Government (GM AAM) | RAASTA | 0.0094 (Acre ) | 0.0038041 |
| 113 | 2 | Private (RAIYATI) | DON II | 0.0332 (Acre ) | 0.0134359 |
| 114 | 200 | Private (RAIYATI) | MAKAN/ SAHAN/ | 0.0276001 (Acre ) | 0.0111696 |
| 115 | 201 | Government (GM AAM) | RAASTA | 0.0058 (Acre ) | 0.0023472 |
| 116 | 202 | Private (RAIYATI) | TAND I | 0.006 (Acre ) | 0.0024282 |
| 117 | 209 | Government (GM AAM) | PARTEE KADEEM | 0.1902 (Acre ) | 0.0769729 |
| 118 | 212 | Private (RAIYATI) | TAND II | 0.0627 (Acre ) | 0.0253743 |
| 119 | 213 | Private (RAIYATI) | DON III | 0.0223 (Acre ) | 0.0090247 |
| 120 | 214 | Private (RAIYATI) | DON II | 0.442 (Acre ) | 0.1788749 |
| 121 | 216 | Private (RAIYATI) | DON III | 0.0792 (Acre ) | 0.0320518 |
| 122 | 219 | Private (RAIYATI) | DON III | 0.0849999 (Acre ) | 0.034399 |
| 123 | 220 | Private (RAIYATI) | DON III | 0.0124 (Acre ) | 0.0050182 |
| 124 | 228 | Private (RAIYATI) | TAND II | 0.0136 (Acre ) | 0.0055038 |
| 125 | 229 | Private (RAIYATI) | DON III | 0.0218 (Acre ) | 0.0088223 |
| 126 | 231 | Government (GM AAM ) | JUNGLE MAJHOLA | 1.6185 (Acre ) | 0.654998 |
| 127 | 232 | Government (GM AAM) | JUNGLE MAJHOLA | 1.8727 (Acre ) | 0.7578713 |
| 128 | 273 | Private (RAIYATI) | DON III | 0.2491 (Acre ) | 0.1008094 |
| 129 | 279 | Private (SIKMI) | DON II | 0.5248 (Acre ) | 0.2123837 |
| 130 | 280 | Private (RAIYATI) | DON III | 0.1458 (Acre ) | 0.0590045 |
| 131 | 281 | Private (RAIYATI) | DON III | 0.1715 (Acre ) | 0.0694051 |
| 132 | 282 | Private (RAIYATI) | TAND III | 0.2618 (Acre ) | 0.105949 |
| 133 | 284 | Private (RAIYATI) | TAND II | 0.1267 (Acre ) | 0.0512748 |
| 134 | 285 | Private (RAIYATI) | PARTEE KADEEM | 0.04 (Acre ) | 0.0161878 |
| 135 | 286 | Private (RAIYATI) | TAND II | 0.0033 (Acre ) | 0.0013355 |
| 136 | 289 | Private (RAIYATI) | TAND II | 0.1103 (Acre ) | 0.0446378 |
| 137 | 290 | Private (RAIYATI) | DON II | 0.243 (Acre ) | 0.0983408 |
| 138 | 30 | Private (RAIYATI) | PARTEE KADEEM | 0.0503 (Acre ) | 0.0203561 |
| 139 | 31 | Private (RAIYATI) | DON III | 0.0518 (Acre ) | 0.0209632 |
| 140 | 327 | Private (RAIYATI) | DON II | 0.1333 (Acre ) | 0.0539458 |
| 141 | 328 | Private (RAIYATI) | TAND II | 0.0611 (Acre ) | 0.0247268 |
| 142 | 33 | Private (RAIYATI) | TAND III | 0.1165 (Acre ) | 0.0471469 |
| 143 | 330 | Government (GM AAM) | RAASTA | 0.0588 (Acre ) | 0.023796 |
| 144 | 331 | Private (RAIYATI) | TAND II | 0.0527 (Acre ) | 0.0213274 |
| 145 | 332 | Private (RAIYATI) | TAND II | 0.0096 (Acre ) | 0.0038851 |
| 146 | 333 | Government (GM AAM) | PARTEE KADEEM | 0.21 (Acre ) | 0.0849858 |
| 147 | 334 | Private (RAIYATI) | TAND II | 0.1145 (Acre ) | 0.0463375 |
| 148 | 34 | Private (RAIYATI) | TAND III | 0.0473 (Acre ) | 0.0191421 |
| 149 | 35 | Private (RAIYATI) | DON II | 0.1495 (Acre ) | 0.0605018 |
| 150 | 4 | Private (RAIYATI) | DON II | 0.0937 (Acre ) | 0.0379199 |
| 151 | 5 | Private (RAIYATI) | DON II | 0.3788 (Acre ) | 0.1532983 |
| 152 | 7 | Private (RAIYATI) | DON III | 0.1304 (Acre ) | 0.0527722 |
| 153 | 8 | Private (RAIYATI) | DON III | 0.1724 (Acre ) | 0.0697693 |
| 154 | 858 | Private (RAIYATI) | PARTEE KADEEM | 0.0416 (Acre ) | 0.0168353 |
| 155 | 859 | Private (SIKMI) | PARTEE KADEEM | 0.0422 (Acre ) | 0.0170781 |
| 156 | 860 | Private (SIKMI) | TAND I | 0.0419 (Acre ) | 0.0169567 |
| 157 | 861 | Private (SIKMI) | TAND II | 0.1796 (Acre ) | 0.0726831 |
| 158 | 862 | Private (MAJIHAS) | TAND II | 0.0119 (Acre ) | 0.0048159 |
| 159 | 864 | Private (RAIYATI) | PARTEE KADEEM | 0.145 (Acre ) | 0.0586807 |
| 160 | 865 | Private (RAIYATI) | TAND II | 0.03 (Acre ) | 0.0121408 |
| 161 | 866 | Private (RAIYATI) | TAND II | 0.0923 (Acre ) | 0.0373533 |
| 162 | 867 | Private (RAIYATI) | PARTEE KADEEM | 0.0873 (Acre ) | 0.0353298 |
| 163 | 868 | Private (RAIYATI) | TAND II | 0.07 (Acre ) | 0.0283286 |
| 164 | 869 | Private (RAIYATI) | DON III | 0.1767 (Acre ) | 0.0715095 |
| 165 | 876 | Private (RAIYATI) | TAND II | 0.019 (Acre ) | 0.0076892 |
| 166 | 877 | Private (RAIYATI) | TAND II | 0.1383 (Acre ) | 0.0559692 |
| 167 | 878 | Private (RAIYATI) | TAND II | 0.0722 (Acre ) | 0.0292189 |
| 168 | 880 | Private (RAIYATI) | TAND II | 0.3108 (Acre ) | 0.125779 |
| 169 | 881 | Private (SIKMI) | TAND II | 0.0041 (Acre ) | 0.0016592 |
| 170 | 892 | Private (RAIYATI) | TAND II | 0.1594 (Acre ) | 0.0645083 |
| 171 | 893 | Private (RAIYATI) | PARTEE KADEEM | 0.0206 (Acre ) | 0.0083367 |
| 172 | 894 | Private (RAIYATI) | TAND II | 0.2907 (Acre ) | 0.1176447 |
| 173 | 897 | Private (RAIYATI) | TAND II | 0.2267 (Acre ) | 0.0917442 |
| 174 | 921 | Private (RAIYATI) | TAND II | 0.2515 (Acre ) | 0.1017807 |
| 175 | 922 | Private (RAIYATI) | TAND II | 0.8282 (Acre ) | 0.3351679 |
| 176 | 946 | Private (RAIYATI) | TAND III | 0.5999 (Acre ) | 0.2427762 |
| 177 | 947 | Government (GM AAM) | PARTEE KADEEM | 0.1147 (Acre ) | 0.0464185 |
| 178 | 949 | Government (GM AAM) | JUNGLE MAJHOLA | 2.0822 (Acre ) | 0.8426548 |
| Village: Harhanji | | | | | |
| 179 | 1136 | Government (GAIRMAJARUA ) | RASTA | 0.3 (Acre ) | 0.1214083 |
| 180 | 577 | Private (RAIYATI) | PARTEE KADEEM | 0.0317 (Acre ) | 0.0128288 |
| 181 | 578 | Government (GM AAM) | RAASTA | 0.105 (Acre ) | 0.0424929 |
| 182 | 579 | Private (RAIYATI) | DON II | 0.2996 (Acre ) | 0.1212465 |
| 183 | 580 | Private (RAIYATI) | DON III | 0.0616001 (Acre ) | 0.0249292 |
| 184 | 581 | Private (RAIYATI) | TAND II | 0.3254 (Acre ) | 0.1316876 |
| 185 | 583 | Private (RAIYATI) | DON III | 0.0836 (Acre ) | 0.0338325 |
| 186 | 584 | Private (RAIYATI) | DON III | 0.1373 (Acre ) | 0.0555646 |
| 187 | 585 | Private (RAIYATI) | DON II | 0.1281 (Acre ) | 0.0518414 |
| 188 | 590 | Private (RAIYATI) | TAND II | 0.5231 (Acre ) | 0.2116957 |
| 189 | 593 | Private (RAIYATI) | PARTEE KADEEM | 0.3332 (Acre ) | 0.1348442 |
| 190 | 594 | Government (GAIRMAJARUWA) | SADAK | 0.522 (Acre ) | 0.2112505 |
| 191 | 595 | Government (GM KHAS) | MANJHOLA JUNGLE | 0.6858 (Acre ) | 0.2775395 |
| Total | | | | | 7.4650345 |

PR 347641 (Land Reforms)24-25*D

[F. No.RW/Ranchi/LA/NH-143AG/JHR/3A]
ABHAY JAIN, Director

# क्रिकेट टूर्नामेंट लोहरदगा के लिये होगा ऐतिहासिक क्षण, तैयारी पूरी : डीपी साहू

➲आईपीएल के तर्ज पर होने वाले टी20 क्रिकेट टूर्नामेंट छोटे पर्दे पर बड़ा धमाल होगा साबित, 5 से 8 मार्च तक चलेगा टूर्नामेंट
➲सिने स्टार सह सांसद शत्रुघ्न सिन्हा होंगे शुभारंभ मैच का प्रमुख चेहरा, 8 मार्च को इंडिया टीम के धुरंधर क्रिकेटर हरभजन सिंह और सुरेश रैना होंगे शामिल




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** साहू परिवार और लोहरदगा जिला क्रिकेट एसोसिएशन के संयुक्त बैनर तले आईपीएल के तर्ज पर 5 मार्च से शुरू हो रहे चार दिवसीय स्व शिव प्रसाद साहू मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट के सफल आयोजन को लेकर तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। इस क्रम में बीएस कॉलेज निकट स्थित क्रिकेट स्टेडियम में सोमवार को प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से उपस्थित संगठन के अध्यक्ष सह पूर्व राज्य सभा सांसद धीरज प्रसाद साहू ने मीडिया को टूर्नामेंट की हर एक जानकारी विस्तार पूर्वक दी। उन्होंने बताया कि लोहरदगा के लिए यह टूर्नामेंट ऐतिहासिक क्षण होगा। जो छोटे पर्दे पर बड़ा धमाल साबित होगा। आयोजन को लेकर प्रत्येक दृष्टिकोण से तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। 5 मार्च को टूर्नामेंट का शुभारंभ सुबह 9 बजे से होगा। शुभारंभ मैच का प्रमुख चेहरा व उद्घाटनकर्ता सिने स्टार सह सांसद शत्रुघ्न सिन्हा होंगे। बताया देशभर की कुल आठ प्रदेश की टीमों में मुंबई, कलकत्ता, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, उड़ीसा, कर्नाटक, झारखण्ड और लोहरदगा क्रिकेट एसोसिएशन की टीम बलदेव साहू महाविद्यालय क्रिकेट स्टेडियम में आईपील की तर्ज पर क्रिकेट मैच खेलेगी। जिला के हर एक लोग निःशुल्क स्टेडियम में बैठकर आईपीएल के तर्ज पर आयोजित मैच का आनंद उठा सकेंगे। उन्होंने बताया कि मैच के दौरान झारखंड सरकार के चेहरे भी शामिल होंगे। जिसको लेकर वार्ता चल रही है। अंतिम दिन 8 मार्च को अंतराष्ट्रीय क्रिकेट खिलाडी हरभजन सिंह और सुरेश रैना भी शामिल होंगे। वही 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जिले में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कई महिलाओं को सिलाई मशीन देकर सम्मानित किए जाने का भी कार्य किया जाएगा। प्रेस कॉन्फ्रेंस के मौके पर एसोसिएशन के अध्यक्ष सह पूर्व राज्य सभा सांसद धीरज प्रसाद साहू, सचिव आलोक राय, भास्कर दास गुप्ता, नेयाज मल्लिक, आशीष कुमार, सतीश वर्मा, जयजीत चौबे, अमित कुमार सहित आयोजन समिति के पदाधिकारियों में बीएस कॉलेज के प्राचार्य डॉ शशि गुप्ता, उदय गुप्ता, संदीप गुप्ता उपस्थित थे।

**टीमों के रहने की कर ली गई है व्यवस्था : आलोक राय**

एसोसिएशन के जिला सचिव अलोक रॉय ने बताया की लोहरदगा में आठ टीमों की रहने भोजन की व्यवस्था कर ली गई है। इसके लिए लोकल टीम मैनेजर भी गठित किए गए हैं। जिनके देखरेख में सभी व्यवस्थाएं सुचारू रूप से संचालित की जाएगी। उनके आगमन, प्रस्थान लोकल टीम मैनेजर के द्वारा की जाएगी। क्रिकेट का टर्फ विकेट भी बनाया जा चुका है। सभी गैलरी और गेट इत्यादि की साफ सफाई रंग रोगन कर ली गई है। लोहरदगा के ऐसे क्रिकेटर जो अब हमारे बीच नहीं रहे उनके सम्मान में पवेलियन का नामकरण भी किया गया है।

**चीयर्स गर्ल्स होगा आकर्षण का केंद्र**

मैच के दौरान चौके, छक्के पर दर्शकों को झूमाने के लिए चीयर गर्ल्स भी पूरे आयोजन में आकर्षण का केंद्र होगा। अलग-अलग जगह से मैच में शामिल होने के लिए चीयर्स गर्ल्स भी पहुंचेंगी।

**बॉलीवुड सिंगर अमित गुप्ता के साथ झूमेगा लोहरदगा**

शुभारंभ कार्यक्रम के दिन ही 5 मार्च को संध्या 6 से स्टेडियम कनिकट मैदान में रंगारंग कार्यक्रम आयोजित होगा जिसमें बॉलीवुड सिंगर अमित गुप्ता अपने सुरों का जलवा बिखेरेंगे। उनके टीम के द्वारा देर रात तक एक से बढ़कर एक प्रस्तुति दी जाएगी। जिसमें लोहरदगावासी झूमने को मजबूर हो जाएंगे।

## झारखंड में भाजपा की सरकार बनने पर अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी घुसपैठियों को भेजेंगे डिटेंशन सेंटर : अनिल उरांव



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भाजपा नेता अनिल उरांव ने विज्ञप्ति जारी कर उन्होंने कहा कि बांग्लादेशी घुसपैठिए संथाल परगना सहित पूरे झारखंड में आदिवासी समाज के लिए बहुत बड़ा खतरा बन चुके हैं। झारखंड के संथाल परगना में अवैध बांग्लादेश घुसपैठिया ने यहां रह रहे आदिवासी समाज का डेमोग्राफी बदल दिया है। पश्चिम बंगाल के रास्ते से अवैध बांग्लादेशी घुसपैठियों झारखंड में प्रवेश कर रहे हैं। झारखंड हाई कोर्ट ने अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी घुसपैठियों को चिन्हित करने का आदेश दिया है। बांग्लादेशी घुसपैठिया झारखंड में आकर यहां के भोले भाले आदिवासी लड़कियों को लव जिहाद के माध्यम से फंसा कर अवैध रूप से शादी कर रहे हैं और उसके बाद उसकी जमीन कब्जा कर लाखों बांग्लादेशियों को बसाने का काम कर रहे हैं यह काम लोहरदगा जिला में भी बड़ी तेजी से हो रहा है। बांग्लादेशी घुसपैठिया अवैध रूप से झारखंड में आकर अलग-अलग जिलों में योजनाबद्ध तरीके से बसाई जा रहे हैं इतना ही नहीं इनका फर्जी आधार कार्ड एवं मतदाता पहचान पत्र भी बनाया जा रहा है झारखंड सरकार वोट बैंक के लिए बांग्लादेशियों को संरक्षण देने का काम कर रही है। इसका खुलासा लोहरदगा जिला में 2020 के हुए दंगे के दौरान प्रशासन के रिपोर्ट में भी हो चुका है. लोहरदगा जिला की जितनी आबादी है उससे अधिक यहां आधार कार्ड बन गए हैं जो बतलाता है कि लोहरदगा जिला में भी हजारों बांग्लादेशी घुसपैठियों अवैध रूप से रह रहे हैं। झारखंड में आदिवासी मुख्यमंत्री होने के बावजूद यहां के आदिवासी महिलाओं एवं लड़कियों पर अत्याचार एवं शोषण हो रहा है और उसकी जमीन छीनी जा रही है,अब आदिवासी समाज के नौजवान संथाल परगना सहित पूरे झारखंड में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी घुसपैठियों भागने के लिए अपने कमर कस लिए हैं, झारखंड सरकार स्ढ्ढञ्ज का गठन कर इस मामले की जांच करें। इसकी मांग भारतीय जनता पार्टी नेता अनिल उरांव ने झारखंड सरकार से की है।

## मैट्रिक में 771 छात्र छात्राओं ने दिया गणित का परीक्षा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** झारखण्ड अविविद्य परिषद द्वारा आयोजित मैट्रिक की परीक्षा में सोमवार को गणित की परीक्षा कदाचारमुक्त व शांतिपूर्वक सम्पन्न हुआ। मैट्रिक परीक्षा कराने के लिये झारखण्ड अधिविद्य परिषद द्वारा प्रखंड क्षेत्र के दो विद्यालय नन्दलाल उच्च विद्यालय प्लस 2 अरु तथा कन्या मध्य विद्यालय सेन्हा को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। वही नन्दलाल उच्च विद्यालय प्लस 2 अरु स्थित परीक्षा केंद्र में 418 छात्र छत्राओ में से 415 तथा कन्या मध्य विद्यालय सेन्हा स्थित परीक्षा केंद्र में 359 में से 356 विद्यार्थियों ने अंग्रेजी का परीक्षा दिया। वही 777 परीक्षार्थियों में से 771 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए। केंद्राधीक्षक नैंसी सीमा लकड़ा ने जानकारी देते हुए बताया कि कदाचारमुक्त व शांतिपूर्वक परीक्षा सम्पन्न कराने के उद्देश्य से झारखण्ड अधिविद्य परिषद द्वारा प्राप्त गाइड लाइन के अनुसार परीक्षा कराया जा रहा है। परीक्षा प्रारम्भ से पूर्व सभी विद्यार्थियों का प्रवेश पत्र जांच कर छात्र छात्राओं को परीक्षा कक्ष में प्रवेश कराया जाता है। जिस निमित सोमवार को परीक्षा निर्धारित समय से प्रारम्भ हुआ। साथ ही बताया कि परीक्षा केंद्र का मुख्य द्वार पर व परीक्षा कक्ष में छात्र छात्राओं का निगरानी के लिये सीसीटीवी कैमरा लगाया गया है। और परीक्षा केंद्र के समीप निषेधज्ञा लागू है। वही प्रखंड क्षेत्र के 777 विद्यार्थियों में से 771 छात्र छात्राएं परीक्षा में उपस्थित हो अंग्रेजी का परीक्षा दिया 6 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। मौके पर कनीय अभियंता सह दंडाधिकारी राजीव कुमार, शिवशंकर उरांव शिक्षक मेराज अंसारी, शिक्षिका सुनीता देवी समेत अन्य सभी शिक्षक शिक्षिकाओं के अलावे एएसआई गोवर्धन तुरी, रामचन्द्र मांझी दल बल के साथ परीक्षा केंद्र पर मौजूद थे।

## पेसा एक्ट कानून का एकदिवसीय कार्यशाला का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** सोमवार को लोहरदगा जिला के लोहरदगा प्रखंड जोरी पंचायत भवन में पेसा एक्ट का बैठक ग्राम पहन सुखनाथ उरांव के अध्यक्षता में पेसा एक्ट कानून का एकदिवसीय कार्यशाला आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जनजाति राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री समीर उरांव उपस्थित हुए। बैठक का संचालन भारतीय जनता पार्टी के सक्रिय सदस्य पवन तिग्गा ने किया। समीर उरांव ने कहा कि पेश एक्ट 1996 लागू हो जाने से ग्रामीणों को सीधा लाभ मिल रहा है। अरविंद उरांव ने कहा कि सीएनटी में थाना क्षेत्र की बाध्यता को निरस्त किया जाए। पवन तिग्गा ने कहा कि केंद्र सरकार चुने हुए मुखिया को फंड उपलब्ध करा रही है और झारखंड के गठबंधन की सरकार मुखिया फंड में अमाउंट का ट्रांसफर नहीं कर रही है जिसके चलते गांव कस्बा में विकास की गति धीमी है। प्रार्थना सभा धर्म गुरु बंधन तिग्गा ने कहा की सभी राजनीतिक पार्टियों को सामाजिक कार्य में भाग लेना चाहिए और समाज के प्रति उत्थान का कार्य करना चाहिए चाहे आप राजनीतिक हो एंप्लॉय हो बिजनेसमैन हो किसान हो मजदूर हो आप जहां कहीं भी हैं उसके बावजूद भी समाज के लिए समय निकालना चाहिए। बैठक में दिलीप टोप्पो, आकाश भगत, लक्ष्मी नारायण भगत, भगवान दास उरांव, महावीर उरांव, घासी उरांव, देवनारायण, पुजार रंथु उरांव, रामचंद्र महतो, अमर भगत, चंद्र किशोर भगत, शिव शंकर टाना भगत, महावीर उरांव, उद्धव उरांव, सुखराम उरांव, मनीष उरांव, राजू उरांव, कबीर अंसारी, दिगंबर राम आदि उपस्थित थे।

## अलग अलग सड़क दुर्घटना में मोटरसाइकिल चालक सहित चार घायल अस्पताल में पुलिस ने कराया भर्ती

**सेन्हा-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सड़क दुर्घटना में चार लड़का घायल हो गये.सभी को पुलिस के मदद से अस्पताल में कराया गया भर्ती कराया गया। विदित हो कि देर शाम सेन्हा थाना क्षेत्र के सेन्हा डिपू के समीप एन एच 143 ए पथ पर अनियंत्रित हो मोटरसाइकिल सवार जे एच 07 जी 9054 स्प्लेंडर से गिरने पर गम्भीर रूप से जख्मी हो गया। घायल अवस्था मे युवक को गस्ती के दौरान सेन्हा पुलिस द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सेन्हा में भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिकी उपचार के पश्चात चिकित्सक द्वारा बेहतर इलाज हेतु सदर अस्पताल लोहरदगा रेफर किया गया। वही घायल की पहचान गुमला जिला अंतर्गत घाघरा थाना क्षेत्र के बुरहु ग्राम निवासी शिकवार उराँव का 18 वर्षीय पुत्र विकास उराँव के रूप में किया गया। जिसे बताया जाता है कि देर शाम अपने घर से भंडरा थाना क्षेत्र के धनामुन्जी जा रहा था उसी दौरान बक्सीडीपा डिपू के समीप जंगल मे अनियंत्री हो मोटरसाइकिल से गिर कर घायल हो गया। जबकि दूसरा घटना नेतरहाट ढाबा अरु के समीप एन एच 143 ए पथ पर स्कूटी व मोटरसाइकिल की टक्कर में मोटरसाइकिल जे एच 01 एफ एच 6218 पर सवार नगड़ा निवासी भुनेश्वर उराँव का 30 वर्षीय पुत्र अरविंद उराँव,स्वर्गीय गोवर्धन भगत का 29 वर्षीय पुत्र राम भगत तथा हजरिया उराँव का 29 वर्षीय पुत्र सीताराम उराँव सड़क दुर्घटना में घायल हो गये। जबकि स्कूटी सवार व्यक्ति पुलिस के पहुंचने से पहले ही स्कूटी ले कर फरार हो गया। फिलहाल सभी घायलों का प्राथमिक उपचार के पश्चात बेहतर इलाज हेतु सदर अस्पताल लोहरदगा भेजा गया है। ए एस आई अलबिना लकड़ा द्वारा दुर्घटना और घायलों का जायजा लेते हुए क्षतिग्रस्त मोटरसाइकिल को थाना में सुरक्षित रखा गया।

## जनता दरबार में उपायुक्त ने सुनी ग्रामीणों की समस्या, तुरंत कार्रवाई के दिये निर्देश




**सिमडेगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आम जनता के समस्याओं के समाधान और त्वरित निष्पादन को लेकर उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह के द्वारा जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस दौरान जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों ने जनता दरबार में आकर अपनी समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा। उपायुक्त ने वहां उपस्थित सभी लोगों से एक-एक कर उनकी समस्याएं सुनी एवं आश्वस्त किया कि संज्ञान में आए हुए सभी शिकायतों की जांच कराते हुए जल्द से जल्द समाधान किया जाएगा। उपायुक्त के जनता दरबार में पथ निर्माण कराने, रोजगार दिलाने, राशन वितरण हेतु डीलरशिप दिलाने एवं अन्य विषय से संबंधित मामले आए। इस दौरान उपायुक्त महोदय ने एक-एक कर मिलने आए सभी आमजनों की समस्याओं से जुड़े आवेदनों का अवलोकन कर जल्द से जल्द मामले का निष्पादन करने का भरोसा आमजनों को दिया।

## सांसद सुखदेव भगत, सिने स्टार शत्रुघ्न सिन्हा बैठक के एजेंडे पर किया आपस में विचार विमर्श



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** नई दिल्ली में आज कोयला, खान एवं इस्पात संसदीय स्थायी समिति की बैठक अध्यक्ष अनुराग ठाकुर की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में लोहरदगा लोकसभा के सांसद सुखदेव भगत, आसनसोल के सांसद सह सिने स्टार शत्रुघ्न सिन्हा, प्रदीप वर्मा, झारखंड के मुख्य सचिव अलका तिवारी, उड़ीसा के मुख्य सचिव, झारखंड के खान सचिव सहित अनेक सदस्य उपस्थित थे। बैठक में बहुत सारे महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा हुई। बैठक प्रारंभ होने से पूर्व सांसद सुखदेव भगत एवं सांसद शत्रुघ्न सिन्हा आपस में बैठक के एजेंडे पर भी चर्चा किये।

## 11 मार्च को ट्रक अनलोडर मजदूर संघ लोहरदगा में करेगी चक्का जाम : आलोक साहू

# हिंडालको दोहरी नीति अपना कर हजारों मजदूरों को किया बेरोजगार

## मजदूरों को बेरोजगार होने से उनके समक्ष भुखमरी की स्थिति उत्पन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** हिंडालको अनलोडिंग स्टेशन में आज ट्रक अनलोडर मजदूर संघ लोहरदगा की एक महत्वपूर्ण बैठक प्रेमचंद महतो की अध्यक्षता में हुई।बैठक में को मुख्य रूप से मजदूर नेता आलोक कुमार साहू उपस्थित थे। मौके पर मजदूरों ने अपनी समस्याओं से आलोक कुमार साहू को अवगत कराते हुए उन्हें न्याय दिलाने एवं मजदूरों को रोजगार उपलब्ध कराने की मांग किए। मौके पर उपस्थित मजदूरों को संबोधित करते हुये मजदूर नेता आलोक कुमार साहू ने कहा कि वह मजदूरों के द्वारा आयोजित कोई भी आंदोलन में वह उनके साथ हैं क्योंकि हिंडालको कंपनी ने दोहरे चरित्र को अपनाते हुए मजदूरों के ऊपर शोषण करने का काम किया है जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। श्री साहू ने ने कहा कि सैकड़ो ट्रक अनलोडर मजदूर विगत 17 वर्षों से यहां काम करते आ रहे हैं और हिंडाल्को कंपनी बिना मजदूरों को सूचना दिए एवं रोजगार उपलब्ध कराए बगैर चार माह से अलोडिंग स्टेशन को बंद कर दिया है जिसके कारण हजारों मजदूर प्रभावित हुए हैं। मजदूरों के समझ भुखमरी की स्थिति उत्पन्न हो गई है। मजदूर अपने बच्चों की फीस की राशि नहीं दे पा रहे हैं। देश के निर्माण में मजदूरों का बहुत बड़ा योगदान होता हैऔर हिंडाल्को मजदूरों के साथ अन्याय कर रही है जो न्याय संगत नहीं है। कंपनी प्रदूषण को लेकर अगर ट्रकों का परिचालन बंद किया है तो रोपवे से भी प्रदूषण होगा लेकिन हिंडालको ने रोपवे को बंद नहीं किया ।हिंडाल्को के दोहरे नीति से हजारों मजदूरों का रोजगार समाप्त हो गया। कंपनी को हर हाल में मजदूर का वैकल्पिक व्यवस्था कर ही अनलोडिंग स्टेशन को बंद करना चाहिए था ।किसी भी कंपनी को रोजगार उपलब्ध कराना होता है ना कि रोजगार छिनना। श्री साहू ने ने कहा कि पीठ में लात मारोगे तो चलेगा लेकिन पेट में लात मारोगे तो बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। श्री साहू ने ने मजदूरों को भरोसा दिलाया कि लोहरदगा लोकसभा के माननीय सांसद श्री सुखदेव भगत आपके सुख-दुख में आपके साथ हैं और हिंडाल्को कंपनी से वे रोजगार दिलवाने का प्रयास करेंगे और अगर जरूरत पड़ा तो वे मुख्यमंत्री एवं श्रम मंत्री से भी वार्ता करेंगे। बैठक में मजदूरों ने कहा कि दो माह पूर्व हिंडालको कंपनी को ज्ञापन देकर रोजगार उपलब्ध कराने की मांग मजदूरों ने किए था। इसी संदर्भ में अनुमंडल पदाधिकारी कार्यालय में हिंडाल्को पदाधिकारी एवं मजदूरों नेताओं से वार्ता हुआ था तो हिंडालको पदाधिकारी ने 10 दिन का समय मांगा था। अभी 20 दिन से ज्यादा बीत गया है लेकिन हिंडालको द्वारा कोई पहल नहीं किया गया इसलिए ट्रक अनलोडर मजदूर संघ बाध्य होकर दिनांक 11 मार्च को अनलोडिंग स्टेशन के समक्ष चक्का जाम करेगी जिसकी सारी जवाब देही हिंडालको प्रशासन का होगा

## विधायक भूषण बाड़ा ने सुनी प्रशिक्षु हॉकी खिलाड़ियों की समस्या, हॉकी स्टिक भी बांटे

# पानी की गंभीर समस्या को देखते हुये एक सप्ताह के अंदर बोरिंग कराने का विभाग को दिया निर्देश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** विधायक भूषण बाड़ा एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम के समीप स्थित हॉकी कार्यालय में रह रहे प्रशिक्षु हॉकी खिलाड़ियों का दर्द सुनने कार्यालय पहुंचे। मौके पर उपस्थित प्रशिक्षु हॉकी खिलाड़ियों ने बताया के उन्हें किसी प्रकार की कोई सुविधा नहीं दी गई है। हॉकी सिमडेगा द्वारा रहने के लिये कार्यालय में व्यवस्था उपलब्ध कराई गई है। लेकिन वे अपने खाने पीने की व्यवस्था स्वयं करते हैं। यहां तक की हॉकी स्टिक वगैरह भी खुद से खरीदना पड़ता है। परिसर में पानी की गंभीर समस्या है। पानी नहीं रहने के कारण अमला क्वार्टर स्थित कुएं से पानी का उपयोग करते हैं। प्रशिक्षु खिलाड़ियों ने बताया कि पूर्व में उन लोगों के रहने के लिए अल्बर्ट एक्का स्टेडियम के अंदर बने भवन में व्यवस्था दी गई थी। लेकिन यहां एक सरकारी स्कूल को शिफ्ट करते हुए हमें वहां से हटाया गया। वहां से हटाए गए वर्षों गुजर गए लेकिन उनके लिए अब तक रहने की कोई व्यवस्था नहीं कराई गई। मौके पर विधायक ने पानी की गंभीर समस्या देखते हुए दूरभाष के माध्यम से विभाग के अधिकारियों से बात की। साथ ही एक सप्ताह के अंदर बोरिंग करने का निर्देश देते हुए पेयजल की समस्या को दूर करने का सख्त निर्देश दिया। मौके पर विधायक ने प्रशिक्षु हॉकी खिलाड़ियों के बीच हॉकी स्टिक का वितरण किया। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी। साथ ही कड़ी मेहनत जारी रखते हुए अपनी खेल प्रतिभा को निखारने की अपील की। उन्होंने कहा कि खेल के हर खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का मौका दिया जा रहा है। आप सभी खिलाड़ियों को भी आगे बढ़ने के लिए कई अवसर मिलेंगे। आप खेल प्रतिभा को निखारने में मेहनत करने से न भागें। खेल के साथ साथ पढ़ाई पर भी फ़ोकस करें। विधायक ने चयन ट्रायल में शामिल महिला हॉकी खिलड़ियों से भी मुलाकात कर उन्हें खेल के कई जरूरी टिप्स भी दिए।

# अखिल भारतवर्षीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा लोहरदगा का चुनाव हुआ संपन्न

➲अध्यक्ष पद पर राजेंद्र वर्मा एवं सचिव पद पर दीपनारायण सिंह, कोषाध्यक्ष पद पर श्याम सुन्दर वर्मा हुए विजयी
➲अखिल भारत वर्षीय चंद्रवंशी क्षत्रिय का चुनाव में लोकतंत्र विजयी हुआ : राजकुमार वर्मा
➲ये जीत सिर्फ मेरी जीत नहीं बल्कि चंद्रवंशी समाज की जीत है : राजेंद्र वर्मा





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** अखिल भारतवर्षीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा के तत्वाधान में लोहरदगा चंद्रवंशी समाज का चुनाव यदुवीर चंद्रवंशी धर्मशाला में मतदान के द्वारा हुआ। इस अवसर पर चुनाव पर्वेक्षक राजकुमार वर्मा, निश्चय वर्मा, शशि वर्मा, संजू वर्मा और राजू वर्मा ने सभी चंद्रवंशी समाज के मतदाताओं जिनकी उम्र 18 वर्ष से ऊपर थी उसका अपना आधार कार्ड दिखा कर मतदान कराया गया। सुबह से ही ग्रामीण क्षेत्रों के मतदाताओं में काफ़ी उत्साह देखा गया और दोपहर तक ग्रामीण क्षेत्र के चंद्रवंशी समाज की कतार में मतदान करते देखे गए मतदान की विशेषता रही की महिलाएँ पुरुषों से ज्यादा मतदान किया और दोपहर के बाद शहरी मतदाताओं द्वारा मतदान किया गया। मतदान अवधि सुबह 8 बजे से 3 बजे अपराह्न तक होने के कारण बहुत सारे शहरी मतदाता मतदान नहीं कर पाए चुंकि तीन बजे के बाद मतदाता मतदान करने गए थे शायद उन्हें विधायक और सांसद चुनाव का समय अवधि 5 बजे तक का ज्ञात होगा। लेकिन ये मतदाता मायूस हो गए चुनाव पर्यवेक्षक गण ने कहा की चुनाव में पारदर्शिता अपनायी गयी और निष्पक्ष चुनाव संपन्न कराने में सभी उम्मीदवार का भरपूर सहयोग प्राप्त हुआ वहीं चंद्रवंशी समाज के लोगों की एकजुटता ने साबित किया की चुनाव भले कोई जीता या हारा लेकिन चंद्रवंशी समाज की उत्साह और भारी संख्या में ग्रामीण मतदाताओं का मतदान में शामिल होना साबित करता है की चंद्रवंशी समाज और लोकतंत्र की जीत हुआ है। इस अवसर पर राजकुमार वर्मा और निश्चय वर्मा ने कहा की चंद्रवंशी समाज की आबादी लगभग 8 हजार है और चंद्रवंशी समाज की मतदान में भारी संख्या में चंद्रवंशी समाज के ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्र के मतदाताओं की भीड़ ने साबित किया की चुनाव में लोकतंत्र और चंद्रवंशी समाज की जीत हुआ है और चंद्रवंशी समाज ज्यादा एकजुट हुआ है अब हमलोग कार्य योजना बना कर विजयी और पराजित उम्मीदवारों के साथ बनाया जायेगा ताकि समाज एकजुट और मजबूत हो सके। ज्ञातव्य हो की पूर्व मंत्री सधनु भगत द्वारा 5 लाख रुपैया चंद्रवंशी धर्मशाला निमित्त 2004-2005 में दिया गया था तब तत्कालीन अध्यक्ष स्वर्गीय त्रिवेणी राम और सचिव किशोर कुमार वर्मा तथा स्वर्गीय इंद्रजीत सिंह, रामोतार वर्मा, सुरेन्द्र वर्मा, सुरेश चंद्र वर्मा, स्वर्गीय मोहन राम वर्मा, स्वर्गीय बालकिशोर राम, स्वर्गीय कृष्णा राम वर्मा, मनिन्द्र प्रसाद, कनक वर्मा, भोला राम वर्मा, स्वर्गीय पारस राम वर्मा, सुरेंद्र वर्मा, लखन वर्मा की अहम् भूमिका रही थी, जिनके नेतृत्व में यदुवीर चंद्रवंशी धर्मशाला का निर्माण हो सका था लेकिन आज धर्मशाला की जीर्णोद्धार की सख्त आवस्यकता है। इस अवसर पर मतदान करने आये वरीय अधिवक्ता मुनीन्द प्रसाद ने कहा की चुनाव स्थल पर आने पर महसूस हुआ की चंद्रवंशी समाज ज्यादा जागरूक हुआ है हमलोग का मनोबल ऊँचा है व्यक्तित्व के हिसाब से देश हीत में चंद्रवंशी समाज हमेशा खड़ा रहा है आगे भी खड़ा रहेगा। इस अवसर पर अकाशी गाँव के शम्भू वर्मा जो 79 वर्ष के है ने मतदान करते देखे गए और उत्साह में भीं कमी नहीं देखा गया उन्होंने कहा की कोई जीते हारे लेकिन जीतेगा समाज ही चुंकि सभी अपने ही रिस्तेदार है वहीं 79 वर्षीय हेंडलासो गांव निवासी चमर राम ने भी अपना मतदान किया और कहा की समाज में अब ग्रामीण भी जुटेंगे और समाज को मजबूत करेंगे। विजयी अध्यक्ष राजेंद्र वर्मा ने कहा की ये सिर्फ मेरी जीत नहीं बल्कि चंद्रवंशी समाज की जीत है। वहीं सचिव पद के विजयी प्रत्याशी दीप नारायण सिंह ने कहा की समाज को एकजुट करने का प्रयास करेंगे, वहीं श्यामसुंदर वर्मा ने कहा की चुनाव में जो भी प्रचार सुप्रचार हुआ है उसे भूल जाना है और आगे की एकता पर सिर्फ विचार करना चाहिए।

## चलते चलते एक नजर

### नीतीश सरकार का बजट समृद्ध बिहार के संकल्पना को मूर्त रूप देगा : कुशवाहा

**पटना :** जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने नीतीश सरकार द्वारा पेश किए गए बजट 2025-26 को सर्वस्पर्शी, समावेशी और लोक-कल्याणकारी बताया है। सोमवार को उन्होंने यहां कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कुशल और दूरदर्शी नेतृत्व में शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, बिजली, कृषि, उद्योग, अधो-संरचना निर्माण, रोजगार सृजन और युवा कल्याण सहित तमाम क्षेत्रों के लिए बजट में महत्वपूर्ण घोषणाएं की गई हैं, जो कि प्रदेश के विकास को अभूतपूर्व गति प्रदान करेगा।प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 3 लाख 17 हजार करोड़ रुपये का बजट पेश किया गया है, जो कि वित्तीय वर्ष 2005-06 से 17 गुणा अधिक है। बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड के लिए एक हजार करोड़ का राशि तय किया गया है, जिससे आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों को उच्च शिक्षा से जोड़ने में कारगर साबित होगा। छात्रों को मिलने वाली प्री-मैट्रिक छात्रवृति दर को दोगुना करने का निर्णय ऐतिहासिक और सराहनीय है। साथ ही अनुसूचित जाति-जनजाति छात्रवास अनुदान को भी दोगुना किया गया है।उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा कि प्रदेश के बड़े शहरों में पिंक बस सर्विस शुरू होगी, जिसमें सवारी, ड्राइवर और कंडक्टर महिलाएं होंगी। महिला चालकों को ई-रिक्शा और दो पहिया गाड़ी खरीदने के लिए भी सरकारी अनुदान दिया जाएगा। इसके साथ ही आधी आबादी की सामाजिक सुरक्षा को देखते हुये कामकाजी महिलाओं के लिए हॉस्टल बनाए जाएंगे एवं आर्थिक सशक्तिकरण हेतु महिला हाट की स्थापना का कदम स्वागतयोग्य है।उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा कि जनआकांक्षाओं के अनुरूप ऐतिहासिक बजट के लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उप-मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी सहित राज्य सरकार एवं समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई। उन्होंने कहा कि बजट में बिहार के सर्वांगीण विकास का ठोस विजन और मिशन साफ तौर से नजर आता है। हमें पूरा विश्वास है कि विकसित बिहार के निर्माण के स्वप्न और संकल्प को पूर्ण करने में यह बजट महत्वपूर्ण कड़ी साबित होगा।

### अरावली में जल्द शुरू होगी जंगल सफारी: राव

**रेवाड़ी :** हरियाणा के वन मंत्री राव नरबीर ने कहा कि अरावली में जल्द ही जंगल सफारी शुरू करवाई जाएगी। जिसकी डीपीआर तैयार करवाई जा रही है। डीपीआर तैयार होने के बाद सुप्रीम कोर्ट से परमिशन ली जाएगी। वहां से परमिशन मिलते ही प्रदेश में जंगल सफारी करवाई जाएगी। वन मंत्री राव नरबीर सोमवार को झाबुआ जंगल में आयोजित विश्व वन्यजीव दिवस के मौके पर कार्यक्रम में बोल रहे थे। इस मौके पर मंत्री ने ब्रीडिंग सेंटर से चार नर और मादा मोर भी छोड़े। राव नरबीर ने कहा कि यहां पर नए पक्षियों के छोड़ने पर भी चर्चा की जाएगी। जंगल सफारी अरावली क्षेत्र में शुरू होने से यहां के लोगों का काफी फायदा होगा। यहां पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा ही साथ में विभाग की आमदनी भी बढ़ सकती है।उन्होंने कहा कि हरियाणा प्रदेश की जनता ने जिस प्रकार से भारतीय जनता पार्टी की नीतियों व धरातल पर उनके क्रियान्वयन में विश्वास जताया है। उसे देखते हुए यह कह सकते हैं कि 12 मार्च को जब जनता जनार्दन का फैसला आएगा।

# कल्पना सोरेन से मुलाकात कर अविनाश ने दी जन्मदिन की बधाई

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** झारखंड माटी कला बोर्ड के पूर्व सदस्य सह संत मरियम आवासीय विद्यालय के चैयरमेन व झामुमो के वरिष्ठ नेता अविनाश देव ने सोमवार को गांडेय विधायक कल्पना सोरेन से मुलाकात कर उन्हें जन्मदिन की बधाई दी।इस दौरान अविनाश देव ने श्रीमति सोरेन को हेमंत सरकार के नेतृत्व में महिला सशक्तिकरण को लेकर किये गये कार्य पर चर्चा की। कहा कि सरकार के इस प्रयास का साकारात्मक असर देखने को मिल रहा हैं।साथ ही श्री देव ने विधायक कल्पना सोरेन को पलामू में आने का न्यौता दिया। इस पर कल्पना सोरेन ने भरोसा दिलाया कि जल्द ही वह पलामू आयेगी और संत मरियम आवासीय विद्यालय के कार्यक्रम में भाग लेंगी। उन्होंने कहा कि स्कूल के आयोजन में बच्चों के बीच जा कर उन्हें भी बेहद खुशी मिलेगी। श्री देव ने कहा कि यह भी एक सुखद संयोग है जब कल्पना सोरेन को जन्मदिन के दिन ही राज्य का अबुआ बजट आया है, जो राज्य को नयी दिशा देगा।विकास की गति पूरी रफ्तार पकड़ेगा। अविनाश देव ने कहा कि झारखंड का अबुआ बजट सभी के हित के लिए है। इस बजट में सभी वर्गों का ध्यान रखा गया है। उन्होंने कहा कि इस बजट से झारखंड का सर्वांगीण विकास होगा। अविनाश देव ने कहा कि बजट में ग्रामीण विकास, स्वास्थ्य, शिक्षा सहित सभी सेक्टर पर विशेष ध्यान दिया गया है।



# अमर्त्य सेन ने की बांग्लादेश में हिंदू उत्पीड़न की तीखी निंदा

एजेंसी

**कोलकाता:** बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर अत्याचार, मंदिरों में तोड़फोड़, हत्याओं और दुष्कर्म की बढ़ती घटनाओं पर नोबेल पुरस्कार विजेता अर्थशास्त्री अमर्त्य सेन ने गहरी चिंता जताई है। उन्होंने बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ हो रहे हमलों की कड़ी आलोचना करते हुए साफ कहा कि इन घटनाओं के लिए कट्टरपंथी संगठन जमात-ए-इस्लामी जिम्मेदार है। साथ ही उन्होंने मौजूदा यूनुस सरकार की भूमिका पर भी सवाल उठाए हैं। अमर्त्य सेन के इस बयान के बाद बांग्लादेश में कट्टरपंथी संगठन आगबबूला हो गए हैं और उन पर तीखे हमले कर रहे हैं। अमर्त्य सेन ने कहा कि बांग्लादेश की मौजूदा स्थिति उन्हें गहरी चिंता में डालती है। मैं बंगाली हूं और बचपन में मैंने ढाका में कई साल बिताए हैं। मेरी पढ़ाई की शुरुआत भी वहीं से हुई थी। मेरे लिए यह जगह हमेशा खास रही है, लेकिन आज बांग्लादेश की स्थिति बेहद खराब है। वहां अल्पसंख्यकों की सुरक्षा को लेकर गंभीर खतरा है। सरकार मौजूदा चुनौतियों से कैसे निपटेगी, इसे लेकर मैं भी बाकी लोगों की तरह चिंतित हूं। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश में कभी जमात-ए-इस्लामी जैसी ताकतों पर लगाम थी, लेकिन अब हालात बदल चुके हैं। आज वहां हिंदू समुदाय पर हमले हो रहे हैं, मंदिर तोड़े जा रहे हैं और सरकार मौन है। सेन ने कहा कि हिंदुओं की सुरक्षा के लिए, बांग्लादेश की एक गौरवशाली परंपरा रही है। लेकिन अब जिस तरह अल्पसंख्यकों पर अत्याचार हो रहे हैं, वह बर्दाश्त के काबिल नहीं है।

# केंद्र की मदद के बिना हिमाचल सरकार के लिए कर्मचारियों को सैलरी-पेंशन देना भी मुश्किल : सांसद

एजेंसी

**शिमला :** भाजपा सांसद सुरेश कश्यप ने केंद्र सरकार की आर्थिक मदद को लेकर प्रदेश सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि हिमाचल सरकार वर्तमान में पूरी तरह से केंद्र की सहायता पर निर्भर है। यदि केंद्र सरकार आर्थिक मदद न करे तो प्रदेश सरकार अपने कर्मचारियों को वेतन और पेंशन देने में भी सक्षम नहीं होगी। उन्होंने प्रदेश सरकार द्वारा मंदिरों के धन को सरकारी योजनाओं में इस्तेमाल करने की मंशा को चिंताजनक और दुर्भाग्यपूर्ण बताया।सांसद कश्यप ने सोमवार को शिमला में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक की अध्यक्षता की। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों से केंद्र प्रायोजित योजनाओं की प्रगति रिपोर्ट ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में विभिन्न विकास कार्यों की समीक्षा की गई, जिसमें प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की धीमी प्रगति पर भी चिंता जताई गई। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने चौथे चरण की शुरुआत कर दी है, लेकिन प्रदेश में अब तक पहले और दूसरे चरण के कार्य भी अधूरे पड़े हैं। सांसद कश्यप ने कहा कि केंद्र सरकार ने हिमाचल को विशेष राज्य का दर्जा दिया है, जिसके तहत 90:10 के अनुपात में आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार यह दावा कर रही है कि उसे केंद्र से पर्याप्त मदद नहीं मिल रही, जबकि सच्चाई यह है कि हिमाचल को लगातार केंद्र से आर्थिक सहयोग मिल रहा है। उदाहरण के तौर पर, हाल ही में शिमला संसदीय क्षेत्र की कुफरी-चायल सड़क के लिए केंद्र सरकार ने 53 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार ने अब ट्रेजरी के माध्यम से फंड जारी करने के बजाय योजनाओं को सीधे वित्त पोषण करने का निर्णय लिया है। इससे विकास परियोजनाओं को गति मिलेगी और धन के दुरुपयोग पर भी अंकुश लगेगा।



# आईपीएल 2025 : अजिंक्य बने केकेआर के कप्तान

एजेंसी

**नई दिल्ली :** कोलकाता नाइट राइडर्स ने आगामी टाटा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 सीजन के लिए अनुभवी बल्लेबाज अजिंक्य रहाणे को कप्तान और वेंकटेश अय्यर को उपकप्तान नियुक्त करने की घोषणा की है। टीम प्रबंधन को उम्मीद है कि रहाणे का अनुभव और अय्यर की आक्रामकता मिलकर केकेआर को एक मजबूत नेतृत्व प्रदान करेगी। केकेआर के सीईओ वेंकी मैसूर ने फ्रेंचाइजी को ओर से जारी एक बयान में कहा,हम अजिंक्य रहाणे जैसे अनुभवी खिलाड़ी को टीम की कमान सौंपकर बेहद खुश हैं। वह अपने साथ परिपक्वता और शानदार नेतृत्व गुण लेकर आते हैं। वहीं, वेंकटेश अय्यर लंबे समय से केकेआर का अहम हिस्सा रहे हैं और उनमें नेतृत्व के कई गुण हैं। हमें पूरा विश्वास है कि दोनों मिलकर टीम को सही दिशा में आगे बढ़ाएंगे और खिताब की रक्षा करेंगे। कप्तान बनाए जाने पर अजिंक्य रहाणे ने खुशी जताते हुए कहा,केकेआर जैसी सफल फ्रेंचाइजी का नेतृत्व करना मेरे लिए सम्मान की बात है। हमारी टीम संतुलित और प्रतिभाशाली है और मैं सभी खिलाड़ियों के साथ मिलकर इस चुनौती का सामना करने के लिए तैयार हूं। हमारा लक्ष्य खिताब की रक्षा करना है और इसके लिए हम पूरी मेहनत करेंगे। केकेआर की टीम 22 मार्च को अपने घरेलू मैदान ईडन गार्डन्स में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी। टीम प्रबंधन को उम्मीद है कि नए नेतृत्व के साथ केकेआर एक मजबूत शुरुआत करेगी।



# बोर्ड की परीक्षाएं नकल रहित करवाने को लेकर डीसी ने की बैठक

एजेंसी

**फरीदाबाद :** जिला में चल रही बोर्ड परीक्षाएं शांतिपूर्ण एवं नकल रहित संपूर्ण करवाने को लेकर सोमवार को डीसी विक्रम सिंह ने लघु सचिवालय स्थित सभागार में गांवों के सरपंचों के साथ बैठक की। बैठक में डीसी विक्रम सिंह ने सरपंचों से गांवों में बने परीक्षा केंद्रों के बारे में जानकारी लेते हुए आग्रह किया कि वे अपने गांवों में बने परीक्षा केंद्रों पर नकल रहित परीक्षाएं करवाने में अपना सहयोग दें। यदि कोई व्यक्ति नकल करवाते हुए पाया जाता है तो उसको पुलिस के हवाले करें। उन्होंने कहा कि यह हमारी नैतिक जिम्मेदारी बनती है कि हम इन परीक्षा को सही ढंग से होने दें, ताकि बच्चों का अच्छा भविष्य हो। बैठक के उपरांत डीसी विक्रम सिंह ने पुलिस आयुक्त सत्येंद्र कुमार गुप्ता के साथ जिला में बनाए गए परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण भी किया। डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि जिला प्रशासन नकल रोकने एवं पेपर लीक के मामलों को लेकर जीरो टॉलरेंस की नीति से काम कर रहा है। यदि कोई अधिकारी नकल कराने के मामलों में संलिप्त पाया जाता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। बैठक में उपस्थित सरपंचों ने बताया कि उनको प्रशासन से पूरा सहयोग मिल रहा है और नकल रहित परीक्षा कराने के लिए वह जिला प्रशासन के साथ खड़े हैं। डीसी ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि पुलिस अपना काम मुस्तैदी से करे और गांवों में फ्लैग मार्च निकालने के साथ लोगों को जागरूक करें। उन्होंने कहा कि परीक्षा केंद्रों में विद्यार्थियों के अलावा और कोई अन्य व्यक्ति नजर न आए, पुलिस अधिकारी इस बात का विशेष ध्यान रखें। उन्होंने अधिकारियों को आदेश दिए की वह स्वयं परीक्षा केंद्रों पर जाकर स्थिति का जायजा लें और बोर्ड परीक्षा बिना किसी अड़चन के संपूर्ण हो, इसको लेकर सभी जरूरी व्यवस्थाएं होना सुनिश्चित करें। बैठक में एडीसी साहिल गुप्ता, डीसीपी कुलदीप सिंह, डीसीपी उषा, एसडीएम बडखल त्रिलोक चंद, एसडीएम फरीदाबाद शिखा, एसडीएम बल्लभगढ़ मयंक भरद्वाज व अन्य अधिकारियों सहित विभिन्न गांवों के सरपंच मौजूद रहे।डीसी विक्रम सिंह ने पुलिस आयुक्त सत्येंद्र कुमार गुप्ता के साथ विभिन्न स्कूल भवनों में बनाए गए परीक्षा केंद्रों का दौरा कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।



### कोलकाता में गंगा-पद्मा जल बंटवारा को लेकर हुआ बैठक

**कोलकाता :** बांग्लादेश में भारत विरोधी माहौल और लगातार तीखी टिप्पणियों के बीच गंगा-पद्मा जल बंटवारे पर चर्चा के लिए बांग्लादेश का 11 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल पांच दिवसीय दौरे पर पश्चिम बंगाल पहुंचा है। मोहम्मद अबुल हुसैन के नेतृत्व में आए इस दल के दौरे को दोनों देशों के कूटनीतिक संबंधों और भविष्य की जल प्रबंधन नीति के लिहाज से बेहद अहम माना जा रहा है। भारत और बांग्लादेश के बीच वर्ष 1996 में गंगा-पद्मा जल बंटवारा समझौता हुआ था। इस समझौते की अवधि 30 वर्ष की थी, जो 2026 में समाप्त हो जाएगी। ऐसे में इस बैठक को समझौते की समीक्षा और संभावित संशोधन की तैयारी के रूप में देखा जा रहा है। पिछले कुछ वर्षों से बांग्लादेश गर्मियों के मौसम में फरक्का बैराज से पर्याप्त पानी न मिलने की शिकायत करता रहा है। हालांकि भारत का कहना है कि पानी के प्रवाह में उतार-चढ़ाव मौसमी और प्राकृतिक कारणों से होता है।

# पांच दिवसीय अनुवाद प्रशिक्षण कार्यशाला शुरू

एजेंसी

**प्रयागराज :** इलाहाबाद विश्वविद्यालय एवं नराकास, प्रयागराज कार्यालय 2 के कार्मिकों हेतु इफ्रेवि के तिलक भवन में पांच दिवसीय संक्षिप्त अनुवाद प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारम्भ किया गया। 07 मार्च तक चलने वाली इस कार्यशाला में अनुवाद के व्यवहारिक एवं सैद्धान्तिक पक्ष की बारीकियां सिखाई जाएंगी। यह आयोजन केंद्रीय अनुवाद ब्यूरो, नई दिल्ली और राजभाषा अनुभाग, इलाहाबाद विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित है। इस अवसर पर केंद्रीय अनुवाद ब्यूरो, गृह मंत्रालय,नई दिल्ली से विषय विशेषज्ञ जनवारियूस तिर्की एवं लेखा सरीन ने केंद्रीय अनुवाद ब्यूरो की कार्य संस्कृति, कार्ययोजना और कार्यप्रणाली के बारे में तथा अनुवाद सम्बंधी चुनौतियों पर बात की। लेखा सरीन ने कहा कि अनुवाद सिखाया नहीं जा सकता। अनुवाद सभी को जोड़ने का काम करता है। संसद से सड़क तक एक पुल का काम अनुवाद करता है। हर व्यक्ति के अंदर अनुवादक के गुण होते हैं। आवश्यकता होती है तो उसे निखारने की। इन पांच दिनों में हम अनुवाद तो नहीं सिखा सकते लेकिन ये विश्वास आपको दिलाते हैं कि आप भाषा की नई तकनीक, व्यवहार और नित नए भाषा सम्बंधी आविष्कारों से परिचित होंगे तथा इससे आपके कार्यालयीन कार्य में मदद मिलेगी। भाषाओं के क्षेत्र में में जो नित्य नए प्रयोग हो रहे हैं वह इन कार्यशालाओं के माध्यम से आप तक पहुंचते हैं। कार्यशालाएं नवाचार को प्रतिभागियों तक पहुंचाने का माध्यम है। दिल्ली से आए अनुवाद विशेषज्ञ जनवारियूस तिर्की ने कहा कि कार्य व्यवहार में अनुवाद की भूमिका महत्वपूर्ण है। अनुवाद में भी संगीत होता है बस उसे महसूस करना आना चाहिए। 'बरगद कला मंच' के विद्यार्थियों इशिता, कार्तिकेय तिवारी और संजय मौर्य ने सरस्वती वंदना और भजन की प्रस्तुति दी। संचालन करते हुए हिन्दी अधिकारी प्रवीण श्रीवास्तव ने पांच दिवसीय कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत किया।



# केन्द्र सरकार आदिवासियों के अधिकारों संरक्षित करे : कांग्रेस



एजेंसी

**नई दिल्ली :** कांग्रेस ने केंद्र सरकार से आदिवासियों के अधिकारों को सुनिश्चित करने की मांग की है। इसके साथ ही जल-जंगल-जमीन की लड़ाई लड़ रहे लोगों की मांगें स्वीकार करने, गोंडी भाषा को आठवीं अनुसूची में शामिल करने और 9 अगस्त को सार्वजनिक अवकाश घोषित किए जाने की मांग की है। आदिवासी कांग्रेस के अध्यक्ष एवं झाबुआ के विधायक डा. विक्रांत भूरिया ने आज यहां कांग्रेस मुख्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि देश के 12 करोड़ आदिवासियों के संवैधानिक अधिकारों का हनन किया जा रहा है। वन अधिकार अधिनियम आदिवासियों को जंगलों पर अधिकार देता है लेकिन असलियत में आदिवासियों को किसी तरह के अधिकार नहीं मिल रहे हैं। भूरिया ने आरोप लगाया कि मध्य प्रदेश में सरकार 40ह वनों को निजी कंपनियों को देने की तैयारी है। नतीजतन, वहां के आदिवासियों को जंगल की उन जमीन से बेदखल कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि हसदेव जंगल (छत्तीसगढ़) में वन अधिकार अधिनियम के उल्लंघन का सबसे बड़ा उदाहरण देखने को मिल रहा है। वहां अभी तक 1 लाख पेड़ों को काटा जा चुका है और आगे खनन के लिए 2.5 से 3 लाख पेड़ों को और काटा जाएगा।उन्होंने एनसीआरबी के आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि पूरे देश में आदिवासियों के खिलाफ सबसे ज्यादा अत्याचार मध्य प्रदेश में हो रहा है, जिसके बाद राजस्थान और ओडिशा का नंबर आता है। मप्र के सीधी, नीमच, झाबुआ और नेमावर में आदिवासियों के साथ ज्यादती की घटनाओं की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि जमीनी हकीकत यही है कि देश में आदिवासियों को न्याय नहीं मिल रहा है। उन्होंने भोपाल में एक नाबालिग आदिवासी के साथ लोक रंग कार्यक्रम में दुष्कर्म की घटना का जिक्र करते हुए कहा कि उस मामले में एफआईआर दर्ज कराने के लिए 600 किमी दूर मऊगंज उसके घर जाना पड़ा।

### सुप्रीम कोर्ट ने रणबीर इलाहाबादिया को दी शो शुरू करने की सशर्त इजाजत

**नई दिल्ली :** सुप्रीम कोर्ट ने रणबीर इलाहाबादिया को राहत दी है। जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली बेंच ने रणबीर इलाहाबादिया को अपना शो करने की सशर्त इजाजत दे दी है। कोर्ट ने रणवीर को अंडरटेकिंग देने को कहा कि वो अपने शो में नैतिकता का स्तर बनाये रखेगा ताकि सभी उम्र के लोग उस शो को देख सकें। कोर्ट ने कहा कि ये राहत इसलिए दी गई है, क्योंकि इस शो से 280 लोगों की आजीविका जुड़ी है।सुप्रीम कोर्ट ने एक और यूट्यूबर समय रैना का बिना नाम लिए आड़े हाथों लेते हुए कहा कि एक आरोपित कनाडा जाकर अदालती कार्यवाही का मजाक बना रहा है। ये नई पीढ़ी के लड़के को ओवर स्मार्ट बनाते हैं। उसे नहीं पता कि कोर्ट के पास कितनी शक्तियां हैं। वो जिम्मेदार की तरह पेश आए, अन्यथा हम जानते हैं कि ऐसे लोगों से कैसे पेश आना है।

# साइबरस्पेस में महिलाओं की सुरक्षा को लेकर एनसीडब्ल्यू सौंपेगा कानून मंत्रालय को सुझाव

एजेंसी

**नई दिल्ली :** राष्ट्रीय महिला आयोग के तत्वावधान में आयोजित महिलाओं के लिए साइबर कानून पर दो दिवसीय परामर्श सम्मेलन का सोमवार को समापन हो गया। दिल्ली के विज्ञान भवन में रविवार से चल रहे इस सम्मेलन में साइबरस्पेस में महिलाओं के लिए कानूनी सुरक्षा उपायों को मजबूत करने के लिए एनसीडब्ल्यू की प्रतिबद्धता की पुष्टि की गई। एनसीडब्ल्यू 205 सुझाव कानून मंत्रालय को भेजेगा।इस मौके पर केंद्रीय विधि एवं न्याय राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) अर्जुनराम मेघवाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता एनसीडब्ल्यू अध्यक्ष विजया रहाटकर ने की। सम्मेलन में कानूनी पेशेवरों, कानून प्रवर्तन अधिकारियों, साइबर सुरक्षा विशेषज्ञों और नीति निर्माताओं ने भाग लिया। इस पहल के हिस्से के रूप में देशभर में आठ क्षेत्रीय परामर्श सम्मेलन आयोजित किए गए, जिसमें 150 से अधिक विशेषज्ञ शामिल हुए और 300 से अधिक सिफारिशें आईं।एनसीडब्ल्यू ने बताया कि कानूनी विशेषज्ञों द्वारा 300 सिफारिशों की सावधानीपूर्वक समीक्षा की गई और 205 प्रमुख सिफारिशों का चयन किया गया। सम्मेलन सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम-2000, भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, भारतीय साक्ष्य अधिनियम, पीओएसएच अधिनियम और महिलाओं के अश्लील प्रतिनिधित्व (निषेध) अधिनियम सहित कानूनी ढांचे को मजबूत करने पर केंद्रित था। साइबरस्पेस के बारे में कानूनी जागरूकता की तत्काल आवश्यकता को पहचानते हुए एनसीडब्ल्यू ने साइबर सहेली नामक एक पुस्तिका भी लॉन्च की। इसका उद्देश्य महिलाओं को उनके अधिकारों, निवारण तंत्र और डिजिटल सुरक्षा उपायों के बारे में शिक्षित करना है। एनसीडब्ल्यू ने इन सिफारिशों को समेकित कर दिया है और अब उन्हें आवश्यक कानूनी सुधारों के लिए कानून और न्याय मंत्रालय को भेज दिया जाएगा।

